✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



मधेपुरा में सुरसर नदी का जलस्तर बढ़ने से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 139 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 15 अक्टूबर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

### भाजपा ने जारी की 71 उम्मीदवारों की पहली सूची, 10 विधायकों का टिकट काटा, सभी दिग्गजों को मिला टिकट

## सामाजिक न्याय व महिलाओं पर ध्यान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भाजपा ने आज बिहार विधानसभा चुनाव के लिए 71 उम्मीदवारों की अपनी पहली लिस्ट जारी कर दी। पार्टी ने सामाजिक समीकरणों का ध्यान रखते हुए हर जाति, हर वर्ग के उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। किसी भी दूसरे समीकरण की बजाय उम्मीदवारों के केवल जिताऊ होने पर ध्यान दिया है। पार्टी ने केवल साफ-स्वच्छ छवि के नेताओं को अवसर देकर साफ कर दिया है कि उसका बड़ा मुद्दा भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई ही रहेगा। भाजपा ने पहली सूची में सभी स्थानीय बड़े नेताओं को अवसर दिया है। सम्राट चौधरी, तारकिशोर और मंगल पांडेय सहित सभी बड़े नेताओं पर दांव लगाया है। विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव का टिकट काटकर पार्टी ने स्पष्ट संकेत दे दिया है कि उम्र को लेकर उसकी नीति आगे चलती रहेगी। पहली सूची में भाजपा ने नौ विधायकों का टिकट काट दिया है लेकिन नौ महिलाओं को टिकट दिया गया है। पार्टी द्वारा जारी सूची के अनुसार बेतिया से रेणु देवी, रक्सौल से प्रमोद कुमार सिन्हा, पिपरा से श्यामबाबू प्रसाद यादव, मधुबन से राणा रणधीर सिंह, मोतिहारी से प्रमोद कुमार, ढाका से पवन जायसवाल, रीगा से



बैद्यनाथ प्रसाद, बथनाहा से अनिल कुमार राम, परिहार से गायत्री देवी, सीतामढ़ी से सुनील कुमार पिंटू, बेनीपट्टी से विनोद नारायण झा, खजौली से अरुण शंकर प्रसाद, बिस्फी से हरिभूषण ठाकुल बचौल को टिकट दिया गया है। वहीं राजनगर से सुजीत पासवान, झंझारपुर से नीतीश मिश्रा, छातापुर से नीरज कुमार बबलू, नरपतगंज से देवंती यादव, फारबिसगंज से विद्या सागर केसरी, सिकटी से विजय कुमार मंडल, किशनगंज से स्वीटी सिंह, बनमनखी से कृष्ण कुमार ऋषि, पूर्णिया से विजय कुमार खेमका, कटिहार से तारकिशोर प्रसाद, प्राणपुर से निशा सिंह, कोढ़ा से कविता देवी, सहरसा से आलोक रंजन झा, गौरा-बौराम से सुजीत कुमार सिंह और दरभंगा से संजय सरावगी को टिकट मिला है। इसी प्रकार केवटी से मुरारी मोहन झा, जाले से जिबेश कुमार मिश्रा, औराई से रमा निषाद, कुढ़नी से केदार प्रसाद गुप्ता, बरुराज से अरुण कुमार सिंह, साहेबगंज से राजू कुमार सिंह, बैकुंडपुर से मिथिलेश तिवारी, सिवान से मंगल पांडे, दरौंदा से कर्णजीत सिंह, गोरेयाकोठी से देवेश कांत सिंह, तरैया से जनक सिंह, अमनौर से कृष्ण कुमार मंटू, हाजीपुर से अवधेश सिंह, लालगंज से संजय कुमार सिंह, पातेपुर से लखेंद्र कुमार रौशन, मेहिउद्दीननगर से राजेश कुमार सिंह, बछवारा से सुरेंद्र मेहता, तेघरा से रजनीश कुमार और बेगूसराय से कुंदन कुमार को बीजेपी का उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं भागलपुर से रोहित पांडेय, बांका से रामनारायण मंडल, कटोरिया (एसटी) से पूरण लाल टुडू, तारापुर से सम्राट चौधरी, मुंगेर से कुमार प्रणय, लखीसराय से विजय कुमार सिन्हा, बिहारशरीफ से सुनील कुमार, दीघा से संजीव चौरसिया, बांकीपुर से नितिन नबीन, कुम्हरार से संजय गुप्ता, पटना साहिब से रत्नेश कुशवाहा, दानापुर से रामकृपाल यादव, बिक्रम से सिद्धार्थ सौरव, बड़हरा से राघवेंद्र प्रताप सिंह, आरा से संजय सिंह टाइगर और तरारी से विशाल प्रशांत को टिकट मिला है। इसी प्रकार अरवल से मनोज शर्मा, औरंगाबाद से त्रिविक्रम सिंह, गुरुआ से उपेंद्र दांगी, गया शहर से प्रेम कुमार, वजीरगंज से बीरेंद्र सिंह, हिसुआ से अनिल सिंह, वारसलीगंज से अरुणा देवी और जमुई से श्रेयसी सिंह को भारतीय जनता पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है।

## दारोगा ने सर्विस रिवॉल्वर से खुद को मारी गोली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के राजगीर थाने में पदस्थापित एएसआई सुमन तिर्की ने अपनी सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। यह घटना थाना परिसर स्थित बैरक में हुई जहां गोली की आवाज सुनते ही अन्य पुलिसकर्मी दौड़ पड़े। मौके पर पहुंचे सहकर्मियों ने सुमन को खून से लथपथ अवस्था में जमीन पर पड़ा देखा। आनन-फानन में उन्हें राजगीर अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की प्रारंभिक जांच में पारिवारिक कलह को आत्महत्या का मुख्य कारण माना जा रहा है। राजगीर डीएसपी सुनील कुमार ने बताया कि सुमन तिर्की झारखंड के गुमला जिले के धाबरा थाना अंतर्गत बिहार भटौली गांव के निवासी थे। वे सुशील तिर्की के पुत्र थे और डायल 112 आपातकालीन सेवा में कार्यरत थे। पिछले एक वर्ष से राजगीर थाने में तैनात सुमन की उम्र करीब 30 वर्ष बताई जा रही है। डीएसपी ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह पारिवारिक विवाद से प्रेरित लग रहा है। घटना की सूचना मिलते ही जिला पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। वरीय अधिकारियों को सूचित करने के बाद मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संग्रह का कार्य शुरू कर दिया। सुमन का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। थाने के बैरक क्षेत्र को सील कर दिया गया है ताकि कोई महत्वपूर्ण सुराग न छूटे। पुलिस ने सर्विस रिवॉल्वर और अन्य सामान को जब्त कर लिया है। डीएसपी सुनील कुमार ने कहा कि जांच पूरी निष्पक्षता से की जाएगी। पुलिस ने सुमन तिर्की के मोबाइल फोन, डायरी और अन्य दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी है। फॉरेंसिक रिपोर्ट के आधार पर कारणों का और खुलासा होगा। जिला प्रशासन ने परिजनों को तत्काल आर्थिक सहायता का आश्वासन दिया है। साथ ही विभागीय स्तर पर काउंसलिंग सत्र आयोजित करने की योजना है। डीएसपी ने कहा कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

### संक्षिप्त समाचार

### 25-25 हजार रुपए के दो इनामी बदमाश धराए

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी के पीरबहोर इलाके में 20 अक्टूबर को शकील अहमद मल्लिक की हुई हत्या मामले में शामिल दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों 25-25 हजार रुपए के इनामी बदमाश हैं। वे पिछले एक साल से फरार चल रहे थे। शकील अहमद मल्लिक की हत्या के वक्त पकड़े गए बदमाश सैफी ने दो पिस्टल इम्तियाज उर्फ बिक्की और सोनू को दिया था। इसी पिस्टल से डीडी के साथ मिलकर तीनों ने गोली मारी थी।

### छठ घाट बनाते युवक की डूबने से मौत

**बक्सर(नबिटा ब्यूरो)।** धनसोई थाना क्षेत्र के बन्नी गांव में मंगलवार सुबह छठ महापर्व की तैयारी के दौरान एक युवक की पोखरे में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान बन्नी गांव निवासी प्रेमजीत कुशवाहा (20) के रूप में हुई है। प्रेमजीत अपने साथियों के साथ आगामी छठ पर्व के लिए गांव के पास स्थित पोखरे पर घाट तैयार करने गया था। सुबह करीब 8 बजे घाट की सफाई करते समय वह अचानक फिसलकर पोखरे के गहरे पानी में जा गिरा। साथी युवकों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक वह पानी में डूब चुका था।

### सीआइएसएफ जवान ने की खुदकुशी

**भागलपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में सीआईएसएफ के जवान ने खुदकुशी कर ली। कहलगांव एनटीपीसी कैंपस में फंदे से लटका हुआ शव मिला है। जवान वर्दी में था। मृतक की पहचान कांस्टेबल दीपक कुमार (28) के तौर पर हुई है। मुंगेर के घोरघट इलाके का रहने वाला था। एनटीपीसी में ड्यूटी लगी थी। जानकारी के मुताबिक लंबे समय से डिप्रेशन में था। काफी परेशान रहता था। इलाज कराने के बाद भी ठीक नहीं हो रहा है। सोमवार रात 10 बजे ड्यूटी पर गया था।

## आयोग की अनुमति बिना सोशल मीडिया-इंटरनेट पर विज्ञापन नहीं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** चुनाव आयोग की अनुमति के बिना राजनीतिक दल या उम्मीदवार सोशल मीडिया या इंटरनेट पर भी विज्ञापन नहीं दे सकेंगे। इसके लिए उनको राज्य या जिलास्तर पर गठित मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति (एमसीएमसी) को आवेदन करना होगा। केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को निर्देश जारी किया है। आयोग ने कहा कि राजनीतिक विज्ञापनों के पूर्व प्रमाणन (प्री-सर्टिफिकेशन) के लिए जिला और राज्य स्तर पर एमसीएमसी का गठन किया गया है। राजनीतिक दल या उम्मीदवार संबंधित एमसीएमसी से पूर्व-प्रमाणन के बिना सोशल मीडिया वेबसाइट सहित किसी भी इंटरनेट आधारित मीडिया या वेबसाइट पर राजनीतिक विज्ञापन जारी नहीं कर सकेंगे। चुनावी परिदृश्य में सोशल मीडिया की पहुंच को देखते हुए उम्मीदवारों को नामांकन दाखिल करते समय अपने प्रामाणिक सोशल मीडिया खातों का विवरण साझा करने का भी निर्देश दिया गया है। आयोग ने कहा कि राजनीतिक दलों को विधानसभा चुनाव समाप्त होने के 75 दिनों के भीतर सोशल मीडिया वेबसाइट सहित इंटरनेट के माध्यम से चुनाव प्रचार पर किये व्यय का विवरण भी भारत निर्वाचन आयोग को देना होगा। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश जारी किया है। इस व्यय में विज्ञापन के लिए किए भुगतान, सामग्री के विकास, अभियान और सोशल मीडिया खातों को बनाए रखने के लिए किए परिचालन व्यय भी शामिल होंगे। एमसीएमसी की राज्य व जिला स्तरीय कमेटियां मीडिया में पेड न्यूज के संदिग्ध मामलों पर भी कड़ी निगरानी रखेंगे और उचित कार्रवाई करेगी।

### भाजपा में शामिल हुई मैथिली ठाकुर

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी लगातार नए चेहरों को अपने साथ जोड़ रही है। इसी क्रम में मैथिली ठाकुर मंगलवार को बीजेपी में शामिल हो गई है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने उन्हें सदस्यता दिलाई। मैथिली ठाकुर को दरभंगा की अलीनगर विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाए जाने की संभावना है। मौजूदा विधायक मिश्रीलाल यादव ने विधायकी से इस्तीफा दे दिया है और पार्टी अब इस सीट से युवा और लोकप्रिय चेहरा मैदान में उतारना चाहती है। मैथिली ठाकुर की मिथिला क्षेत्र में लोकप्रियता और सोशल मीडिया पर भारी फैन फॉलोइंग को देखते हुए बीजेपी उन्हें अपने चुनावी प्रचार अभियान का प्रमुख चेहरा भी बना सकती है। मैथिली ठाकुर बिहार की जानी-मानी लोकगायिका है और दरभंगा की रहने वाली हैं। ठाकुर अपनी मधुर आवाज और मिथिला की लोक-संस्कृति को देश-विदेश में फैला रही हैं।

## 'हम' ने छह सीटों पर उतारे प्रत्याशी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर जन सुराज पार्टी, आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बाद अब जीतन राम मांझी की पार्टी हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा ने भी अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। मांझी ने सभी छह सीटों पर प्रत्याशियों का एलान किया है। उन्होंने खुद एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। साथ ही में सभी प्रत्याशियों की तस्वीर भी साझा की। इमामगंज विधानसभा सीट से मांझी ने अपनी पुत्रवधू दीपा कुमारी को टिकट मिला है। टिकारी से 'हम' ने अनिल कुमार को मैदान में उतारा है। वहीं, बाराचट्टी (अ.जा) से ज्योति देवी को टिकट मिला है। अतरी से रोमित कुमार को चुनावी मैदान में उतारा है। सिकंदरा (अ.जा) से प्रफुल्ल कुमार मांझी ताल ठोकेंगे। कुटुम्बा (अ.जा) सीट से मांझी ने ललन राम पर भरोसा जताया है। गौरतलब है कि जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा को एनडीए की सीट शेयरिंग में 6 सीटें मिली हैं। वहीं, एनडीए की अन्य दल, बीजेपी-जेडीयू 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। कुशवाहा की पार्टी रालोमो 6 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। चिराग की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 29 सीटें मिली हैं।

### दुष्कर्म के दोषी को 25 साल की सजा

**सुपौल(नबिटा ब्यूरो)।** राघोपुर थाना कांड संख्या 159/20 पॉक्सो वाद संख्या 34/20 की सुनवाई के दौरान जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश षष्टम सह विशेष न्यायाधीश संतोष कुमार दूबे की अदालत ने मंगलवार को एक दोषी को भादवि की धारा 376 (एबी) और पॉक्सो की धारा 4 तथा 6 के तहत 25 वर्ष का सश्रम कारावास व 50 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। राघोपुर थाना क्षेत्र के रामविशनपुर निवासी दोषी शंभू मुखिया के खिलाफ नाबालिग पीड़िता की मां ने दुष्कर्म किए जाने का मामला दर्ज कराया था। जुर्माने की राशि नहीं जमा करने पर दोषी को छह माह की अतिरिक्त कारावास भुगतनी होगी। सभी सजाएं एक साथ चलेगी। जेल में बिताए अवधि सीआरपीसी की धारा 428 के तहत समायोजित की जाएगी। शंभू मुखिया को 9 अक्टूबर 2025 को दोषी करार दिया गया था। वाद की सुनवाई में 9 गवाहों ने न्यायालय में गवाही दी थी। अदालत ने पीड़िता को पांच लाख रुपए मुआवजा देने का भी आदेश पारित किया।

### नामांकन के दौरान दरौली विधायक गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** महागठबंधन में भले ही अभी तक सीट बंटवारे का ऐलान न हुआ है लेकिन ग्रांड अलायंस की सहयोगी सीपीआई माले ने 18 प्रत्याशियों की लिस्ट जारी कर दी है। इसमें 6 उम्मीदवारों ने नामांकन भी दाखिल कर दिया है। सीवान की दरौली सीट से माले विधायक सत्यदेव राम को नामांकन के दौरान ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अचानक गिरफ्तारी से माले विधायक भी दंग रहे गए। वहीं इस मामले पर माले राज्य सचिव कुणाल ने गिरफ्तारी की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि यह सरकार के इशारे पर किया गया है। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने यह कार्रवाई सोनपुर रेलवे कोर्ट द्वारा जारी वारंट के आधार पर किया है। बताया जा रहा है कि मामला 2005 में दरौंदा रेलवे स्टेशन पर बिना अनुमति के किए गए रेल रोको आंदोलन से संबंधित है। इस संबंध में रेलवे थाना में मामला दर्ज किया गया था।

## भाकपा माले ने 18 उम्मीदवारों को थमाया पार्टी का सिम्बल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन में शामिल भाकपा माले (सीपीआई एमएल) ने अपनी पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में कुल 18 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। खास बात यह है कि दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की ममेरी बहन दिव्या गौतम को दीघा विधानसभा सीट से टिकट दिया गया है। भाकपा माले की ओर से उम्मीदवारों का एलान महागठबंधन में सीट शेयरिंग की किए जाने से पहले किया गया है। पार्टी ने डुमरांव सीट से अजीत कुशवाहा और काराकाट से अरुण सिंह को मैदान में उतारा है। भाकपा माले महागठबंधन में कांग्रेस और राजद के साथ चुनाव लड़ रही है। भाकपा माले की ओर से उम्मीदवारों का एलान महागठबंधन में सीट शेयरिंग के एलान से पहले किया गया है। पार्टी द्वारा जारी सूची के अनुसार तरारी से मदन सिंह चंद्रवंशी, अगिआंव (सु.) से शिवप्रकाश रंजन, आरा से कयामुद्दीन अंसारी, डुमरांव से अजीत कुमार सिंह उर्फ अजीत कुशवाहा, काराकाट से अरुण सिंह, अरवल से महानंद सिंह, घोषी से रामबली सिंह यादव, पालीगंज से संदीप सौरभ, फुलवारी से गोपाल रविदास, दीघा से दिव्या गौतम, दरौली से सत्यदेव राम, जिरादेई से अमरजीत कुशवाहा, दरौंदा से अमरनाथ यादव, भोरे से जितेंद्र पासवान, सिकटा से वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, वारिसनगर से फूलबाबू सिंह, कल्याणपुर से रंजीत राम एवं बलरामपुर से महबूब आलम को उम्मीदवार बनाया गया है।

## ज्वेलरी दुकान में 12 लाख की चोरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के देवकी बिगहा नहर स्थित एक सोना-चांदी की दुकान में चोरों ने करीब 10 से 12 लाख रुपए के गहनों की चोरी कर ली। घटना का पता मंगलवार सुबह चला, जिसके बाद मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। दुकानदार अमन सोनकर ने बताया कि सोमवार रात दुकान बंद कर वह अपने घर शिवनगर चले गए थे। मंगलवार सुबह उन्हें दुकान के ताले टूटे होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि दुकान के आगे लगे 4 ताले तोड़ दिए गए थे। चोरों ने दुकान में प्रवेश कर तिजोरी को भी तोड़ दिया। दुकान से लगभग 6 किलोग्राम चांदी और 60 से 70 ग्राम सोना चोरी हुआ है। पुलिस ने दुकानदार के लिखित आवेदन के आधार पर जांच शुरू कर दी है।



घटनास्थल पर पहुंची एसआई पिंकी कुमारी मामले की जांच कर रही हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस जल्द ही चोरों को पकड़ने का प्रयास करेगी। हालांकि इस बड़े बाजार में 20 से अधिक दुकानें होने के बावजूद किसी भी दुकान में सीसीटीवी नहीं लगा है, जिससे चोरों की पहचान करना पुलिस के लिए चुनौती बन गया है।

## रेल मंत्री ने दो नई डोर-टू-डोर माल व पार्सल सेवाओं को दिखाई हरी झंडी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज वर्चुअल माध्यम से सोनिक इंटीग्रेटेड लॉजिस्टिक्स हब का उद्घाटन किया और दो नई डोर-टू-डोर माल एवं पार्सल सेवाओं को हरी झंडी दिखाई। श्री वैष्णव ने कहा कि देश के लिए डोर-टू-डोर सेवाएं अत्यंत आवश्यक हैं क्योंकि इससे न केवल दक्षता बढ़ेगी बल्कि लॉजिस्टिक्स लागत में भी काफी कमी आएगी। उन्होंने बताया कि अब उद्योगों को अपने माल की ढुलाई के लिए पूरी रेक भरने की आवश्यकता नहीं होगी, वे आवश्यकतानुसार कुछ कंटेनर ही भेज सकते हैं। मंत्री ने यह भी कहा कि रेलवे अब फैक्ट्री और ट्रेन लोडिंग/अनलोडिंग पॉइंट्स के बीच की खाई को पाटेगा, जिससे ग्राहकों को संपूर्ण डोर-टू-डोर सेवाएं




मिल सकेंगी। उन्होंने यह भी बताया कि सोनिक देश का पहला इंटीग्रेटेड लॉजिस्टिक्स हब बन गया है, जो इस प्रकार की सुविधा प्रदान करेगा। गति शक्ति कार्गो टर्मिनल पहल के तहत अब तक 115 टर्मिनल विकसित किए जा चुके हैं, जो ग्राहकों को बहु-मॉडल सेवाएं उपलब्ध कराते हैं। मुंबई-कोलकाता कॉरिडोर से शुरुआत करते हुए जल्द ही और सेवाएं शुरू की जाएंगी ताकि देशभर में माल परिवहन और कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिल सके। मंत्री ने यह भी बताया कि ट्रैक्टर जैसी भारी मशीनरी को भी अब सस्ती दरों पर किसानों तक पहुँचाया जा सकेगा। जिस प्रकार कार कार्गो को प्रभावी रूप से ले जाया जाता है, उसी तरह अब ट्रैक्टर और जेसीबी जैसी भारी उपकरणों का भी रेल मार्ग से परिवहन संभव होगा। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ सतीश कुमार ने कहा कि यह डोर-टू-डोर डिलीवरी पहल रेलवे लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में एक पैराडाइम शिफ्ट है। अब रेलवे केवल माल ढोने वाली संस्था नहीं रहेगी बल्कि एक पूर्ण लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता के रूप में विकसित होगी। गौरतलब है कि भारतीय रेल दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी माल वाहक है, जो हर वर्ष 1.6 अरब टन माल का परिवहन करती है।



# बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज

## मसौढ़ी में 222 अत्यंत अतिसंवेदनशील, 11 अतिसंवेदनशील और 55 संवेदनशील बूथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मसौढ़ी।** बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज हो गई है। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था से लेकर कर्मियों तक की तैनाती को लेकर कवायद शुरू कर दी गई है। चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए मसौढी विधानसभा के 443 मतदान केंद्रों में 55 संवेदनशील मतदान केंद्र बनाए गए हैं 11 अति संवेदनशील बनाए गए हैं। जबकि 222 अत्यंत संवेदनशील मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसके अलावा प्रखंड स्तर पर जोन व सुपर जोन बनाकर सभी मतदान केंद्रों की निगरानी की जाएगी। इसके लिए जोनल व सुपर जोनल दंडाधिकारी की तैनाती की जाएगी। बहरहाल आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में बाधा पहुंचाने वालों की पहचान के लिए कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसके लिए सभी गांवों में लोगों को चिहि्नत की जा रही है। चिह्नित लोगों के विरुद्ध पुलिस को निरोधात्मक कार्रवाई प्रारंभ करते हुए अब तक 3 हजार से अधिक लोगों पर निरोधात्मक कारवाई की गई है। इसके अलावा सेक्टर दंडाधिकारियों को भी ऐसे लोगों को चिह्नित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा अपराधियों के विरुद्ध सीसीए के तहत भी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए भी प्रस्ताव देने का निर्देश सभी थानों को दिया गया है। इन मतदान केंद्रों पर शांति पूर्ण व स्वच्छ मतदान के लिए प्रशासन की पैनी नजर रहेगी।




## ईवीएम कमिशनिंग एवं सीलिंग की तैयारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी विधानसभा में चुनाव को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही है। ऐसे में श्रीमती गिरिजा कुवंर हाई स्कूल में ईवीएम कमिशनिंग होना है जिसकी तैयारियां जोरों पर चल रही है। ऐसे में चुनाव से पहले ईवीएम को तैयार करने को लेकर मसौढ़ी विधानसभा में 394 मतदान केंद्रों के लिए ईवीएम सिलिंग एवं कमिशनिंग की जानी है। जहां 25 टेबल बनाए गए हैं और हर तीन टेबल पर एक तकनीकी पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। तकरीबन 95 मास्टर ट्रेनर, 8 तकनीकी पदाधिकारी और दो प्रभारी पदाधिकारी बनाए गए हैं। मसौढ़ी प्रखंड के लिए प्रभारी पदाधिकारी मसौढ़ी बीडीओ प्रभाकर कुमार को और धनरूआ प्रखंड के लिए धनरूआ प्रभारी पदाधिकारी बीडीओ सीमा कुमारी को बनाया गया है, वही मतपत्र एवं पेपर सील आदि देने वाले दो पदाधिकारी को प्रतिनियुक्ति की गई है। दो नोडल पदाधिकारी बनाए गए हैं जिसमें 13 टेबल के लिए भूमि सुधार उपसमाहर्ता कोमल किरण और 13 टेबल के लिए लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सोनाली कुमारी को बनाया गया है। बहरहाल निर्वाचन कार्य के लिए ईवीएम वीवीपैट को ईवीएम सीलिंग एवं कमिशनिंग के लिए टेबलवार प्रभारी पदाधिकारी तकनीकी पदाधिकारी मास्टर ट्रेनर अन्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है और जल्द ही ईवीएम सीलिंग एवं कमिशनींग की जाएगी।

## एनडीए से अरुण मांझी और राजद से रेखा देवी आज करेंगी नामांकन

### अब तक कुल नौ उम्मीदवारों ने कटवाया एनआर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर चल रहे नामांकन के पांचवें में दिन भी एक भी नामांकन दाखिल नहीं हो पाया है, अब तक कुल 9 उम्मीदवारों ने एनआर रसीद कटवाया है। ऐसे में आज यानि बुधवार को एनडीए से अरुण मांझी और राजद से रेखा देवी का नामांकन करने की सूचना है। दरअसल मंगलवार को रेखा देवी अपना नामांकन पर्चा दाखिल करने आई थी, लेकिन समय से पहले प्रस्तावक के नहीं पहुंचने पर नामांकन पर्चा दाखिल नहीं कर पाई थी, ऐसे में बुधवार को नामांकन पर्चा दाखिल करवाएंगे, वही एनडीए से उम्मीदवार अरुण मांझी का बुधवार को नामांकन होना है। जिसकी तैयारियां जोरों पर चल रही है। ऐसे में अनुमंडल कार्यालय में एसडीएम कक्ष में नामांकन की प्रक्रिया की जा रही है और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरे अनुमंडल परिसर में 3 लेयर व्यवस्था की गई है जिसमें अनुमंडल कार्यालय परिसर के मुख्य गेट पश्चिमी और दक्षिणी गेट पर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है। वहीं सिंगल विंडो सिस्टम अनुमंडल परिषद में बनाया गया है जहां पर जुलूस रैली वाहन आदि का परमिशन दिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि एनडीए से अरुण मांझी नामांकन करने के बाद अनुमंडल चौराहा से रैली के शक्ल में मधुर मिलन उत्सव हॉल में सभा करेंगे। वही राजद से रेखा देवी भी नामांकन करने के बाद अपने समर्थकों के साथ गांधी मैदान में सभा करेंगे।

## लिट्टी-चोखा से आगे : टाइम्स नेटवर्क ने बिहार के नए रंग दिखाए, चुनावी मौसम में पेश किए कई खास कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लिट्टी-चोखा और मधुबनी कला से कहीं आगे, बिहार आज खुद को नए रूप में गढ़ रहा है युवा, महत्वाकांक्षी और निरंतर बदलता हुआ। कवियों और नेताओं की यह धरती अब एक बार फिर भारत की सबसे रोमांचक राजनीतिक कहानी का केंद्र बनी हुई है। लगभग 58% आबादी 25 साल से कम उम्र की होने के साथ, बिहार एक नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करता है जो हाथ में स्मार्टफोन और दिल में सपने लिए आगे बढ़ रही है। राज्य का एमएसएमई 15 से अधिक प्रमुख सेक्टरों में 6 लाख से ज़्यादा नौकरियाँ बनाकर एक शांत आर्थिक बदलाव की कहानी लिख रहा है। पोस्ट-ऑपरेशन सिंदूर और नई क्व्हृ व्यवस्था के बाद होने वाले इस अहम चुनाव में दांव बेहद ऊँचे हैं। इसी पृष्ठभूमि में टाइम्स नाउ और टाइम्स नाउ नवभारत ने बिहार की नब्ज़ पकड़ने वाले कई नए और गहन कार्यक्रमों की शुरुआत की है। यह चुनाव एक क्लासिक डेविड बनाम गोलियत की तरह है - क्या प्रशांत किशोर की रणनीति गक्ह की मज़बूत पकड़ को चुनौती दे पाएगी या फिर महागठबंधन एक बार फिर पुराना समीकरण दोहराएगा बिहार आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहाँ पुरानी यादें और नए बदलाव साथ-साथ चल रहे हैं। टाइम्स नाउ नवभारत और टाइम्स नाउ ने अपने लोकप्रिय शो 'इलेक्शन यात्रा' को फिर से शुरू किया है - एक मोबाइल न्यूज़रूम जो 28 ज़िलों में 4500 किमी की यात्रा करेगा। पटना की भीड़भाड़ वाली गलियों से लेकर राघोपुर, हाजीपुर, नालंदा, बेगूसराय, मुज़फ्फरपुर और दरभंगा तक, यह यात्रा लोगों की असली आवाज़ सीधे दर्शकों तक पहुँचाएगी। मैंडेट 2025 के तहत टाइम्स नाउ का प्रोग्रामिंग शेड्यूल बिहार की राजनीति के हर पहलू को गहराई से पेश करेगा —नेशनल डिबेटः बिहार के अहम मुद्दों पर हर शनिवार रात 8 बजे और रविवार दोपहर 3 बजे गहन चर्चा।इनसाइडः एक डॉक्यूमेंट्री-शैली का शो जो हर शनिवार और रविवार सुबह 11:30 बजे प्रसारित होगा, चुनावी ताक़तों का विश्लेषण करते हुए। एक्सेसः यह कार्यक्रम प्रमुख उम्मीदवारों के चुनावी सफर को दर्शकों के करीब से दिखाएगा।वहीं टाइम्स नाउ नवभारत का मोबाइल हाइड्रॉलिक कैन्टर अब एक चलते-फिरते स्टूडियो में बदल गया है। चैनल ने कई आकर्षक शो शुरू किए हैं बबुआ ए बिहार बा (हर दिन 11:30 बजे और 7:30 बजे): यह शो बिहार के कोनों से यात्रा करते हुए स्थानीय लोगों से उनकी बोली में संवाद करता है। रिपोर्टर वर्सेस रिपोर्टर ऽ सीज़न 2 दोनों पक्षों की कहानी संतुलित और निष्पक्ष रूप में बिहार के दिल से पेश करता है। टाइम्स नाउ और टाइम्स नाउ नवभारत की ग्रुप एडिटर-इन-चीफ नविका कुमार ने कहा,ल्लबिहार भारत की राजनीति की प्रयोगशाला रहा है। यहाँ से ही राष्ट्रीय विमर्श की दिशा तय होती है। यह चुनाव ऑपरेशन सिंदूर और विपक्ष के 'वोट चोरी' अभियान के बाद जनता के मूड का पहला बड़ा इम्तिहान होगा। हमारी टीमें ज़मीन पर होंगी, यह देखने के लिए कि क्या प्रशांत किशोर कोई नई लहर ला पाएँगे या फिर यह पारंपरिक गक्ह बनाम महागठबंधन की जंग ही होगी। उन्होंने आगे कहा, हमारी चुनाव कवरेज गहराई, पहुंच और विश्वसनीयता पर आधारित है।

## बुलेट पर बैलेट हावी, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में होती है बंपर वोटिंग, भयमुक्त माहौल में होता है वोटिंग

**चुनावी चौपाल**

**शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** नक्सलियों के नैनिहॉल और माओवादियों के मांद कहे जाने वाला मसौढ़ी का भगवानगंज क्षेत्र जहां कभी रात को तो छोड़िए दिन में भी लोग घर से निकलने में कतराते थे, जहां बारूदी गंध और गोलियों की तडतडाहट से पूरा इलाका थर्राता था। आज बदलते ब्यार में सब कुछ बदल सा गया है और अब इसी क्षेत्र में हर चुनाव में बंपर वोटिंग होती है। पहले सड़के नहीं बनी थी हर गांव में बिजली आपूर्ति बहुत बाधित रहती थी। इसका फायदा नक्सली उठाते थे बहरहाल चाहे वह पंचायत का चुनाव हो या फिर विधानसभा या लोकसभा का मतदान केंद्रों पर मतदान का प्रतिशत बहुत ही कम रहता था लोग डरे सहमे वोटिंग करते थे, लेकिन अब बदलते बयार में सब कुछ बदल गया है। नक्सली इलाके में अब बंपर वोटिंग हो रही है एक वक्त था जब महज 11% से 15% मतदान हुआ करता था आज 68% से लेकर 70% मतदान होते हैं। पंचायत चुनाव की बात करें तो इस क्षेत्र में 70% मतदान होता है जबकि विधानसभा में 62% मतदान होते हैं। भगवानगंज थाना क्षेत्र में सबसे ज्यादा प्रभावित बारा गांव, रौनिया, चैनपुर, दनाडा, नदौल, देवरिया समेत कई ऐसे क्षेत्र रहे हैं जो नक्सली इलाका रहा है लेकिन खासकर मसौढी भगवानगंज थाना क्षेत्र का बारा गांव सबसे ज्यादा प्रभावित रहा है। बहरहाल अभी नक्सल नेता कई जेल में है और कई भूमिगत है। रौनिया गांव के सरपंच प्रतिनिधि सतिश कुमार सिंह,अमरेश पासवान, सत्यनारायण सिंह, विकास कुमार, छोटे बिंद, उपेंद्र सिंह, रामप्रीत चौधरी, कमलेश पासवान, अजय सिंह, पिंटू कुमार आदि ने कहा की अब माहौल बहुत ही अच्छा हो गया है इस पूरे इलाके में बंपर वोटिंग की जा रही है। मतदान प्रतिशत बहुत बढा है। घर से महिला निकाल कर वोट कर रही है। रोनिया गांव के सरपंच सतीश कुमार सिंह ने कहा की चुनाव के वक्त ही कभी रौनीया पुल के पास नक्सलियों ने डायनामाइट लगाकर पोलिंग पार्टी को उड़ाने की साजिश की थी लेकिन समय रहते किसी तरह से पुलिस को भनक लग गई और डायनामाइट उड़ने से बच गया था। ऐसे कई घटना है उस पल को याद कर सिहर उठते हैं।



## दीपावली एवं छठ पर्व पर विधि व्यवस्था को लेकर डीएम ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले में आगामी दीपावली एवं छठ पर्व पर विधि व्यवस्था एवं शांति बनाये रखने हेतु जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे एवं पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के संयुक्त अध्यक्षता मे जिला स्तर के पदाधिकारी के साथ साथ प्रखंड, अंचल एवं थाना के दंडाधिकारी सहित पुलिस पदाधिकारीयों के साथ विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि बिहार विधान सभा आम निर्वाचन को देखते हुए दीपावली एवं छठ पर्व के अवसर पर किसी भी पदाधिकारी, दंडाधिकारी पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल को अवकाश नहीं दिया जाएगा। छठ पर्व के अवसर पर सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वालों पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया गया। इस दौरान सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारीयों को स्थानीय शांति समिति की बैठक करने का निर्देश भी दिया गया। इस अवसर पर दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं गश्ती दल की प्रतिनियुक्ति पर परिचर्चा की गई तथा बताया गया कि बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के मद्देनजर किसी भी पदाधिकारी, पुलिस बल एवं कर्मी को अवकाश नही दिया जाएगा। छठ के दौरान बाजारों में भीड़ एवं यातायात नियंत्रण इसपर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया गया। कंट्रोल रूम संचालित रहेगा, शराब की जाँच एवं मद्य निषेध छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश उत्पाद अधीक्षक को दिया गया। रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैण्ड पर भीड़ नियंत्रण हेतु निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता, विद्युत को निर्देश दिया गया कि विद्युत कनेक्शन सभी जगह जाँच कर ले। टोका एवं लटके हुए सजावटों पर नजर रखने का निर्देश दिया गया। सभी छठ घाटों पर गोताखोरों की उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। एसडीआरएफ की टीम को भी अलर्ट मोड मे रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी छठ घाटो पर अग्नि शमन वाहन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। अंचल अधिकारियों को घाटों के नजदीक पटाखों के बिक्री पर पूर्ण रोक लगाने का निर्देश दिया गया। सिविल सर्जन को मेडिकल टीम प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया गया। विधि व्यवस्था बनाने हेतु सभी तैयारी करने का निर्देश दिया गया। घाटों की साफ-सफाई विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही विधान सभा निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराने का निर्देश दिया गया। दीपावली पर्व के अवसर पर पटाखा के दुकानों की लाइसेंस की जाँच एवं एनजीटी के निदेशों का अनुपालन कराने का निर्देश दिया गया। पटाखा के स्टोरेज करने वाले पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया गया। धनतेरस के दौरान भीड़ को नियंत्रण करने हेतु बाजारों मे एवं अन्य स्थानो पर गस्ति करने एवं यातायात को नियंत्रण करने के लिए पुलिस उपाधीक्षक, यातायात को सख्ती करने का निर्देश दिया गया। कंट्रोल रूम कार्यरत रहेगा तथा शराब की जाँच एवं छापेमारी मद्य निषेध विभाग द्वारा कराने का निर्देश दिया गया। सोशल मीडिया पर नजर बनाये रखने हेतु जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी एवं उपाधीक्षक, साईवर थाना को निर्देश दिया गया। बैठक मे कार्यपालक अभियंता विद्युत को सभी विद्युत कनेक्शन जांच कर लेने का निर्देश दिया गया। टोका एवं लटके हुए सजावटों पर नजर रखने का भी निर्देश दिया गया। लक्ष्मी पूजा/ काली पूजा हेतु कई स्थानों पर पूजा पंडाल बनाया जाता है इसकी जांच करने का निर्देश भी दिया गया। साथ ही सभी पूजा पंडालो के लिए जिस प्रकार दुर्गा पूजा के समय विद्युत, भवन, अग्निशामक इत्यादि का जांच प्रतिवेदन के आधार पर अभिव्यक्ति लिया गया था इस बार भी वही प्रक्रिया अपनाया जाए। मूर्ति विसर्जन निर्धारित समय पर कराने हेतु निर्देश दिया गया।




## चोरी मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नबिटा संवाददाता)।** पुनपुन थाना क्षेत्र के डुमरी में एक पान दुकान में चोरी करने का प्रयास और एक दीवाल काटने के प्रयास के मामले में फरार चल रहे अपराधी को ओमनी कार के साथ पुनपुन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि बीते दिन पुनपुन के डुमरी में एक पान की दुकान से चोरी एवं एक दुकान में दीवाल काटने का प्रयास किया गया था, जिसमें घटनास्थल से ओमनी मारुति कार गाड़ी बरामद किया गया साथ में दीवाल काटने की मशीन एवं बड़ा सा लोहे का हथौड़ा मिला, घटना में शामिल 01 अपराधकर्मि जिसका नाम अरविंद वर्मा पिता बिंदेश्वर वर्मा जो काजीसराय थाना काको जिला जहानाबाद को जहानाबाद से गिरफ्तार किया गया है। वहीं गिरफ्तार आरोपी का अपराधीक इतिहास चेक किया गया तो कडौना थाना कांड मे दो मामलो मे प्राथमिकी नामजद अभियुक्त हैं। साथ में घटना में इसी ओमनी गाड़ी का इस्तेमाल पूर्व में भी किया गया था जो बरामद की गई है।

## लहसुना पुलिस ने दो लाख की देसी शराब की जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** विधानसभा चुनाव को लेकर ताबतोड़ विभिन्न थानों की पुलिस ऑपरेशन शराब का अभियान चलाकर छापेमारी कर रही है। ऐसे में मंगलवार को लहसुना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है जहां वृहद पैमाने पर देसी शराब को जप्त किया है। लहसुना थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि घोरहुआं मुसहरी में ऑपरेशन देसी शराब के तहत छापेमारी चल रही थी इसी दौरान गुप्त सूचना मिली के नियामतपुर गांव के समीप बड़ी मात्रा में शराब का सप्लाई की तैयारी चल रही है। त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की गई जहां पुलिस को आते देख तीन लोग फरार हो गए, जहां 13 बोरी में तकरीबन 650 लीटर देसी शराब को जब्त किया गया है। जिसकी बाजार में तकरीबन 2 लाख कीमत है। जब्त बोरे भरे शराब में सात उजाला रंग का बोरा,8 मिट्टी कलर का बोरा और हर एक बोरी में एक पॉलिथीन में 10 लीटर शराब बनाकर तैयार की गई थी। थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि फरार तीन शराब सप्लायर को चिन्हित कर पहचान कर ली गई है जिसमें रवि कुमार पिता सुरेश प्रसाद, राकेश कुमार पिता राम इकबाल प्रसाद, नितीश कुमार पिता स्वर्गीय नरेश प्रसाद सभी बदरोई गांव के रहने वाले हैं जल्द ही फरार तीनों शराब धंधेबाजों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और यह आगामी चुनाव तक निरंतर चलते रहेगा।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर ही विकसित भारत का संकल्प होगा पूरा

**दनियावां (पटना) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रेम यूथ फाउंडेशन में इंटर्नशिप कर रहे छात्राओं को संबोधित करते हुए पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता रणविजय सिंह ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत के परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। आधी-आबादी के सहयोग के बिना भारत सबल राष्ट्र नहीं बन सकता है। महिला सुरक्षा एवं संरक्षा के विषय पर उन्होंने विधि और कानून की जानकारी विस्तार से दिया। वही फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या सभ्य समाज के लिए कलंक का टीका है। बेटियों को हम बराबरी का अवसर दे तो यह किसी से कम नही है जहां एक और कल्पना चावला, सुनीता विलियम्स, फोगाट बहनें, किरण वेदी, पी टी उषा प्रेरणास्रोत हैं तो दूसरी ओर एक स्याह पहलू भी है कि दहेज हत्या, महिला उत्पीड़न की मामलों में बढ़ोतरी निराशा जनक है। उन्होंने बताया कि किसी भी अनजान लोगों से फ़ेसबुक या व्हाट्सएप पर दोस्ती न बढ़ाये न ही किसी सुनसान जगह पर अकेले मिलने जाएं। पत्रकार नीलम वर्मा ने महिला सुरक्षा पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्री अरविंद महिला कॉलेज के इंटर्नशिप कर रहे छात्राओं को चौदह दिनों का एनजीओ मैनेजमेंट के विभिन्न पहलुओं एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों की जानकारी दी जा रही है।

## डीडीसी ने मतदान केंद्रों का लिया जायजा

**जहानाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफल संचालन तथा डीएम अलंकृता पांडे के निर्देशानुसार 216-जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रतनी फरीद्पुर प्रखंड के मध्य विद्यालय शकुराबाद, मध्य विद्यालय उचिटा राजकीय मध्य विद्यालय रतनी खजुरवाना तथा मध्य विद्यालय सरता के मतदान केन्द्रो पर उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति द्वारा न्यूनतम आधार भूत सुविधा का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण मे न्यूनतम आधार भूत सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। मध्य विद्यालय शकुराबाद, मध्य विद्यालय, उचिटा, राजकीय मध्य विद्यालय, रतनी खजुरवाना एवं मध्य विद्यालय, सरता मे न्यूनतम आधार भूत सुविधा पाया गया।

**Format C-7**
(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : राष्ट्रीय जनता दल
***Name of the Election** : बिहार विधान सभा
**Name of State/UT** : बिहार
**(1)** Name of Constituency : 189, मसौढ़ी (अ०जा०)
Name of the candidate : रेखा देवी

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | (1) सरकारी आदेश का उल्लंघन (2) मारपीट (3) सरकारी आदेश का उल्लंघन (4) सरकारी आदेश का उल्लंघन |
| | b. | Case no. | (1) सचिवालय थाना काण्ड सं. 64/2020, आई.पी.सी. 188, 269, 270 (2) धनरूआ काण्ड सं. 357/2017, आई.पी.सी. 197, 198, 149, 341, 323, 308, 332, 333, 337 (3) मसौढ़ी थाना कांड सं०-620/2020, आई.पी.सी. 143, 188, 269 (4) मसौढ़ी थाना कांड सं०-427/2024, आई.पी.सी. 188,130, 131, 132, RP ACT 1951 |
| | c. | Name of the Court | (1) ए.सी.जी.एम. पटना (2) ए.डी.जे.एम., मसौढ़ी (3) ए.डी.जे.एम., मसौढ़ी (4) ए.डी.जे.एम., मसौढ़ी |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | (1) नहीं (2) नहीं (3) नहीं (4) नहीं |
| | e. | Date of conviction, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं (3) लागू नहीं (4) लागू नहीं |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं (3) लागू नहीं (4) लागू नहीं |
| | g. | Any other information required to be given | लागू नहीं |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications. achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | महिलाओं में ग्रुप समुह चलाती है महिलाओं के बीच ये काफी लोकप्रिय है। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए गांव-गांव में महिलाओं के प्रगति के लिए काम करती है। राष्ट्रीय जनता दल के महिला सशक्तिकरण उदेश्य के अनुरूप इन्हें टिकट प्रदान किया गया। ग्रामीण महिला को प्रोत्साहन देने के लिए इनका काफी योगदान है। शैक्षणिक योग्यताः नन मैट्रिक। |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | पूर्व विधायक है एवं अन्य उम्मीदवारों के तुलना में इनके जितने की संभावना ज्यादा है। |

राष्ट्रीय जनता दल (बिहार प्रदेश) द्वारा प्रकाशित

# एनडीए का आंतरिक कलह शर्मनाक : अभय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे ने संबोधित किया। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे ने कहा कि सीट बंटवारे में अति पिछड़ों को एनडीए ने पीछे छोड़ दिया और नेता विपक्ष बनने की कवायद शुरू कर दी है। साथ ही उन्होंने कहा कि गठबंधन में रहते हुए बीजेपी ने पहले एकेले अधूरी लिस्ट जारी की। उन्होंने मूल रूप से कुछ मुद्दों को संवाददाता सम्मेलन में उठाया जिसमें सांसद अजय मंडल को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने नहीं दिया गया। इससे आहत होकर नीतीश कुमार को अपना इस्तीफा तक उन्होंने भेज दिया है। उन्होंने कहा कि सांसद को अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष से नहीं मिलने दिया जाता है जो बताने को काफी है कि पार्टी को हाइजैक किया जा चुका है। जदयू विधायक गोपाल मंडल सी.एम.आवास के बाहर धरने पर बैठे रह गये पर उनको नीतीश जी से मिलने नहीं दिया गया। ललन सिंह, संजय झा, विजय चौधरी ने पार्टी को अपने कब्जे में ले रखा है, जो सोनवर्षा सीट गठबंधन के तहत एलजेपी आर को दी गयी थी उस सीट पर भी जदयू ने अपना उम्मीदवार दे दिया है। यह उनके गठबंधन की नाकामी बताने के लिए काफी है। उपेन्द्र कुशवाहा ने अपने कार्यकर्ताओं के नाम जो दर्द भरी चिट्ठी लिखी है वो भी उनके आंतरिक कलह की कलई खोल रही है। केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि उनकी जाति की वजह से उनकी पार्टी को कम सीटें मिली। गिरिराज सिंह ने अपने साथी केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान के लिए लिखा कि आज मजबूत सीट लेकर स्ट्राईक झुनझुना बजा रहे जिस पूर्व सांसद अरूण कुमार ने कहा था कि नीतीश की छाती तोड़ूंगा उसी अरूण कुमार को ललन सिंह जदयू में लेकर आ गए, मुझे तो शक है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उन्हें पहचान भी पाएं या नहीं? जीतन राम मांझी ने कहा है कि वह चिराग पासवान की पार्टी के उम्मीदवारों के खिलाफ अपने उम्मीदवार उतारेंगे। ये बातें साबित करती हैं कि विपक्ष में बैठने के लिए एनडीए के नेताओं में होड़ मची हुई है और इस रेस में वन अपना पूरा योगदान देने को आतुर दिख रहे हैं। राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और जनता दल यूनाइटेड को 101-101 सीटें मिली हैं जबकि चिराग पासवान की एलजेपी (रामविलास) को 29 सीटें दी गई हैं। वहीं दो प्रमुख सहयोगी जीतन राम मांझी की 'हम' और उपेंद्र कुशवाहा की आरएलएम को केवल 6-6 सीट मिले हैं। जीतन राम ने फैसला स्वीकारा, लेकिन खामियाजा भुगतने की चेतावनी दी। मांझी ने 15 सीटों की मांग की थी- हमें सिर्फ 6 सीट देकर उन्होंने हमारी अहमियत कम आंकी है। इसका खामियाजा एनडीए को भुगतना पड़ सकता है। उपेंद्र कुशवाहा ने 24 सीटों की मांग की थी। उपेंद्र ने अपने हजारों-लाखों कार्यकर्ताओं के मन दुखने की बात कहकर असंतोष जताया। सीट बंटवारे से साफ है कि एनडीए की मानसिकता ही अतिपिछड़ों को पीछे धकेलने की है।

**भाजपा-जेडीयू गठजोड़-** ये ज्यादा बेहतर है कि इसे जोड़-तोड़ माथा-फोड़ गठबंधन कहें। एनडीए के सीट बंटवारे के समाचारों ने एक बात साफ कर दी कि ये लोग बिहार के हक के लिए नहीं, सिर्फ सत्ता की भूख के लिए आपस में लड़ने वाले लोग हैं। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान पर तंज कसते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे ने कहा कि 2020 के चुनावों में 135 सीटों पर लड़कर मात्र एक सीट जीतने वाले दल एलजेपी को 29 सीट एनडीए ने देकर सीट बंटवारे के साथ ही हार की ओर पहला कदम बढ़ा दिया है। नीतीश कुमार की अस्वस्थता इस सीट बंटवारे में साफ झलक रही है। पिछले 20 सालों से जेडीयू हमेशा भाजपा से ज्यादा सीटों पर लड़ता था, आज समान सीटों पर लड़कर एक दूसरे के सामने खड़ी है। भाजपा-जेडीयू के बीच अब नेता विपक्ष किस दल का बने - यही लड़ाई है। भाजपा कभी भी बिहारवासियों की स्वाभाविक पसंद नहीं रही, इसलिए आजादी के बाद से अब तक उसका कोई मुख्यमंत्री नहीं बना। अब बिहार की जनता कह रही है कर लो तैयारी, अब अच्छी सरकार देने की महागठबंधन की बारी। संवाददाता सम्मेलन में बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, प्रवक्ता डॉ. स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय, असित नाथ तिवारी सहित अन्य नेतागण मौजूद रहे।

## बी. डी कॉलेज के तरुमित्र परिसर में पर्यावरणीय जागरूकता का आयोजन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना के इको क्लब (वृक्ष वेद) एवं एनएसएस इकाई द्वारा आज तरुमित्र परिसर में एक प्रेरणादायक पर्यावरणीय जागरूकता भ्रमण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने प्रकृति संरक्षण के विविध उपायों को नजदीक से देखा, समझा और सीखा। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने 'वृक्ष वेद' इको क्लब के प्रतीक चिह्न (लोगो) का औपचारिक अनावरण भी किया। यह लोगो डॉ. अमित कुमार द्वारा डिजाइन किया गया है जो पर्यावरणीय चेतना, भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों और संस्थान की हरित प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इको क्लब की संयोजक डॉ. सरिता कुमारी के साथ-साथ सदस्यगण डॉ. विशाल विजय, डॉ. मनीता कुमारी यादव एवं डॉ. मोनिका कुमारी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष रूप से सार्थक और प्रेरक बनाया। यह सम्पूर्ण भ्रमण तरुमित्रा, पटना की समन्वयक देवमित्रा दत्ता के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संचालित हुआ जिसमें विद्यार्थियों ने प्रकृति से जुड़ने का वास्तविक अनुभव प्राप्त किया। बी.डी. कॉलेज का यह प्रयास न केवल पर्यावरणीय संरक्षण की दिशा में एक सशक्त कदम है, बल्कि यह विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति जागरूक, उत्तरदायी और संवेदनशील नागरिक बनने की प्रेरणा भी प्रदान करता है।

# चर्चित लोक गायिका मैथिली ठाकुर ने ली भाजपा की सदस्यता, राजद विधायक भरत बिंद भी भाजपा में हुए शामिल

### विपक्ष हताशा में मीडिया को शिगूफा दे रहा : डॉ. दिलीप जायसवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भाजपा प्रदेश मीडिया सेंटर में आयोजित मिलन समारोह में आज राजद विधायक भरत बिंद अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। इसके अतिरिक्त चर्चित लोकगायिका मैथिली ठाकुर ने भी आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने दोनों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई और पार्टी में स्वागत किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने इस मौके पर कहा कि बिहार के मतदाता फिर से एनडीए की सरकार बनाने को तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास कर रहा है। विपक्ष के पास आज कोई मुद्दा नहीं है। विपक्ष विकास को लेकर कोई बात नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा विपक्ष आज परेशान है कि एनडीए सौहार्दपूर्ण तरीके से सीट बंटवारे की घोषणा कर दी और आज से उम्मीदवारों की भी घोषणा शुरू हो गई है। विपक्ष हताशा में है और मीडिया को कुछ शिगूफा देने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि एनडीए में शामिल पांचों दल चट्टानी एकता के साथ चुनावी मैदान में चल दिए हैं। भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि मैंने पहले भी कहा था कि आधे दर्जन से ज्यादा विधायक कांग्रेस और राजद छोड़कर भाजपा में शामिल होंगे। अभी आगे और देखिए क्या होता है। सही अर्थों में विपक्ष धराशायी होते जा रहा है क्योंकि हमने पारदर्शिता के साथ गठबंधन धर्म भी निभाया है। उन्होंने कहा कि हम नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे और विजयी भी होंगे। बिहार का विकास रफ्तार पकड़ चुका है और अब बिहार विकसित बनेगा।

प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी और विधान पार्षद संजय मयूख और प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल भी मौजूद रहे।

## डॉ. प्रेम कुमार को नौवी बार टिकट मिलने पर भाजपा नेताओं ने मनाया जश्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** केंद्रीय चुनाव समिति द्वारा बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री एवं नगर विधायक डॉ. प्रेम कुमार को गया शहर विधानसभा सीट से नवमी बार प्रत्याशी घोषित किए जाने की खुशी में भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने आज भव्य रूप से जश्न मनाया। इस अवसर पर पूरे जिले में हर्षोल्लास का माहौल रहा। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जिला पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार, सुनील सिन्हा, विधानसभा विस्तारक संजय बराडे, जिला प्रवक्ता बंटी वर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राम पुकार सिंह, धनंजय कुमार धीरू, राजनंदन प्रसाद गांधी, दक्षिणी मंडल महामंत्री गाजो बाबा, गौतम गोस्वामी, सोनी सिन्हा, दिवाकर कुमार, नरेश चंद्रवंशी, पिंटू शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सामाजिक पुनर्निर्माण पर केंद्रित सांस्कृतिक आयोजन में विश्वा पटना द्वारा नाटक 'नवोत्थान' का मंचन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** विकास प्रबंधन संस्थान (डीएमआई), पटना द्वारा 'अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस 2025' के अवसर पर एक विशेष आयोजन, ज्ञान भवन, पटना में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के निदेशक प्रो. देवी प्रसाद मिश्रा एवं चंद्रशेखर सिंह (भा.प्र.से) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर नाट्य संस्था वाइटल इन्वेंशन सोशल हार्मोनी विथ आर्ट द्वारा सामाजिक सरोकारों पर आधारित नाटक 'नवोत्थान' का प्रभावशाली मंचन किया गया। नाटक का निर्देशन राजेश नाथ राम ने किया जबकि संगीत निर्देशन मो. जॉनी का था और प्रकाश परिकल्पना राजीव राय ने किया, नाट्य लेखन विवेक कुमार द्वारा किया गया। 'नवोत्थान' की कहानी बिहार के एक गांव की घटनाओं पर आधारित है, यह नाटक दर्शकों को सोचने पर मजबूर करता है कि आपदा केवल प्राकृतिक नहीं, बल्कि सामाजिक और मानवीय चेतना की भी परीक्षा होती है। नाटक के माध्यम से आपदा प्रबंधन दल के सदस्य ग्रामीणों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से आपदा के कारणों और बचाव के उपायों की जानकारी देते हैं। 'नवोत्थान' केवल एक आपदा-कथा नहीं, बल्कि मानवता, पुनर्निर्माण और आशा की यात्रा है जो दर्शाती है कि जागरूकता और एकजुटता से ही किसी भी संकट से उबरा जा सकता है। कार्यक्रम में डीएमआई के छात्र, शिक्षकगण, आपदा प्रबंधन से जुड़े विशेषज्ञ, और अनेक अतिथि उपस्थित रहे। सभी ने नाटक की सामाजिक प्रासंगिकता और प्रस्तुति की सराहना की। मंच पर - गंगिया अपराजिता कुमारी- सूत्रधार हर्ष कुमार,- सोनू - सौरभ शेखर,- मोछू + कलाकार 1 - विनोद कुमार विश्वकर्मा,- भंजू और दिना - रवि कुमार,- अग्निदेव+कलाकार 3 + कलाकार 2 - प्रिंस राज,- कलाकार 4+ कलाकार 5 - अमन आदर्श,- मोछू की पत्नी - उर्मिला कुमारी,- सोनू की मां - सपना,- टीचर+ कलाकार 3+ चाचा - मो. आसिफ़,- नाल वादक - सहदेव चौधरी,संगीत निर्देशन - मो जानी मौजूद रहे।

# लेडीज विंग-पंजाबी बिरादरी, पटना ने किया दीपावली उत्सव का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** लेडीज विंग-पंजाबी बिरादरी, पटना द्वारा दीपावली का पावन पर्व अत्यंत हर्षोल्लास और पारंपरिक गरिमा के साथ लाला लाजपत राय भवन, टी.एन. बनर्जी रोड, छज्जू बाग, पटना में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वीना भगत, पंजाबी बिरादरी, पटना के अध्यक्ष दिलजीत खन्ना एवं सीमा खन्ना द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। दीपों की इस ज्योति ने उत्सव का शुभारंभ मंगलमय बनाया। इस भव्य आयोजन का संचालन अध्यक्ष उमा सिंह, महासंयोजक बबी भल्ला, वित्त नियंत्रक ईशा जैन तथा संयोजिकाओं अंजु भसीन (पूर्व अध्यक्ष) एवं रितिका जगवानी के कुशल नेतृत्व में हुआ। दीपों, पुष्पों और रोशनी से सजे सभागार में संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। सभी सदस्याओं और अतिथियों की सहभागिता ने इस शाम को और भी रंगीन और यादगार बना दिया। अपने संबोधन में दिलजीत खन्ना, अध्यक्ष-पंजाबी बिरादरी, पटना ने सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और लेडीज विंग की मेहनत व रचनात्मकता की सराहना की। उन्होंने कहा कि पंजाबी बिरादरी हमेशा एकता, करुणा और सांस्कृतिक गौरव की प्रतीक रही है। श्री खन्ना ने समाज में प्रकाश, सकारात्मकता और सद्भाव फैलाने का संदेश दिया तथा बिरादरी की महिलाओं के सामाजिक व सांस्कृतिक योगदान की प्रशंसा की। मुख्य अतिथि वीना भगत ने अपने संबोधन में इस उत्सव की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, प्रेम और पारिवारिक सौहार्द को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने आयोजकों को सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी। कार्यक्रम का समापन भव्य संगीत संध्या के साथ हुआ जिसमें सभी उपस्थित अतिथियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और दीपावली के इस पावन पर्व की खुशियों का आनंद उठाया।

# विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा मीडिया सेंटर का दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन

### पत्रकारों की सुविधा के लिए पार्टी से जुड़ी सभी सूचनाएं मिल सकेंगी : धर्मेंद्र प्रधान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार भाजपा द्वारा पटना के होटल चाणक्य में विधानसभा चुनाव के लिए मीडिया सेंटर का शुभारंभ किया गया। इस मीडिया सेंटर से पत्रकार चुनाव से संबंधित पार्टी की खबरों को आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा बिहार चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस मीडिया सेंटर का उद्घाटन किया और इसकी भूमिका की चर्चा की गई। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि बिहार की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ खड़ी है और उन पर विश्वास भी करती है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि इस चुनाव में एनडीए प्रदेश में एक बार फिर से सरकार बनाएगी और ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को परेशानी न हो इसके लिए मीडिया सेंटर का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान कई तरह की भ्रामक खबरें भी उड़ाई जाती हैं। इस सेंटर से पत्रकार वास्तविकता की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि पत्रकारों को मीडिया सेंटर से कार्य करने में सुविधा मिल सकेगी। पार्टी से जुड़ी कोई भी चुनावी खबरें आसानी से मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान मीडिया का उत्तरदायित्व और भी बढ़ जाता है जिस कारण उनका परिश्रम भी बढ़ता है। कम समय में सही खबरें पहुंचाना उनकी जिम्मेदारी होती है। ऐसे में यह मीडिया सेंटर उनके लिए मददगार होगा। पार्टी से जुड़ी खबरें उन्हें तत्काल उपलब्ध हो जाएंगी। इधर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि मीडिया सेंटर संवाद का प्रमुख केंद्र होता है। चुनाव में इसकी भूमिका अति महत्वपूर्ण साबित होगी। इस मौके पर उन्होंने पार्टी के सभी प्रवक्ता और पैनलिस्ट से अपील करते हुए कहा कि वे बेहद मजबूती से एनडीए सरकार के कार्यों को जनता के समक्ष रखेंगे।

## कुम्हरार विधानसभा से सुशील मोदी के शिष्य संजय गुप्ता को मिला टिकट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। पहली सूची में कुम्हरार विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रदेश मंत्री संजय कुमार गुप्ता को टिकट मिला है। लिस्ट में नाम आने के बाद संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि मैं स्व. सुशील कुमार मोदी का शिष्य हूं और उन्हीं के आदर्श और विचार से प्रभावित होकर राजनीति में आया था। उन्होंने कहा कि स्व. मोदी के आदर्शों को अपनाकर ही मैं इस चुनाव को लड़ूंगा और जीतूंगा। सुशील कुमार मोदी पटना मध्य से चुनाव जीतते थे और मुझे भी पटना के कुम्हरार विधानसभा क्षेत्र से टिकट मिला है। इसके लिए मैं पार्टी के शीर्ष सभी नेताओं और अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता के प्रति आभार प्रकट करता हूं। गौरतलब है कि संजय कुमार गुप्ता की राजनीतिक यात्रा 1993 में शुरू हुई। वे 15 वर्ष की आयु में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् से जुड़कर संघ के स्वयंसेवक बने। 1994 में पटना मध्य विद्यानसभा क्षेत्र (वर्तमान कुम्हरार विधानसभा) के तत्कालीन विधायक स्व. सुशील कुमार मोदी से सम्पर्क हुआ और उनके आग्रह पर 1995 विधानसभा चुनाव में संत मैथ्यू स्कूल मतदान केन्द्र कंकड़बाग के 4 बूथ का प्रभारी बन भाजपा में कार्य प्रारम्भ किए।

## फतुहा से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे रंजीत कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** फतुहा विधानसभा से हम से के पूर्व राष्ट्रीय सचिव रंजीत कुमार उर्फ रंजीत चंद्रवंशी चुनावी मैदान में उतर रहे हैं। वो यहां से निर्दलीय प्रत्याशी होंगे। उन्होंने कहा कि यहां पिछड़े और अतिपिछड़ों की सेवा करेंगे। वे शिक्षा और रोजगार पर विशेष जोर देंगे। रंजीत कुमार हमेशा गरीबों की आवाज रहे हैं। उन्होंने मुफ्त स्वास्थ्य लाभ देने का संकल्प भी लिया है और अपने क्षेत्र में गरीब परिवार को मुफ्त शिक्षा दे रहे हैं। उन्होंने दावा किया है कि जनता का प्यार व समर्थन उनके साथ है।

# होटल मौर्या में शुरू हुआ दो दिवसीय बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** राजधानी के होटल मौर्या में बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी के 38वें संस्करण का भव्य शुभारम्भ किया गया। इस दो दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि लायंस क्लब इंटरनेशनल की पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर वीणा गुप्ता, विशिष्ट अतिथि नेहा त्यागराजन, प्रीति प्रिया एवं बुटिक्स ऑफ इंडिया के संस्थापक एवं सीईओ संजय अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। 14 और 15 अक्टूबर को आयोजित इस दो दिवसीय प्रदर्शनी में 40 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के डिजाइनर ज्वेलरी, कपड़े, घरेलू सजावट उत्पाद, फुटवेयर्स आदि ग्राहकों के लिए उपलब्ध हैं। बुटिक्स ऑफ इंडिया के संस्थापक एवं सीईओ संजय अग्रवाल ने बताया कि बुटिक्स ऑफ इंडिया देश के विभिन्न शहरों से चुनिंदा डिजाइनर्स और बुटिक्स को एक मंच पर लाता है। ताकि पटना के लोगों को फेस्टिव सीजन में ट्रेंडिंग फैशन और लाइफस्टाइल प्रोडक्ट्स की एक ही जगह पर शानदार रेंज मिल सके। इस प्रदर्शनी में देशभर से आये डिजाइनर्स ने अपने आकर्षक फेस्टिव वियर, ज्वेलरी, लाइफस्टाइल प्रोडक्ट्स और होम डेकोर आइटम्स प्रदर्शित किए हैं। संजय अग्रवाल ने बताया कि आगामी दिवाली और वेडिंग सीजन को देखते हुए इस बार प्रदर्शनी में एथनिक और इंडो - वेस्टर्न कलेक्शंस को खास तौर पर शामिल किया गया है।


**Format C-7**
(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : राष्ट्रीय जनता दल
***Name of the Election** : बिहार विधान सभा
**Name of State/UT** : बिहार
**(1)** Name of Constituency : 133, समस्तीपुर
Name of the candidate : अख्तरूल इस्लाम शाहीन

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | (1) आचार संहिता उल्लंघन (2) जनप्रतिनिधि अधिनियम (3) मारपीट (4) मारपीट |
| | b. | **Case no. :** | (1) सचिवालय थाना काण्ड संख्या-64/2020, धारा-188, 269, 270, आई.पी.सी.-3 Epidemic Act 51 Disaster Management Act (2) कोतवाली थाना काण्ड संख्या-207/2019, धारा-17/F, 118, (3) समस्तीपुर नगर थाना काण्ड संख्या-241/2010, धारा-323, 504 IPC (4) सी०आर० संख्या- 509/2016, धारा-क्रि० रिवी 302, 2017 स्वीकृत |
| | c. | **Name of the Court :** | (1) एसीजेएम-II, आफताब आलम (2) जेएमएफसी-शमीशा सुशान (3) जेएमएफसी-पी०के० चौधरी (4) एसडीजेएम समस्तीपुर |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | (1) नहीं (2) नहीं (3) नहीं (4) नहीं |
| | e. | Date of conviction, if any | (1)लागू नहीं (2) लागू नहीं (3) लागू नहीं (4) लागू नहीं |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | (1)लागू नहीं (2) लागू नहीं (3) लागू नहीं (4) लागू नहीं |
| | g. | Any other information required to be given | लागू नहीं |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications. achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | राजनीतिक रूप से ये अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है, इनकी शैक्षणिक योग्यता इंटर है। |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | वर्तमान में विधायक होने के कारण अन्य उम्मीदवारों के तुलना में इनके जितने की संभावना ज्यादा है। |

राष्ट्रीय जनता दल (बिहार प्रदेश) द्वारा प्रकाशित

# पदाधिकारियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण का डीएम ने लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा भ्रमण कार्यक्रम के दौरान बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के निमित्त स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने के उद्देश्य से एसएस बालिका विद्यालय प्लस टू, बिहारशरीफ एवं आवासीय मॉडल मध्य विद्यालय, भैसासुर, बिहारशरीफ में चल रहे पीठासीन पदाधिकारी एवं प्रथम मतदान पदाधिकारी के प्रशिक्षण कार्यों का निरीक्षण किया गया। सभी प्रशिक्षण देने वाले जिला मास्टर ट्रेनर को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान सभी पीठासीन पदाधिकारियों एवं प्रथम मतदान पदाधिकारियों को आवश्यक जानकारी से अवगत कराया जाए। जिसमें मुख्य रूप से



प्रपत्र 17सी भरकर वितरण शत-प्रतिशत मतदान अभिकर्ताओं को कराते हुए उनके हस्ताक्षर प्राप्त करना है, वीटीआर की शुद्धता हेतु सीयू से मिलान अवश्य करेंगे, साथ ही इसीआइ नेट ऐप पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे, मॉक पोल को निश्चित रूप से क्लियर करेंगे।

इवीएम डेमोंसट्रेशन का प्रशिक्षण एसएस बालिका विद्यालय प्लस टू में प्रतिदिन 720 पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है एवं आवासीय मॉडल मध्य विद्यालय भैसासुर में प्रतिदिन 1200 पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इवीएम डेमोंसट्रेशन का प्रशिक्षण 11 से 16 अक्टूबर 2025 तक अनवरत जारी रहेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इवीएम डेमोंसट्रेशन कार्य का गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करेंगे, ताकि बिहार विधानसभा आम निर्वाचन का कार्य त्रुटि रहित संपन्न किया जा सके। इस अवसर पर अपर समाहर्ता प्रशिक्षण कोषांग, संबंधित जिला मास्टर ट्रेनर आदि उपस्थित थे।

## नामांकन को लेकर प्रशासन मुस्तैद

नवबिहार टाइम्स संवाददता

**नवादा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के द्वितीय चरण में 11 नवंबर को होने वाले मतदान को लेकर नवादा जिला प्रशासन ने नामांकन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने की तैयारियां तेज कर दी हैं। 13 अक्टूबर से जिले के सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों में नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने का कार्य शुरू हो गया है, जिसकी अंतिम तिथि 20 अक्टूबर, संवीक्षा 21 अक्टूबर और अभ्यर्थिता वापसी की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर निर्धारित की गई है। नामांकन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक संबंधित निर्वाची पदाधिकारियों के कार्यालय में लिए जा रहे हैं। पहले दिन 14 अक्टूबर को रजौली में कोई नामांकन नहीं हुआ, जबकि हिसुआ और नवादा में दो-दो, गोविंदपुर में चार और वारिसलीगंज में एक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुआ। नामांकन स्थलों पर स्वच्छ, निष्पक्ष, भयमुक्त एवं पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए हेल्प डेस्क, वेटिंग रूम, सीसीटीवी, वीडियोग्राफी और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

# नालंदा कॉलेज में 'वॉल ऑफ डेमोक्रेसी' का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददता

**बिहारशरीफ।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनज़र नालंदा कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस पहल का उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं आम नागरिकों में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के तहत कॉलेज परिसर में एक विशेष दीवार पर छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा अन्य उपस्थित लोगों के द्वारा लोकतंत्र, मतदान और जिम्मेदार नागरिकता से संबंधित विचार एवं संदेश दिये गए। इस दीवार को 'वॉल ऑफ डेमोक्रेसी' नाम दिया गया, जो जनभागीदारी और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रतीक बनी। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों को मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी के लिए मतदान शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या प्रो. सुनीता सिन्हा ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत




विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और बिहार गणराज्य की जननी है। ऐसे में यहाँ के युवाओं की जिम्मेदारी है कि वे मतदाता जागरूकता के लिए अग्रसर हों और इस बार बिहार में अधिकतम मतदान सुनिश्चित कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि कम मतदान दर लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है, अतः प्रत्येक नागरिक को आगे बढ़कर मतदान करना चाहिए ताकि राज्य के विकास में भागीदारी सुनिश्चित हो सके। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. बिनीत लाल ने बताया कि इस हस्ताक्षर अभियान और मतदान शपथ कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक जागरुकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि मतदान हमारा अधिकार है और एक जिम्मेदारी भी। हमें अपने परिवार और समाज को भी मतदान के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे लोकतंत्र को सशक्त बनाने हेतु योग्य नेताओं का चयन करें और राज्य को शैक्षणिक, तकनीकी, कृषि, औद्योगिक, रोजगार और महिला सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में आगे ले जाने के लिए मतदान अवश्य करें। हस्ताक्षर अभियान में छात्रों के अलावे शिक्षक संघ के सचिव डॉ रत्नेश अमन, राजनीति विज्ञान के डॉ श्रवण कुमार, भौतिकी के डॉ शशांक शेखर झा, गणित विभाग के डॉ उपेन मंडल, उर्दू विभाग के डॉ शाहिदूर रहमान, दर्शनशास्त्र विभाग की डॉ श्रद्धा, डॉ इकबाल, डॉ अंजनी कुमार सहित सहित कई शिक्षकों ने भी भाग लिया।

# संदिग्ध स्थितियों में युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** थाना क्षेत्र के हरदिया सेक्टर-बी से एक सप्ताह पूर्व मजदूरी करने कानपुर गए युवक की संदेहास्पद मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक की पहचान हरदिया सेक्टर-बी निवासी राजकुमार मिस्त्री के 28 वर्षीय पुत्र पवन कुमार के रूप में हुई है। मृतक अपने पीछे पत्नी बेबी देवी,पुत्र आर्यन कुमार (8 वर्ष) एवं पुत्री आरुषि कुमारी (6 वर्ष) को पीछे छोड़ गए हैं।



**कैसे हुई घटना**

पवन कुमार के चचेरे भाई मोहन कुमार ने बताया कि बीते 7 अक्टूबर को पवन अपने दो साढ़ू के साथ फर्नीचर दुकान में काम के उद्देश्य से कानपुर गया था। बीते सोमवार की शाम 7:30 बजे तक परिजनों से बातचीत हुई है,किंतु उसके बाद रात्रि में लगभग 11 बजे पवन की सास ने फोन कर बताई कि पवन मर चुका है। पवन की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं मंगलवार को दोपहर में एक एंबुलेंस पर शव को लेकर दोनों साढ़ू कानपुर से हरदिया आ रहे थे। इसी बीच हरदिया से पहले रजौली में ही वे दोनों शव को एंबुलेंस में छोड़कर फरार हो गए।

**मारपीट कर की गई हत्या**

शव को लेकर जब एंबुलेंस पवन के घर पहुंची,तो परिजनों ने देखा कि पवन के पार्थिव शरीर पर कई जगहों पर मारपीट के निशान दिखाई दिए। पवन के पिता राजकुमार मिस्त्री ने बताया कि हमारे बड़े बेटे पवन की हत्या उसके दोनों साढ़ू गया जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र के सलैया नावाडीह गांव निवासी सुरेन्द्र मिस्त्री के पुत्र विक्रम मिस्त्री और भड़रा गांव निवासी आनंदी मिस्त्री के अलावे ठेकेदार पुरानी हरदिया निवासी स्व. सितो मिस्त्री के पुत्र जितेंद्र मिस्त्री एवं हरदिया सेक्टर-ए निवासी रंजीत मिस्त्री ने मिलकर की है।

**क्या कहते हैं थानाध्यक्ष**

इस बाबत थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि हरदिया के एक युवक के शव को लेकर सूचना मिली। सूचना के आलोक में तुरंत पुलिस बलों को भेज शव को कब्जे में लिया गया और पोस्टमार्टम हेतु नवादा सदर अस्पताल भेजा गया है। वहीं मृतक के परिजनों द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।साथ ही बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# स्वीप आइकॉन डा. मानव ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** सभी युवा मतदाता आने वाले विधान सभा के चुनाव में 6 नवम्बर को बंपर वोटिंग जरूर करें क्योंकि लोकतंत्र में एक एक वोट की कीमत होती है। उक्त बातें मंगलवार को जिला स्वीप आइकॉन डा. आशुतोष कुमार मानव ने 175 विधान सभा क्षेत्र हिलसा डाकबंगला स्थित राज कंप्यूटर सेंटर, आरसीएस सभागार में आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान को संबोधित करते हुए कही। स्वीप कार्यक्रम में शामिल दर्जनों छात्र - युवाओं से कहा कि आप लोग लोकतन्त्र के सारथी हैं। अपने गांव, मुहल्ले में जाकर आम जन को मतदान की प्रक्रिया और उसके महत्व के बारे में बताइये और देश के आदर्श विद्यार्थी होने का फर्ज निभाइये। मधुमिता कुमारी ने कहा कि चुनाव में मतदान का प्रतिशत कम होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे लोक तंत्र कमजोर होगा। इसलिए अपने अपने अभिभावकों को जागरूक




करने में अभी से जुट जाएं ताकि इस बार बंपर वोटिंग हो। डा। मानव ने जागरूकता औरअभियान के क्रम में 'पहले मतदान फिर जलपान, चाहे जो भी हो मजबूरी वोट देना बहुत जरूरी' जैसे कई नारे लगवाए तथा छात्र-युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि स्वीप के तहत लगातार इस तरह का आयोजन किया जा रहा है,ताकि आगामी 6 नवम्बर को बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 में मतदान का प्रतिशत बढ़ सके।

# धनबाद विधायक राज सिन्हा का नवादा में जोरदार स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** धनबाद से भाजपा विधायक व विधानसभा में पार्टी के सचेतक राज सिन्हा का नवादा में पहुंचने पर एनडीए कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। पार्टी नेतृत्व द्वारा धनबाद के विधायक राज सिन्हा को वारिसलीगंज विधानसभा और रजौली विधानसभा का प्रभारी बनाया है। गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। 11 नवंबर को नवादा में मतदान होगा और 14 नवंबर को रिजल्ट घोषित किए जाएंगे। नवादा पहुंचने पर कार्यकर्ताओं में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजीत शंकर, भाजपा के जिला महामंत्री अरविंद गुप्ता, जदयू के जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, विनोद चौधरी , राहुल कुमार , भाजपा के मुकेश कुमार, विश्वास कुमार विशु सहित अनेक लोगों ने बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जिस उद्देश्य से मुझे रजौली और वारसलीगंज विधानसभा का प्रभारी बनाया है मैं अपने उद्देश्य को कार्यकर्ताओं के सहयोग से पूरा करने में सफल हो पाऊंगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से चुनाव रूपी पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।

# महिलाओं के लिए विशेष सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में रोटरी क्लब तथागत बिहारशरीफ द्वारा एक विशेष सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं और युवतियों को कौशल विकास के माध्यम से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम का संचालन प्रोजेक्ट डायरेक्टर रोटेरियन रश्मि दास और रोटेरियन मंजू प्रकाश के देखरेख में किया गया। प्रशिक्षण सत्र में मास्टर ट्रेनर रोटेरियन रामा कांत, रिंकू सिन्हा एवं मास्टर मो. अफजल द्वारा प्रतिभागियों को सिलाई की विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। क्लब अध्यक्ष रो. परमेश्वर महतो ने बताया कि रोटरी इंटरनेशनल कैलेंडर के अनुसार अक्टूबर माह को महिलाओं के आर्थिक



और सामुदायिक विकास के लिए समर्पित किया गया है। इसी कड़ी में रोटरी क्लब तथागत द्वारा यह पहल की गई है, ताकि समुदाय के लोगों के जीवन में आर्थिक सुधार और आत्मनिर्भरता लाई जा सके। क्लब सचिव रो. मधु कंचन ने बताया कि रोटरी क्लब तथागत समय-समय पर महिलाओं के लिए विविध कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। कार्यक्रम ने स्थानीय महिलाओं में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार किया। इसी श्रृंखला में आगामी 16 अक्टूबर को हनी ब्यूटी पार्लर के सहयोग से एक ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर क्लब के वरिष्ठ सदस्य रो. विश्व मास्टर, रो. संजीव दास, रो. अशोक कुमार, हेमलता कुमारी समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

# समेकित कीट व मृदा पोषक तत्व प्रबंधन पर प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र में नाबार्ड संपोषित एवं महिला विकास समिति, रजौली नवादा द्वारा मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय फरकाबुजुर्ग, चमार बिगहा में जलवायु परिवर्तन कार्यक्रम के तहत समेकित कीट एवं मृदा पोषक तत्व प्रबंधन विषय पर एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में नाबार्ड के डीडीएम नवादा, सुशांत रौशन और महिला विकास समिति की सचिव लीला कुमारी की उपस्थिति रही। किसानों को प्रशिक्षण देने के लिए कृषि विज्ञान केंद्र, कौआकोल के कृषि वैज्ञानिक रौशन कुमार को आमंत्रित किया गया था। प्रशिक्षक रौशन कुमार ने किसानों को बताया कि समेकित कीट प्रबंधन एक ऐसी पद्धति है, जिसमें कीटों को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न तकनीकों एवं रणनीतियों का संयोजन किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य कीटों का प्रभावी ढंग से नियंत्रण करना है, साथ ही पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभावों को कम करना है। उन्होंने समेकित मृदा पोषक तत्व प्रबंधन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसके तहत फसलों को पोषक तत्व प्रदान करने के लिए विभिन्न स्रोतों और तकनीकों का संयोजन किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य मिट्टी की उर्वरता बनाए रखना,फसलों की उत्पादकता को बढ़ाना और पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभावों को कम करना है।

# रंगोली बनाकर बच्चों ने मतदाताओं को किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को पकरीबरावां प्रखण्ड के कई विद्यालयों में कार्यक्रम किया गया। महंत रामधन पुरी इंटर विद्यालय बुधौली, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बुधौली, मध्य विद्यालय पकरीबरावां, उत्क्रमित मध्य विद्यालय श्यामदेव, मध्य विद्यालय कोनन्दपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय डोला आदि में बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया। महंत रामधन पुरी इंटर विद्यालय बुधौली में बच्चों ने




आकर्षक रंगोली बनाकर मतदाताओं को जागरूक किया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय बुधौली में बच्चों ने मतदाता जागरूक रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। प्रधानाध्यापक राज कुमार के नेतृत्व और शिक्षकों सुनील कुमार पासवान, सुरभि कुमारी तथा तबस्सुम के सहयोग से निकाली गई रैली में बच्चों ने हाथों में तख्तियां लेकर मतदान सम्बन्धी नारे लगाए। बच्चों ने कहा पहले मतदान, फिर जलपान, लोकतंत्र की शान है, मतदान हमारी जान है। रैली विद्यालय परिसर से निकलकर गांव के विभिन्न टोलों से होकर वापस विद्यालय पहुंची। बच्चों के उत्साह और जोश ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। ग्रामीणों ने भी बच्चों का स्वागत कर मतदान दिवस पर मतदान करने का संकल्प लिया।

# शराब के साथ दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों ने दो अलग अलग बसों से शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक वाहनों की सघन जांच उत्पाद बलों के सहयोग से प्रत्येक दिन चौबीसों घंटे की जा रही है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्यनिषेध एवं चुनाव के मद्देनजर अंतरराज्यीय जांच चौकियों पर उत्पाद बलों को अलर्ट मोड पर रखा गया है,ताकि शराब समेत अन्य नशीले पदार्थों की खेप नवादा क्षेत्र में नहीं पहुंच सके। जांच चौकी पर उत्पाद बलों का नेतृत्व उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता कर रहे हैं। मंगलवार की सुबह मां भवानी बस पर सवार रहे सारण जिले के दरियापुर थाना क्षेत्र निवासी चंद्रदेव राय के पुत्र मुकेश कुमार एवं श्री नामक यात्री बस पर सवार रहे मढ़ौरा थाना क्षेत्र निवासी राजकुमार प्रसाद के पुत्र संजीव कुमार को उत्पाद एसआई प्रवीण कुमार ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों युवकों के पास से 750 एमएल वाले एक-एक बोतल विदेशी शराब जब्त किया गया है। गिरफ्तार युवकों ने बताया कि वे व्यक्तिगत उपयोग के लिए झारखंड से शराब को अपने बैग में छुपाकर ले जा रहे थे। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब एवं गिरफ्तार युवकों के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# विधानसभा चुनाव को लेकर नालंदा में सघन वाहन जांच अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** आगामी 6 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले में पुलिस प्रशासन द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। नालंदा-नवादा को जोड़ने वाले राज्य हाईवे 71 पर मायापुर मोड़ के पास एक विशेष चेकपोस्ट स्थापित किया गया है। यहां दोपहिया और चारपहिया सभी वाहनों की सावधानी पूर्वक जांच की जा रही है। इस चेकपोस्ट पर कृषि सलाहकार रामचंद्र कुमार को दंडाधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि एसआई संजय सिंह पुलिस बल के साथ तैनात हैं। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि यह चेकपोस्ट



विधानसभा चुनाव को भयमुक्त और निष्पक्ष बनाने की दिशा में उठाया गया कदम है। वाहनों की आवाजाही पर लगातार कड़ी निगरानी रखी जा रही है। पुलिस अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में नियमित गश्त और निरीक्षण भी किया जा रहा है, ताकि असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाया जा सके और मतदाताओं को शांतिपूर्ण माहौल में मतदान करने में सुविधा हो।


**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party : Rashtriya Janata Dal**

***Name of the Election : Bihar Legislative Assembly**

**Name of State/UT : Bihar**

(1) Name of Constituency : 144, Matihani


Name of the candidate : Narendra Kumar Singh

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | **1.** Code of Conduct, **2.** Breach of Peace, **3.** Bricks Control, **4.** Fraudster, **5.** Acquiring Sisam Tree and 10 feet land from other's property, **6.** Fraudster, Extortion and Conspiracy, **7.** Code of Conduct, Representation of Peoples Act, Bihar Control of the use & play of Loudspeaker |
| | b. | Case no. | **1.** Matihani PS Case No. 108/2005, Dist - Begusarai, State - Bihar, U/S 188 IPC, 171 (H) IPC Code of Conduct, **2.** Muffasil PS Case No. 98/2014, Dist - Begusarai, State - Bihar, U/S 147, 148, 149, 188, 341, 323, 324, 307, 353, 332 IPC Breach of Peace, **3.** CC Act Case No. 260 C2 2001, U/s 25/26 Bricks Control, **4.** CBI Patna, Case No. RC 34(S)/1997, CBI RC 34(S)/97 U/s 120B, 492, 470, 420/511 IPC, **5.** Barauni PS Case No. 61/21, Dist - Begusarai, Bihar, U/s 379, 427, **6.** Complaint Case No. 542/2020, Dist - Begusarai, Bihar, U/s 323, 342347, 384, 420/120(B) of IPC, **7.** Muffasil PS Case No. 542/2020, Dist - Begusarai, Bihar, U/S 188 IPC, 127 (A)/ Representation of Peoples Act, 9 in the Bihar Control of the use & Play of Loudspeaker ACT 1955 |
| | c. | Name of the Court | **1.** JM-I, begusarai, Dist - Begusarai, State - Bihar, **2.** ADJ-II Special MP/MLA, Begusarai, Dist - Begusarai, State - Bihar, **3.** JM-I, Begusarai, Dist - Begusarai, State - Bihar, **4.** Exclusive Magistrate, CBI, Patna, **5.** ACJM-I, MP/MLA Court, Dist - Begusarai, Bihar, **6.** ACJM-I, MP-MLA Court, Dist - Begusarai, Bihar, **7.** ACJM-I, MP/MLA Court, Dist - Begusarai, Bihar |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | **(1)** No **(2)** No **(3)** No **(4)** No **(5)** No **(6)** No **(7)** No |
| | e. | Date of conviction, if any | **(1)** Not Applicable **(2)** Not Applicable **(3)** Not Applicable **(4)** Not Applicable **(5)** Not Applicable **(6)** Not Applicable **(7)** Not Applicable |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | **(1)** Not Applicable **(2)** Not Applicable **(3)** Not Applicable **(4)** Not Applicable **(5)** Not Applicable **(6)** Not Applicable **(7)** Not Applicable |
| | g. | Any other information required to be given | Not Applicable |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | He is very popular in his area and is very active in the social welfare work. He is Intermediate pass. |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | He is Ex. MLA and his probability of winning is hire than other candidates. |

**Published by Rashtriya Janta Dal (Bihar Pradesh)**

## भाजपा गया पूर्वी में चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न

# मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भारतीय जनता पार्टी गया पूर्वी द्वारा सोमवार को गया महानगर स्थित पार्टी कार्यालय में चुनाव प्रबंधन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री एवं गया विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. प्रेम कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक रणनीति, बूथ सशक्तिकरण और जनसंपर्क अभियान की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'चुनाव एक सामूहिक प्रयास का पर्व है जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। हमें केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के सर्वांगीण विकास के लिए जो योजनाएं चल रही हैं, उन्हें जनता के बीच प्रभावी ढंग से प्रचारित करने की जिम्मेदारी हम सभी की है। बैठक में विभिन्न कार्यों की जिम्मेदारी पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सौंपी गई, ताकि चुनावी तैयारियों को सुदृढ़ और संगठित रूप से आगे बढ़ाया जा सके। बैठक की अध्यक्षता जिला महामंत्री सुनील सिंह ने की। इस अवसर पर पप्पू चंद्रवंशी, विकास कुमार, नीरज निश्चल, दीपू , वेद प्रकाश, अमित लोहानी, राजनंदन गांधी, अशोक साहनी, रौनक सेठ, सागर सचदेवा, शिवा मांझी, पिंटू, दीनानाथ सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने आगामी चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ काम करने का संकल्प लिया।

# अभ्यर्थी व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग के सदस्यों के साथ बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिला परिषद सभागार में व्यय प्रेक्षक, गया के विधान सभा की अध्यक्षता में सम्पन्न बिहार विधान सभा निर्वाचन, 2025 हेतु गठित अभ्यर्थी व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग के तहत गठित सदस्यों के साथ बैठक आयोजित मंगलवार को व्यय प्रेक्षक, गया अमन प्रीत (आईआरएस) की अध्यक्षता में गया जिलान्तर्गत अवस्थित विधान सभा क्षेत्र- गया टाउन, अतरी, बेलागंज, बोधगया एवं वजीरगंज हेतु अभ्यर्थी व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग के तहत गठित एईओ, एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी, वीएसटी, एटी एवं एमसीएमसी के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अभ्यर्थी व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग के वरीय प्रभारी पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी तथा कोषांग के अधीन प्रतिनियुक्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम व्यय प्रेक्षक द्वारा विधान सभा क्षेत्र-गया टाउन, अतरी, बेलागंज, बोधगया एवं वजीरगंज हेतु अभ्यर्थी व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग के तहत गठित एईओ, एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी, वीएसटी, एटी एवं एमसीएमसी के सदस्यों से परिचय लिया गया। तत्पश्चात उनके द्वारा सभी टीमों के कार्यों की समीक्षा करते हुए उनके कर्त्तव्यों की समीक्षा की गई। समीक्षोपरांत उनके द्वारा कहा गया कि निर्वाचन के क्रम आप सभी का कार्य अतिमहत्वपूर्ण है। अतएव आप अपने कार्यों को पूरी ईमानदारी से कर्तव्यनिष्ठा के साथ करें।


**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : राष्ट्रीय जनता दल
***Name of the Election** : बिहार विधान सभा
**Name of State/UT** : बिहार
**(1)** Name of Constituency : 198, शाहपुर
Name of the candidate : राहुल तिवारी

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | आचार संहिता एवं आपदा अधिनियम का उल्लंघन |
| | b. | Case no. | सचिवालय थाना, पटना कांड संख्या-64/2020, आई.पी.सी. की धारा संख्या 168/269/270 एवं महामारी अधि. की धारा-3 एवं आपदा अधि. की धारा-51 |
| | c. | Name of the Court | व्यवहार न्यायालय, पटना |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | नहीं |
| | e. | Date of conviction, if any | लागू नहीं |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | लागू नहीं |
| | g. | Any other information required to be given | लागू नहीं |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications. achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | राजनीतिक रूप से ये अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है, इनकी शैक्षणिक योग्यता इंटरमीडिएट है। |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | वर्तमान में विधायक होने के कारण अन्य उम्मीदवारों के तुलना में इनके जितने की संभावना ज्यादा है। |

राष्ट्रीय जनता दल (बिहार प्रदेश) द्वारा प्रकाशित


## जीतन राम मांझी ने दिया अपने प्रत्याशियों को सिंबल, छह सीटों से काफी असंतोष व्याप्त



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया जी में केंद्रीय मंत्री व हम संग पार्टी के संरक्षक जीतन राम मांझी ने अपने उम्मीदवारों को सिंबल दिया। एनडीए गठबंधन में हम पार्टी को 6 सीट मिली है। इसमें गया जी के इमामगंज, टिकारी, बाराचट्टी और अतरी विधानसभा की क्षेत्र सीट है। इसके अलावा जमुई के सिकंदरा और औरंगाबाद की कुटुंबा की सीट भी मिली है। अपने पार्टी के प्रत्याशियों को सिंबल देने के बाद जीतन राम मांझी ने मीडिया से कहा कि 6 सीट मिलने से काफी असंतोष है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि सब मिलकर इस विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करेंगे, लेकिन जिस तरह से हम पार्टी को सिर्फ 6 सीटों दी गई है, वह उचित नहीं है और इससे काफी असंतोष है। हमने पार्टी के कार्यकर्ताओं नेताओं को दिलासा दिया है कि आने वाले चुनाव में इसकी भारपाई होगी। किसी तरह से समझा बुझाकर अपने नेताओं कार्यकर्ताओं को सारी चीजों से अवगत कराया है। हम पार्टी के जिन प्रत्याशियों को सेंबल मिला है, उसमें इमामगंज से दीपा कुमारी टिकारी से अनिल कुमार, बाराचट्टी से ज्योति देवी, अतरी से रोमित कुमार सिकंदरा से प्रफुल्ल कुमार मांझी कुटुंबा से ललन राम है।

## आयुक्त एवं डीएम ने मतगणना केंद्रों का लिया जायजा, सुरक्षा व्यवस्था का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** आगामी 14 नवंबर को होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के मतगणना को लेकर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन ने अभी से ही इसकी तैयारी शुरू कर दी है। सोमवार को आयुक्त मगध प्रमण्डल सफीना ए एम, जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशांक शुभंकर एवं वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार अधिकारियों के साथ प्रस्तावित मतगणना केंद्र बाजार समिति एवं गया कॉलेज का निरीक्षण किया। साथ ही कई आवश्यक निर्देश आयुक्त मगध प्रमंडल द्वारा दिये गए। आयुक्त मगध प्रमंडल ने गया कॉलेज के मानविकी भवन स्थित मतगणना केंद्र में जाकर बारीकी से निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए। वही एसएसपी आनंद कुमार ने मतगणना केंद्रों पर जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मतगणना केंद्र परिसर में चारों तरफ सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि मतगणना केंद्र पर शौचालय, पीने की पानी की सुविधा अभ्यार्थियों एवं मतगणना कर्मियों के बैठने की व्यवस्था करने के साथ सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## गया डीएम के नाम से फेक व्हाट्सएप अकाउंट बनाया, जांच शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया डीएम शशांक शुभंकर के नाम से किसी असामाजिक तत्व द्वारा फेक व्हाट्सएप एकाउंट बनाया गया है। यह फेक व्हाट्सअप एकाउंट +84 376053164 नंबर से बनाया गया है। प्रोफाइल फोटो में भी जिला पदाधिकारी गया का तस्वीर का प्रयोग किया गया है। यह व्हाट्सअप एकाउंट पूरी तरह फर्जी है। इस व्हाट्सअप एकाउंट से जिला स्तरीय कुछ पदाधिकारी गण को मैसेज भेजा गया है। जिला पदाधिकारी गया ने सभी पदाधिकारियों को कहा कि इस फर्जी व्हाट्सअप एकाउंट से आये मैसेज का जबाब नही दे। डीएम ने पुलिस उपाधीक्षक साइबर सिक्योरिटी को संबंधित व्हाट्सअप एकाउंट की जांच करवाते हुए कठोर कार्रवाई कराने हेतु निर्देश दिए।

## शेरघाटी में चुनाव को लेकर बॉर्डर एरिया पर सख्त निगरानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के बॉर्डर एरिया में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। बताते चलें कि बिहार विधानसभा 2025 चुनाव को लेकर शेरघाटी पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। चुनावी सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए शेरघाटी थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाकों में पुलिस द्वारा बेरिकेटिंग लगाई गई है। बॉर्डर एरिया में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की गहन जांच की जा रही है। ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, शराब या नगद राशि के परिवहन पर रोक लगाई जा सके। शेरघाटी थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक कुमार ने बताया कि चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद है। बॉर्डर इलाकों में नाका जांच प्वाइंट बनाए गए हैं जहां पुलिसकर्मी लगातार वाहनों और यात्रियों की तलाशी ले रहे हैं। इसके साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। थानाध्यक्ष ने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की अवैध शराब की तस्करी, नकदी वितरण या हथियार की आवाजाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गश्ती दलों को 24 घंटे सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं। स्थानीय लोगों से अपील की गई है कि वे चुनाव से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। प्रशासन का उद्देश्य है कि शेरघाटी में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान माहौल बनाया जा सके।

## बिहार विधानसभा चुनाव की दूसरे चरण के नामांकन की तैयारी पूरी

### तीन विधानसभा क्षेत्रों से शेरघाटी अनुमंडल में सात एनआर कटे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के नामांकन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी तरह से चुस्त-दुरुस्त कर ली गई है। नामांकन प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। मंगलवार को नामांकन प्रक्रिया के तहत शेरघाटी अनुमंडल क्षेत्र की तीन विधानसभा सीटों शेरघाटी, इमामगंज और बाराचट्टी से कुल सात उम्मीदवारों के नामांकन पत्र हेतु (एनआर) काटे गए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए शेरघाटी अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि शेरघाटी विधानसभा से 3, इमामगंज विधानसभा से 2 तथा बाराचट्टी विधानसभा से 2 प्रत्याशियों का एनआर कटा है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन कार्यालय में पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। एसडीएम ने आगे कहा कि सभी उम्मीदवारों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही मतदाता जागरूकता से जुड़ी गतिविधियां भी जारी है। ताकि अधिक से अधिक लोग लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग ले सकें। प्रशासन का लक्ष्य निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराना है।

## करंट से हुई मौत के बाद पीड़ित परिवार को मुखिया प्रतिनिधि ने दी कबीर अंत्येष्टि राशि



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कनौसी पंचायत के केरकी गांव में करंट की चपेट में आकर हुई मौत के बाद पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दी गई। पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव ने मंगलवार को मृतक के पुत्र कौशल कुमार को कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत तीन हजार रुपये की राशि प्रदान की। विदित हो कि सोमवार को केरकी गांव निवासी 65 वर्षीय सेवानिवृत्त होम गार्ड जवान शक्ति कुमार सिंह की मौत करंट लगने से हो गई थी। वे खेत में लगी फसल देखने बधार की पगडंडी से गुजर रहे थे, तभी ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की तार अचानक टूटकर उन पर गिर गई। तार के संपर्क में आते ही उनका शरीर झुलस गया और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

## इंजीनियरिंग कॉलेज में एंटरप्रेन्योरशिप अवेयरनेस ड्राइव का आयोजन

### छात्रों में उद्यमिता के प्रति बढ़ी जागरूकता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**खिजरसराय।** राजेंद्र मिश्रा स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंटरप्रेन्योरशिप, आईआईटी खड़गपुर के तत्वावधान में गया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में एंटरप्रेन्योरशिप अवेयरनेस ड्राइव 2025 का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में उद्यमिता, नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर फैकल्टी इंचार्ज लवकुश गुप्ता ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि आज के समय में युवाओं को पारंपरिक रोजगार से आगे बढ़कर स्वयं रोजगार सृजन की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए। कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजन सरकार ने अतिथियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि छात्रों को उद्यमिता के माध्यम से देश के विकास में योगदान देना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को स्टार्टअप संस्कृति के प्रति जागरूक होने और नए विचारों पर कार्य करने का आह्वान किया। आईआईटी खड़गपुर से आर्यन कुमार एवं अनुभव गुप्ता ने ई-सेल का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने भविष्य में आईआईटी खड़गपुर और गया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग को एक साझा मंच पर लाने का प्रस्ताव रखा। ताकि दोनों संस्थान मिलकर स्टार्टअप और इनोवेशन से जुड़े कार्यक्रमों का संचालन कर सकें। कार्यक्रम के दौरान छात्रों के बीच स्टार्टअप क्विज तथा लोगो क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## बिजली चोरी में 21 हजार का जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** बिजली चोरी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आंती गांव में विभागीय टीम ने छापेमारी कर एक उपभोक्ता को अवैध रूप से बिजली चोरी करते पकड़ा। विद्युत कनीय अभियंता विकास कुमार ने बताया कि 11 अक्टूबर को आंती निवासी सुनीता देवी के घर जांच के दौरान पाया गया कि विधिवत कनेक्शन होने के बावजूद मीटर बाईपास कर मुख्य लाइन से सीधे बिजली ली जा रही थी।


बिहार सरकार

**समाहरणालय, औरंगाबाद।**

(बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025)

(प्रेक्षक कोषांग)

बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के अन्तर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षकों से संबंधित सूचना :–

| क्र0सं0 | विधान सभा क्षेत्र का नाम | प्रेक्षक का नाम | मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई0डी0 | मिलने का स्थान एवं समय | सम्पर्क पदाधिकारी का नाम/पदनाम/मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 219–गोह | Shudhakar Shukla, IRS (IT) : 2016 R-36348 | मोबाईल नं0–8271282923 ई–मेल आई0डी0 cellobserver701@gmail.com | जिला अतिथि गृह, पुराना भवन, कमरा नं0–1 (समय : 4:30 PM to 5:30 PM) | श्री सन्टु कुमार सिंह, प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, देव मोबाईल नं0–8340303050 |
| 2 | 220–ओबरा | | | | |
| 3 | 224–रफीगंज | | | | |
| 4 | 221–नबीनगर | Isaac Riman Khakongor, IRS (C&IT) : 2010 R-21642 | मोबाईल नं0–7320802700 ई–मेल आई0डी0 issac.kharkongor@gov.in | जिला अतिथि गृह, पुराना भवन, कमरा नं0–2 (समय : 4:30 PM to 5:30 PM) | श्री राजीव रंजन, आपूर्ति निरीक्षक, रफीगंज मोबाईल नं0–7903048182 |
| 5 | 222–कुटुम्बा (अ0जा0) | | | | |
| 6 | 223–औरंगाबाद | | | | |

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नोडल पदाधिकारी
प्रेक्षक कोषांग, औरंगाबाद।

PR- 017069 ( Election ) 2025-26

विधान सभा आम निर्वाचन 2025 – मतदान महात्योहर, बिहार है तैयार



**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : राष्ट्रीय जनता दल
***Name of the Election** : बिहार विधान सभा
**Name of State/UT** : बिहार
**(1)** Name of Constituency : 82, दरभंगा ग्रामीण
Name of the candidate : ललित कुमार यादव

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | कोविड आचार संहिता का उल्लंघन (राजनैतिक कारण पटना से गोपालगंज जाने का प्रयास) |
| | b. | Case no. | (1) सचिवालय थाना, पटना कांड सं० 64/20 दिनांक - 29.05.2020, आईपीसी- 188, 269, 270, 3 Epidemic Act, 51 Disaster Management Act. |
| | c. | Name of the Court | ए.सी.जी.एम. -01 पटना, CR Case No. - 0002981/202 |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | (1) नहीं |
| | e. | Date of conviction, if any | (1) लागू नहीं |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | (1) लागू नहीं |
| | g. | Any other information required to be given | लागू नहीं |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications. achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | राजनीतिक रूप से ये अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है, इनकी शैक्षणिक योग्यता स्नातकोत्तर है। |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | वर्तमान में विधायक होने के कारण अन्य उम्मीदवारों के तुलना में इनके जितने की संभावना ज्यादा है। |

राष्ट्रीय जनता दल (बिहार प्रदेश) द्वारा प्रकाशित

संपादकीय

# नोबेल न मिलने से ट्रंप तिलमिलाये

नोबेल पुरस्कार देने वाली समिति ने शुक्रवार को शांति का नोबेल पुरस्कार इसके अधीरता से आकांक्षी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को न देकर उस वेनेजुएला की विपक्ष नेता मारिया कोरिनो मचाड को देने की घोषणा की है, जिस पर अमेरिकी सेना कभी भी हमला कर सकती है। राष्ट्रपति ट्रंप वेनेजुएला के वर्तमान राष्ट्रपति मादुरो से खफा हैं और उन्हें अपदस्थ करना चाहते हैं। नोबेल पाने के लिए बेकरार राष्ट्रपति ट्रंप हर स्तर पर इसके लिए लॉबिंग में जुटे थे। उन्होंने नोबेल के शांति पुरस्कार के लिए पाकिस्तान और इजराइल जैसे देशों से नामांकन कराया, जिनकी शांति को लेकर निष्ठा पहले ही संदिग्ध है। यह पुरस्कार ट्रंप को न देकर नोबेल कमेटी ने यह संदेश तो दे ही दिया कि वह किसी दबाव में आकर फैसले नही लेती। पुरस्कार देने के उसके अपने मापदंड और प्रक्रिया है। वेनेजुएला की नेता मारिया मचाडो को यह नोबेल पुरस्कार वेनेजुएला में लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने और तानाशाही से लोकतंत्र की ओर शांतिपूर्ण बदलाव लाने के लिए दिया गया है। वो इसके लिए 20 साल से लगातार संघर्ष कर रही हैं। नोबेल समिति ने कहा कि आज जब दुनिया के कई हिस्सों में तानाशाही बढ़ रही है और लोकतंत्र कमजोर हो रहा है, ऐसे समय में मारिया मचाडो जैसे लोगों की हिम्मत उम्मीद जगाती है। मचाडो ने सुमाते नामक संगठन की स्थापना की, जो लोकतंत्र की बेहतरी के लिए काम करता है। वे देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की मांग करती रही हैं। यही कारण है कि मीडिया में सुर्खी इस बात की ज्यादा बनी कि ट्रंप को नोबेल नहीं मिला बनिस्बत यह पुरस्कार मारिया को मिलने के। वैसे ट्रंप को नोबेल न मिलने का एक तकनीकी कारण भी है। वो ये डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में इसी साल 19 जनवरी को कमान संभाली थी। नोबेल पुरस्कार के लिए एंट्री 31 जनवरी तक ही मांगी गई थीं। उसके बाद भेजी गईं एंट्रीज पर विचार नहीं किया जाता है। डोनाल्ड ट्रंप के केस में ऐसा ही हुआ है। डोनाल्ड ट्रंप जिन 8 जंगों को रुकवाने का श्रेय लेते हुए नोबेल पुरस्कार की मांग रख रहे हैं, वे 31 जनवरी के बाद की उपलब्धियां हैं। लेकिन असली मामला तो ट्रंप के अरमानों पर पानी फिरने का है। यही सवाल जब नोबेल कमेटी के चेयरमैन जॉर्गन वाटने फ्रिडनिस से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इसका फैसला तो काम के आधार पर किया जाता है। इसके अलावा अल्फ्रेड नोबेल की वसीयत के अनुसार निर्णय होता है। हम इस बात को प्राथमिकता देते हैं कि दावेदार के प्रयास कैसे थे और उनमें क्या निरंतरता थी। हेनरी जैकसन सोसायटी के रिसर्च फेलो और इतिहासकार थिओ जेनोउ ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप के जिन प्रयासों की बात की जा रही है, उनका असर ज्यादा समय तक नहीं रहने वाला है। शॉर्ट टर्म उपायों के आधार पर नोबेल समिति में पुरस्कार के लिए विचार नहीं किया जाता। नोबेल कमेटी की घोषणा से निराश जहां व्हाइट हाउस ने कहा कि कमेटी ने ट्रंप के शांति स्थापना के प्रयासों से ज्यादा राजनीति को तवज्जो दी। हालांकि ट्रंप ने खुद दिलासा देने के अंदाज में बयान दिया कि पुरस्कार घोषित होने के बाद मारिया ने उन्हें फोन किया और पुरस्कार ट्रंप को समर्पित किया। बकौल ट्रंप मारिया ने कहा कि इसके सही हकदार तो आप थे। और तो और ट्रंप को पुरस्कार न मिलने पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने भी नाराजी जताई है। उनका कहना है कि ट्रंप ने दुनिया में शांति के लिए बहुत कुछ किया है। इसका मतलब यह नहीं है कि ट्रंप नोबेल पुरस्कार की दौड़ से बाहर हो चुके हैं। वो अगले साल फिर नोबेल पुरस्कार के लिए कोशिश कर सकते हैं।

# अब पाकिस्तान के खिलाफ भारत के साथ तालिबान

**उधर, तालिबान भी अब पाकिस्तान के दोहरे खेल को समझ चुका है। जिस पाकिस्तान ने कभी तालिबान को आश्रय दिया, अब वही उसकी सरकार गिराने की साजिशें रच रहा है। तालिबान नेताओं के खिलाफ पाकिस्तानी प्रचार, सीमा के पास उनके ठिकानों पर बमबारी, और उनके अधिकारियों को निशाना बनाने जैसी हरकतें यह साबित करती हैं कि पाकिस्तान को शांति नहीं, सत्ता और नियंत्रण चाहिए। लेकिन अब तालिबान किसी और के इशारे पर नहीं चलना चाहता। इस मौजूदा हालात में तालिबान ने पहली बार भारत के साथ संवाद कायम करने की इच्छा जताई है, जो पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा झटका है। भारत इस पूरे परिदृश्य में संतुलित नीति के साथ आगे बढ़ रहा है।**

संजय सक्सेना

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के रिश्ते आज जिस दौर से गुजर रहे हैं, वह इतिहास का बड़ा सबक है। कभी तालिबान को आंख मूंदकर समर्थन देने वाला पाकिस्तान आज उसी तालिबान के खिलाफ मोर्चा खोल चुका है। यह वही पाकिस्तान है जो कभी तालिबान को भारत के खिलाफ भड़काने, आतंक के नये ठिकाने तैयार कराने और पूरे दक्षिण एशिया को अस्थिर करने का अपराध कर चुका है। परंतु समय का चक्र ऐसा घूमा कि अब वही तालिबान पाकिस्तान के गले की हड्डी बन गया है। यह हालात इस बात का प्रमाण हैं कि जो देश आतंक को पालते हैं, एक दिन वही आतंक उन्हें डसने लौट आता है। जब अफगानिस्तान में अमेरिकी सेनाओं की वापसी हुई और अशरफ गनी की निर्वाचित सरकार को तालिबान ने उखाड़ फेंका, उस वक्त पूरी दुनिया स्तब्ध रह गई थी। राजधानी काबुल में तालिबान की बंदूकें आज़ाद हुए लोगों की आज़ादी छीन रही थीं। उस दौर में कोई देश तालिबान सरकार को वैध नहीं मान रहा था, लेकिन पाकिस्तान सबसे आगे बढ़कर उसकी पैरवी करने लगा। इस्लामाबाद ने तालिबान को न केवल समर्थन दिया बल्कि उसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर एक वैकल्पिक सत्ता के रूप में स्वीकार कराने की कोशिशें भी कीं। पाकिस्तान की सेना और खुफिया एजेंसी आईएसआई ने तालिबान की मदद के लिये अपने सीमावर्ती इलाकों को खुला छोड़ दिया, ताकि आतंक के नाम पर अफगानिस्तान की पूरी दिशा पाकिस्तान के हित में झुकी रहे।

परंतु यह गठबंधन शुरू से ही झूठ और लालच पर टिका था। पाकिस्तान चाहता था कि तालिबान सिर्फ उसके इशारों पर चले, भारत के खिलाफ इस्तेमाल हो और कश्मीर के मुद्दे पर पाकिस्तान के सुर में सुर मिलाए। लेकिन तालिबान की अपनी सत्ता की जड़ें जमने लगीं तो उसकी प्राथमिकताएं बदल गईं। तालिबान को समझ में आने लगा कि पाकिस्तान उसका इस्तेमाल कर रहा है और उसे वैश्विक पहचान दिलाने के बजाय आतंक का प्रतीक बनाकर रख देना चाहता है। तालिबान ने जब भारत की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाना शुरू किया, तभी पाकिस्तान के धैर्य का बांध टूट गया। हाल के दिनों में अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सीमा पर जिस तरह के हमले हुए हैं, वे यही कहानी कह रहे हैं कि अब दोनों देशों के बीच विश्वास खत्म हो चुका है। पाकिस्तान ने तालिबान शासित अफगानिस्तान पर उन ही हथकंडों का इस्तेमाल शुरू कर दिया है जो वह वर्षों से भारत के खिलाफ करता रहा है। सीमा पर हवाई हमले, ड्रोन घुसपैठ और रॉकेट हमले पाकिस्तानी सोच की उसी बीमार मानसिकता का हिस्सा हैं जो हमेशा अपने पड़ोसी देशों की स्थिरता को चुनौती देती रही है। इस बार अंतर केवल इतना है कि पाकिस्तान की यह बर्बरता अब भारत पर नहीं बल्कि अफगानिस्तान पर गिर रही है।



पाकिस्तान का यह कदम तब आया जब अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान भारत की यात्रा पर आने वाले थे। यह यात्रा तालिबान शासन के लिए ऐतिहासिक मानी जा रही थी क्योंकि भारत और अफगानिस्तान के बीच नए भरोसे की शुरुआत होने जा रही थी। भारत हमेशा से अफगानिस्तान के विकास और स्थायित्व के पक्ष में रहा है। भारत ने कभी आतंक की राजनीति नहीं की, बल्कि अफगान जनता के जीवन स्तर को सुधारने के लिए सड़कों, स्कूलों, अस्पतालों और मानव संसाधन के विकास पर काम किया। यही वजह है कि तालिबान के कई वर्गों में भारत के प्रति सहानुभूति पैदा हुई है। भारत ने अफगानिस्तान में कोई सैन्य हस्तक्षेप नहीं किया बल्कि हमेशा स्थायी शांति की वकालत की। पाकिस्तान को यही बात खटक रही है। उसे डर है कि अगर भारत और अफगानिस्तान के रिश्ते सुधरते हैं तो उसका प्रभाव क्षेत्र समाप्त हो जाएगा। पाकिस्तान अपने धर्म आधारित राजनीतिक खेल में इतना डूबा है कि उसे यह समझ नहीं आता कि पड़ोसियों से दुश्मनी रखकर वह खुद अपने देश को विनाश की ओर धकेल रहा है। पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति पहले से ही चरमराई हुई है। वहां का समाज चरमपंथी विचारधारा में फंस चुका है और जनता लगातार महंगाई, बेरोजगारी और असुरक्षा से जूझ रही है। ऐसे में अफगानिस्तान से टकराव का नया मोर्चा खोलकर पाकिस्तान ने अपनी बर्बादी को और तेज कर दिया है।

उधर, तालिबान भी अब पाकिस्तान के दोहरे खेल को समझ चुका है। जिस पाकिस्तान ने कभी तालिबान को आश्रय दिया, अब वही उसकी सरकार गिराने की साजिशें रच रहा है। तालिबान नेताओं के खिलाफ पाकिस्तानी प्रचार, सीमा के पास उनके ठिकानों पर बमबारी, और उनके अधिकारियों को निशाना बनाने जैसी हरकतें यह साबित करती हैं कि पाकिस्तान को शांति नहीं, सत्ता और नियंत्रण चाहिए। लेकिन अब तालिबान किसी और के इशारे पर नहीं चलना चाहता। इस मौजूदा हालात में तालिबान ने पहली बार भारत के साथ संवाद कायम करने की इच्छा जताई है, जो पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा झटका है। भारत इस पूरे परिदृश्य में संतुलित नीति के साथ आगे बढ़ रहा है। भारत जानता है कि स्थायी शांति तभी संभव है जब अफगानिस्तान की धरती आतंक का केंद्र न बने। भारत का रुख साफ है कि वह किसी भी सरकार को तब तक मान्यता नहीं देगा जब तक वह लोकतंत्र, मानवाधिकार और महिलाओं की स्वतंत्रता के प्रति सम्मानजनक रुख न अपनाए। परंतु कूटनीतिक स्तर पर भारत यह भी समझता है कि बातचीत से ही समाधान का रास्ता निकलेगा। इसी सोच के तहत भारत ने तालिबान शासन से न्यूनतम स्तर पर संवाद बनाए रखा है और मानवीय सहायता जारी रखी है।

दूसरी ओर पाकिस्तान लगातार बेनकाब हो रहा है। अपने ही बनाए तालिबान के खिलाफ जंग छेड़कर उसने पूरी दुनिया को दिखा दिया कि आतंक को राजनीतिक साधन बनाना एक दिन आत्मघाती साबित होता है। पाकिस्तान की नीतियां अब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सवालों के घेरे में हैं। अमेरिका, रूस और चीन तक इस बात को समझने लगे हैं कि दक्षिण एशिया की स्थिरता तभी संभव है जब पाकिस्तान को उसके आतंकी समर्थन की कीमत चुकानी पड़े। भारत इस पूरे मामले पर सतर्क है और उसके कूटनीतिज्ञ अच्छी तरह जानते हैं कि पाकिस्तान की तरफ से अस्थिरता फैलाने के प्रयास जारी रहेंगे। लेकिन भारत की ताकत उसकी नीति, नैतिकता और जनता के विश्वास पर टिकी है, न कि किसी आतंक के बल पर। आज तालिबान और पाकिस्तान का यह झगड़ा भारत के उस रुख को सही साबित कर रहा है जो वर्षों से कहता आया है कि आतंक से कोई दोस्ती नहीं, यह केवल विनाश लाता है। अफगानिस्तान में शांति और विकास का मार्ग तभी प्रशस्त होगा जब वह पाकिस्तान के इस झूठे सहारे से पूरी तरह स्वतंत्र हो जाए। भारत की कोशिश यही रहनी चाहिए कि वह अफगान जनता के साथ विकास, शिक्षा और मानवीय सहयोग के माध्यम से स्थायी संबंध बनाए, ताकि आतंक की राजनीति धीरे-धीरे खत्म हो और दक्षिण एशिया में स्थिरता की नई सुबह उग सके।

अध्यात्म

## संसार के सभी प्राणी अपूर्ण हैं

एक कवि राजा भर्तृहरि थे। उनकी पत्नी अत्यंत रूपवती थीं। भर्तृहरि ने स्त्री के सौंदर्य और उसके बिना जीवन के सूनेपन पर 100 श्लोक लिखे, जो श्रृंगार शतक के नाम से प्रसिद्ध हैं। उन्हीं के राज्य में एक ब्राह्मण भी रहता था, जिसने अपनी निस्वार्थ पूजा से देवता को प्रसन्न कर लिया। देवता ने उसे वरदान के रूप में अमर फल देते हुए कहा कि इससे आप लंबे समय तक युवा रहोगे। ब्राह्मण ने सोचा कि भिक्षा मांग कर जीवन बिताता हूं, मुझे लंबे समय तक जी कर क्या करना है। हमारा राजा बहुत अच्छा है, उसे यह फल दे देता हूं। वह लंबे समय तक जीएगा तो प्रजा भी लंबे समय तक सुखी रहेगी। वह राजा के पास गया और उनसे सारी बात बताते हुए वह फल उन्हें दे आया। राजा फल पाकर प्रसन्न हो गया। फिर मन ही मन सोचा कि यह फल मैं अपनी पत्नी को दे देता हूं। वह ज्यादा दिन युवा रहेगी तो ज्यादा दिनों तक उसके साहचर्य का लाभ मिलेगा। अगर मैंने फल खाया तो वह मुझ से पहले ही मर जाएगी और उसके वियोग में मैं भी नहीं जी सकूंगा। उसने वह फल अपनी पत्नी को दे दिया। लेकिन, रानी तो नगर के कोतवाल से प्यार करती थी। वह अत्यंत सुदर्शन, हृष्ट-पुष्ट और बातूनी था। अमर फल उसको देते हुए रानी ने कहा कि इसे खा लेना, इससे तुम लंबी आयु प्राप्त करोगे और मुझे सदा प्रसन्न करते रहोगे। फल ले कर कोतवाल जब महल से बाहर निकला तो सोचने लगा कि रानी के साथ तो मुझे धन-दौलत के लिए झूठ-मूठ ही प्रेम का नाटक करना पड़ता है। और यह फल खाकर मैं भी क्या करूंगा। इसे मैं अपनी परम मित्र राज नर्तकी को दे देता हूं। वह कभी मेरी कोई बात नहीं टालती। मैं उससे प्रेम भी करता हूं। और यदि वह सदा युवा रहेगी, तो दूसरों को भी सुख दे पाएगी। उसने वह फल अपनी उस नर्तकी मित्र को दे दिया। राज नर्तकी ने कोई उत्तर नहीं दिया और चुपचाप वह अमर फल अपने पास रख लिया। कोतवाल के जाने के बाद उसने सोचा कि कौन मूर्ख यह पाप भरा जीवन लंबा जीना चाहेगा। हमारे देश का राजा बहुत अच्छा है, उसे ही लंबा जीवन जीना चाहिए। यह सोच कर उसने किसी प्रकार से राजा से मिलने का समय लिया और एकांत में उस फल की महिमा सुना कर उसे राजा को दे दिया। और कहा कि महाराज, आप इसे खा लेना। राजा फल को देखते ही पहचान गया और भौंचक रह गया। पूछताछ करने से जब पूरी बात मालूम हुई, तो उसे वैराग्य हो गया और वह राज-पाट छोड़ कर जंगल में चला गया। वहीं उसने वैराग्य पर 100 श्लोक लिखे जो कि वैराग्य शतक के नाम से प्रसिद्ध हैं। यही इस संसार की वास्तविकता है। एक व्यक्ति किसी अन्य से प्रेम करता है और चाहता है कि वह व्यक्ति भी उसे उतना ही प्रेम करे। परंतु विडंबना यह कि वह दूसरा व्यक्ति किसी अन्य से प्रेम करता है। इसका कारण यह है कि संसार व इसके सभी प्राणी अपूर्ण हैं। सब में कुछ न कुछ कमी है। सिर्फ भगवान् ही एक मात्र पूर्ण हैं । एक वही हैं जो हर जीव से उतना ही प्रेम करते हैं , जितना जीव उनसे करता है बल्कि उससे कहीं अधिक। बस हम ही उन्हें सच्चा प्रेम नहीं करते ।

# डोनाल्ड ट्रम्प : एक सुन्दर सपना टूट गया

**बड़बोले डोनाल्ड ट्रम्प को नोबेल पुरुस्कार नहीं मिला। अपने मुंह मिया मिट्ठू बनने वाले ट्रम्प को भी नोबेल पुरुस्कार नहीं मिला। अपने लिए नोबेल पुरुस्कार मांगने वाले और इसके लिए दावे दावे करने वाले वाले ट्रम्प को भी नोबेल पुरुस्कार नहीं मिला। शांति के नोबेल पुरुस्कार के लिए चंद देशों से खुद को नामित कराने वाले अड़ीबाज ट्रम्प के मुकाबले बेहद कम चर्चित और दुनिया में अलग पहचान रखने वाली एक महिला को मिलना शायद ट्रम्प को उनकी असलियत या औकात बताने को काफी है।**

ऋतुपर्ण दवे

दरअसल ट्रम्प की दावेदारी और पुरुस्कार न मिलने पर बजाए खुलकर बोलने के लोग, उनके घमण्ड, धौंस, धमक और दादागीरी को वजह बताते हैं जो नोबेल शांति के रूप में नहीं मिला। वैसे भी हर पुरुस्कार के लिए नियम होते हैं, लंबी फेहरिस्त होती है और कारण होते हैं। ट्रम्प कहीं से भी इसमें फिट नहीं बैठते थे। लेकिन उन्हें अमरीका का राष्ट्रपति होने का गुमान था इसीलिए वो यह जानते हुए भी कि पुरुस्कार के लिए नामित होने और औपचारिकताओं के पूरा करने की प्रक्रिया को भी शायद अपनी धौंस से धता बताने की जुगाड़ में थे, जो हो न सका। यह भी सच है कि शायद यह पहला मौका होगा जब पुरुस्कार मिलने वाले के नाम की चर्चा के बजाए न मिलने वाले का नाम और उसका रंज सुर्खियों में है।

अब ट्रंप भले ही लगातार अपना दावा जता रहे हों और कहते फिर रहे हों कि कि अमेरिका में जिन भी लोगों को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया, वो ज्यादातर विवादित ही रहे। ट्रम्प भला क्या कम विवादित हैं? अमेरिका के राष्ट्रपति बनाम वहां के बड़े बिजनेसमैन डोनाल्ड ट्रंप इस बार सत्ता में आने के साथ ही खुद को शांति का स्वयंभू मसीहा बताते नहीं अघाते हैं। वो भारत-पाकिस्तान, रूस-यूक्रेन, इजरायल-हमास जंग समेत आठ युद्धविराम या समझौते कराने का दावा करते हैं। जबकि दुनिया हकीकत जानती है कि इन सभी जगहों पर अभी कितनी शांति है?

इस बार का नोबेल शांति पुरुस्कार नॉर्वेनियन नोबेल कमेटी ने वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को देना तय किया। यह वेनेजुएला के लोगों के लिए लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने और तानाशाही को लोकतंत्र की ओर शांतिपूर्ण और न्यायपूर्ण बदलाव के लिए किए गए अथक संघर्ष का सम्मान है। नोबेल समिति के अध्यक्ष यॉर्गन वाटने फ्रिडनेस ने मारिया कोरिना मचाडो को एक ऐसी प्रमुख और एकजुट करने वाली शख्सियत बताया जिन्होंने पहले गहरे विभाजित विपक्ष को एकजुट किया फिर स्वतंत्र चुनावों और प्रतिनिधि सरकार की मांग में समान आधार स्थापित करने का कठिन काम किया। अपने प्रयासों की कामियाबी के लिए मारिया कोरिना मचाडो को छिपकर रहने पर भी मजबूर होना पड़ा। लेकिन जान को गंभीर खतरों के बावजूद उन्होंने अपना देश नहीं छोड़ा और दुनिया भर में शांति के पक्षधर लाखों लोगों का प्रेरित किया। मारिया का मानना है कि जब सत्तावादी लोग सत्ता हथिया लेते हैं, तो स्वतंत्रता के ऐसे साहसी रक्षकों को पहचानना जरूरी है जो उठ खड़े हों और विरोध करें। लोकतंत्र उन्हीं लोगों पर निर्भर करता है जो चुप रहने के बजाए गंभीर जोखिमों के बावजूद आगे बढ़ते रहने का दुस्साहस करते, यह सही है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में तो शुरुआत से ही शांति के नोबेल पुरुस्कार का सपना संजोए बैठे थे। उनका हर मंच पर दावा कि उन्होंने ही आठ युद्ध रुकवाए हैं यही बताता है। पूर्व राष्ट्रपति ओबामा की आलोचना करना और कहना कि बिना किसी कारण के उन्हें नोबेल मिला मैने तो 8-8 युद्ध रुकवाए अहंकार नहीं तो क्या है? लेकिन वो भूल गए कि उनके दावे नोबेल शांति पुरस्कार के नामांकन की समय-सीमा के बाद के हैं। ऐसे में संभव है कि यह उनकी चालाकी हो और अगले साल के अपने दावे को पुख्ता करने की रणनीति हो! दुनिया जानती है कि ट्रम्प कहते कुछ हैं, करते कुछ हैं। कहा तो यह तक जाने लगा है कि ट्रम्प को यह भी नहीं पता अगले पल वो क्या कर बैठें, बहरहाल यह उनका अपना मामला है वो जाने। हां, नोबेल कमेटी की निना ग्रेगर ने यह जरूर कहा कि नोबेल के फैसले पर गाजा सीजफायर का असर नहीं होगा, लेकिन अगर यह शांति स्थायी रही, तो अगले साल ट्रंप की दावेदारी



मजबूत हो सकती है। वहीं, नोबेल कमेटी के अध्यक्ष जोएर्गन वाटने फ्राइडनेस ने कहा कि पुरस्कार पर फैसला काम के आधार पर किया जाता है।

अब एक पुराना और चौंकाने वाला वाकया सुर्खियों में है। जब एडॉल्फ हिटलर को शांति पुरस्कार के लिए नामांकित करने की कोशिश हुई। इससे हर कोई असहज हुआ होगा। उनके क्रूर होने के किस्से-कहानियां इतिहास की किताबों में दर्ज है। क्या उनके नाम कभी प्रस्तावित हुआ? दरअसल एक तीखी व्यंग्यात्मक आलोचना के रूप में जरूर उनका प्रस्ताव स्वीडिश संसद के एक सदस्य, एरिक ब्रांट ने 27 जनवरी 1939 को नोबेल समिति को भेजा ब्रांट एक समाजिक-लोकतांत्रिक राजनेता थे। यह उनका स्वीडिश राजनीतिज्ञों की प्रवृत्ति पर कटाक्ष और व्यंग था जो तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री नेविल चेम्बरलेन की शांति-नीति की तारीफ करते नहीं अघाते थे। जब चेम्बरलेन की शांति के लिए खूब स्तुति हो सकती है, तो हिटलर को भी यूरोप में युद्ध के खतरों लिए नामांकित कर दीजिए। लेकिन सार्वजनिक प्रतिक्रियाओं, आलोचनाओं और गलतफहमियों से घिरता देख ब्रांट ने अपना नामांकन औपचारिक रूप से वापस भी ले लिया। नोबेल पुरस्कार की स्थापना बिजनेसमैन, एंटरप्रेन्योर और वैज्ञानिक अल्फ्रेड नोबेल की मृत्यु के बाद हुई जिन्होंने अपनी ज्यादातर संपत्ति कई क्षेत्रों में पुरस्कारों के लिए छोड़ी थी। सन् 1895 में अपनी वसीयत में कहा था कि ऐसे पुरस्कार उन्हें दिया जाना चाहिए जिन्होंने पिछले साल मानव जाति के लिए सबसे बड़ा उपकार किया हो। शुरुआत 1901 में हुई जो जारी है। केवल प्रथम विश्व युद्ध के दौरान 1914 से 1918 तक और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1939 से 1945 में यह नहीं दिए गए। पुरुस्कार भौतिकी, रसायन विज्ञान, चिकित्सा या शरीरक्रिया विज्ञान, साहित्य, शांति और आर्थिक विज्ञान क्षेत्र में दिए जाते हैं। शांति पुरस्कार ऐसा अकेला है जिसका फैसला नॉर्वे की संसद की तरफ से चुने गए पांच सदस्यों की एक समिति की करती है। समिति ओस्लो में है पुरुस्कार वहीं देते हैं। इसमें एक डिप्लोमा, सोने का मेडल और 11 मिलियन स्वीडिश मुद्रा ( 10.36 करोड़ रुपये ) दी जाती है। नियमानुसार पुरुस्कार देने और न देने की वजह अगले 50 सालों तक नहीं बताई जाती है। काश ट्रम्प काश इतना इंतजार कर पाते? फिलाहाल यह देखना होगा कि तिलमिलाए ट्रम्प आगे भी शांति दूत बने रहेंगे या दुनिया की शांति हरेंगे क्योंकि उनकी खीझ, खिसियाहट, टैरिफ वार और बॉडी लैंग्वेज कुछ और ही इशारा कर रही है?

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

आज आप वैचारिक द्वन्द में उलझे रहेंगे। अपनी योजनाओं को फिलहाल गोपनीय रहने दें। लोग आपकी बातों का बुरा मान सकते हैं।

**वृषभ**

वैवाहिक जीवन का तनाव आज परस्पर सम्वाद से सुलझा लेंगे। नयी सम्पत्ति के लेन-देन का विचार कर सकते हैं। मन में प्रसन्नता का अनुभव करेंगे।

**मिथुन**

यदि घर से बाहर जा रहे हैं तो धूप और गर्मी को लेकर पूरी सावधानी बरतें। व्यापार में जोखिम उठाने से हानि हो सकती है। लोग आपके साथ विश्वासघात कर सकते हैं।

**कर्क**

व्यवसाय में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। प्रेम-सम्बन्धों में तनाव हो सकता है। रुके हुये कार्य प्रारम्भ होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**सिंह**

नये काम को लेकर जुनून रहेगा। दूसरों के झगड़ों में अधिक हस्तक्षेप न करें। राजनीति से जुड़े लोगों के लिये दिन बहुत अच्छा है। दिनचर्या को व्यवस्थित रखें।

**कन्या**

लोग आपको धोखा देने की कोशिश करेंगे। व्यावसायिक कार्यक्रम अधूरे छूट सकते हैं। परिस्थितियों का मजबूती से सामना करें।

**तुला**

भावनात्मक रूप से काफी कमजोर महसूस करेंगे। लोगों के हस्तक्षेप से आपके कार्यों में अवरोध आ सकते हैं। मन में संशय की स्थिति रहेगी।

**वृश्चिक**

अपनी उपलब्धियों से सन्तुष्ट रहेंगे। अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें। दोस्तों की इच्छाओं को पूर्ण करने का प्रयास करेंगे।

**धनु**

अपनी उपलब्धियों से प्रसन्न रहेंगे। कार्यक्षेत्र में किसी कार्य में जल्दबाजी न करें। मन में नये रचनात्मक विचार आयेंगे। जिन पर कार्य करके आपको भविष्य में अत्यधिक लाभ होगा।

**मकर**

नौकरी के प्रति आपकी जवाबदेही बढ़ सकती है। किसी अटके हुये मामले में आपको दोबारा उलझनों का सामना करना पड़ सकता है। रियल एस्टेट से जुड़े प्रोजेक्ट्स में गति बढ़ेगी।

**कुंभ**

अपने स्वभाव में लचीलापन रखें। पुराने कड़वे अनुभवों का स्मरण हो सकता है। दूसरों के कार्यों में अपनी ऊर्जा बर्बाद न करें। अपने लक्ष्य को लेकर स्पष्ट रहना होगा।

**मीन**

आपके सभी कार्य सुचारू रूप से चलते रहेंगे। सकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों के साथ आपके सम्बन्ध मधुर रहेंगे। मेहनत के दम पर अपना काम पूरा कर लेंगे।

# राजद विधायक ने दाखिल किया नामांकन

## अनुमण्डल परिसर में राजद समर्थकों की उमड़ी रही भीड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** जिला के 145 साहेबपुर कमाल विधानसभा क्षेत्र से राजद विधायक सत्तानंद संबुद्ध उर्फ ललन यादव ने मंगलवार को अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ बलिया अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर नामांकन का पर्चा दाखिल किया। नामांकन के दौरान अनुमंडल परिसर में राजद समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी और नारेबाजी के साथ माहौल चुनावी रंग में रंग गया। हालांकि इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ता नजर नहीं आए। जबकि महागठबंधन के अन्य घटक दलों के नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। बता दें कि बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर जिले में सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। सीट बंटवारे के बीच आज राजद प्रत्याशी ललन कुमार यादव ने साहेबपुर कमाल विधानसभा क्षेत्र से नामांकन पर्चा दाखिल किया। ललन यादव मंगलवार को अपने हजारों समर्थकों के साथ बलिया अनुमंडल कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने राजद के सिंबल पर नामांकन किया। इस दौरान कार्यालय परिसर में भारी जनसमूह उमड़ पड़ा। बताते चलें कि बीती रात राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने उम्मीदवारों को पार्टी का चुनाव चिन्ह सौंपा था। नामांकन के मौके पर राजद के वरिष्ठ नेता डा. तनवीर हसन, बोगो सिंह सहित सैकड़ों महागठबंधन के कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

# जन सुराज ने डा. संजय को बनाया उम्मीदवार

## 16 को करेंगे नामांकन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बेगूसराय।** जिले के सुरक्षित सीट बखरी विधानसभा में जन सुरज पार्टी ने डक्टर संजय कुमार पासवान को उम्मीदवार घोषित किया है। मंगलवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर श्री पासवान ने कहा की जन सुराज पार्टी ने मेरे ऊपर विश्वास कर टिकट दिया है। मैं बखरी विधानसभा सुरक्षित से 16 नवंबर को नामांकन दाखिल करूंगा। मेरे नामांकन के दौरान जन सुराज पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बखरी विधानसभा क्षेत्र के बुद्ध नागरिक, महिलाएं, पुरुष और नौजवान शामिल होंगे। बखरी विधानसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित है। आजादी के बाद भी इस विधानसभा क्षेत्र में विकास नहीं हुई है। अगर वहां से मुझे मौका मिलता है तो सबसे पहले मैं शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में विकास करूंगा,और जो दलित टोला में विकास नहीं हुई है वहां जाकर मैं विकास का काम करूंगा उसे मुख्य धारा में जोड़ूंगा और रोजगार उपलब्ध कराऊंगा यही मेरी पहली प्राथमिकता होगी।

# हत्या के अभियुक्त को आजीवन सश्रम कारावास की सजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय ब्रजेश कुमार सिंह ने साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के श्रीनगर निवासी अभियुक्त अजय यादव को अभियोजन साक्ष्य के आधार पर भादवि की धारा 302/34 एवं आर्म्स एक्ट की धारा 27 के तहत दोषी पाकर आजीवन सश्रम कारावास एवं तीस हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनायी। अर्थदंड की राशि जमा नही करने पर छह माह की अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी। अभियुक्त पर आरोप है की दिनांक 11 जून 2017 की रात्रि संजय यादव एवं एसपी यादव वादिनी रूबी देवी के घर पर आकर बोले की आपको मुखिया पति अजय यादव एवं देवर विजय यादव बुला रहे हैं जिस पर मृतक शम्भू यादव अजय यादव एवं विजय यादव के घर पर चले गए कुछ देर के बाद अजय यादव के घर के तरफ से फायरिंग की आवाज होने पर वादिनी घटना स्थल पर गयी तो देखी अजय यादव एवं एसपी यादव दोनों मिलकर मृतक को गाली गलौज कर रहे थे विजय यादव मृतक के कालर पकड़ कर मारपीट कर रहा था मुखिया सुनीता देवी बोली शम्भू मेरे विरुद्ध चुनाव में कार्य कर रहा था वादिनी द्वारा मना करने पर विजय यादव भद्दी भद्दी गाली देते हुए अजय यादव को बोले मार दो गोली। इस पर अजय यादव शम्भू यादव को गोली मार दिया। जो उसके पेट में लगते हुए पंजरा एवं पीठ से निकल गया। अस्पताल ले जाने के क्रम में शम्भू यादव की मृत्यु हो गयी। अभियोजन की ओर से न्यायालय में अपर लोक अभियोजक राम प्रकाश यादव ने नौ गवाहों की गवाही करवायी। जिन्होंने अभियोजन के मुकदमा का पूर्णतः समर्थन किया।

# क्लाइमेट डायनेमिक्स ऑफ बिहार पुस्तक का कुलपति ने किया विमोचन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी ने क्लाइमेट डायनेमिक्स ऑफ बिहार पुस्तक का विमोचन मंगलवार को किया। इस पुस्तक के लेखक भूगोल विभाग के डॉ. मनु राज शर्मा और शोधार्थी सुकेशी प्रिया हैं। प्रस्तुत पुस्तक बिहार के जलवायु परिवर्तन, वर्षा एवं तापमान के दीर्घकालिक रुझानों तथा बाढ़, सूखा और हीटवेव जैसी चरम जलवायु घटनाओं के विश्लेषण पर आधारित शोध-ग्रंथ है। इसमें सांख्यिकीय विश्लेषण और भू-स्थानिक प्रतिरूपण के माध्यम से बिहार राज्य के सभी अड़तीस जिलों की जलवायु प्रवृत्तियों का विस्तृत अध्ययन किया गया है। इस शुभ अवसर पर कुलपति ने दोनों लेखकों को बधाई देते हुए कहा कि यह पुस्तक न केवल अकादमिक जगत के लिए उपयोगी है, बल्कि नीति-निर्माताओं, योजनाकारों और आम नागरिकों के लिए भी अत्यंत सार्थक योगदान प्रस्तुत करती है। यह पुस्तक बिहार में जलवायु अनुकूल नीतियों के निर्माण में एक दिशा-दर्शक की भूमिका निभाएगी। इस मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ. अनुरंजन ने भी लेखकों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह पुस्तक बिहार की पारिस्थितिकीय चुनौतियों, कृषि जोखिमों और जल संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में नीति-निर्माण के लिए एक सशक्त संदर्भ सामग्री सिद्ध होगा क्योंकि यह बिहार में बदलते जलवायु परिदृश्य को सरल और साक्ष्य-आधारित ढंग से समझने में सहायता प्रदान करती है। इस अवसर पर विभागीय शिक्षक और विश्वविद्यालय पदाधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# ट्राई साइकिल यात्रा से मतदाताओं को किया जागरूक

**बक्सर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को समाहरणालय परिसर में एक विशेष पहल देखने को मिली, जब दिव्यांग जनों ने ट्राई साइकिल पर सवार होकर मतदाताओं को जागरूक करने का बीड़ा उठाया। इस जागरूकता यात्रा की शुरुआत समाहरणालय परिसर स्थित पार्क के सामने से हुई, जहां डॉ. विद्यानंद सिंह ने हरी झंडी दिखाकर दिव्यांगजनों को रवाना किया। अभियान का उद्देश्य समाज के हर वर्ग, विशेषकर दिव्यांगजनों को लोकतंत्र के इस महापर्व में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना था। दिव्यांगजनों ने ट्राई साइकिल से विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर आम नागरिकों से अपील की कि वे आगामी चुनावों में अवश्य मतदान करें।

# रिफाइनरी में वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन

## सौ से अधिक सूक्ष्म एवं लघु उद्यम विक्रेताओं ने लिया भाग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**बेगूसराय।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देने तथा पारदर्शी, प्रतिस्पर्धी एवं सहभागी निविदा प्रक्रिया को सशक्त बनाने के उद्देश्य से बरौनी रिफाइनरी के सामग्री एवं संविदा विभाग द्वारा, एमएसएमई डीएफओ, पटना के सहयोग से, सतर्कता जागरूकता सप्ताह की पूर्ववर्ती गतिविधियों के अंतर्गत वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम सह शिकायत निवारण मंच का आयोजन 11 अक्टूबर को रिफाइनरी के लर्निंग एंड डेवलपमेंट सेंटर में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विक्रेताओं को निविदा एवं संविदा क्रय दस्तावेजों में हुए नवीनतम परिवर्तनों से अवगत कराना था। जिनका प्रभाव लागत, अनुपालन तथा निष्पादन पर पड़ता है। कार्यक्रम में कार्यकारी निदेशक सत्य प्रकाश ने संतोष व्यक्त किया कि रिफाइनरी ने वित्तीय वर्ष 2024.25 के लिए निर्धारित एमएसई, एससी-एसटी एवं महिला उद्यमी लक्ष्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त किया है। उन्होंने विक्रेताओं को इंडियन अयल के समान रूप से महत्वपूर्ण व्यवसायिक साझेदार एवं रिफाइनरी परिवार का अभिन्न अंग बताया। जिन्होंने संचालन, परियोजना क्रियान्वयन एवं अनुरक्षण कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कार्यकारी निदेशक (परियोजना एवं कोर ग्रुप) संजय रायजादा ने निविदा प्रक्रिया की सटीक समझ की आवश्यकता पर बल देते हुए विक्रेताओं को प्रतिस्पर्धी बोली, श्रेणी बोली, पीपी-एलसी नीति, नवीन कर अद्यतन, एमएसई के लिए छूट, एवं जेम पोर्टल आदि पर अद्यतन जानकारी दी। मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी सेवा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण) हंसराज गणवीर ने निविदा प्रक्रिया में पारदर्शिता, दक्षता और एमएसई सहभागिता के बढ़े हुए अवसरों को रेखांकित किया। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख, एमएसएमई डीएफओ, पटना आर के चौधरी ने देश की समग्र आर्थिक प्रगति के लिए वस्तु एवं सेवा क्षेत्र में एमएसएमई विक्रेताओं की अधिकतम भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सामग्री एवं संविदा विभाग, फायर एवं सेफ्टी विभाग तथा एमएसएमई डीएफओ, पटना के विशेषज्ञ संकाय सदस्यों द्वारा उपयोगी सत्र आयोजित किए गए। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए 100 से अधिक सूक्ष्म एवं लघु उद्यम विक्रेताओं एवं आपूर्तिकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उनकी सक्रिय भागीदारी ने इंडियन अयल, बरौनी रिफाइनरी और उसके वेंडर पार्टनर्स के बीच विश्वास और साझेदारी की बढ़ती भावना को दर्शाया। इंडियन ऑयल की बरौनी रिफाइनरी देश की औद्योगिक एवं आर्थिक प्रगति में योगदान देने हेतु ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय उद्यमिता, आत्मनिर्भरता और समावेशी विकास को सतत प्रोत्साहित करती है।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतगणना केंद्र, वज्रगृह एवं रिसीविंग सेंटर का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारी के अन्तर्गत मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार द्वारा बाजार समिति शिवधारा स्थित मतगणना केंद्र एवं रिसीविंग सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बज्रगृह में अर्द्धसैनिक बलों के ठहराव, पेयजल, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं अविलंब उपलब्ध कराने का निर्देश कार्यपालक अभियंता, पी.एच.ई.डी को दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी निर्माण एवं व्यवस्था संबंधी कार्यों को 19 अक्टूबर 2025 तक हर हाल में पूर्ण कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार, बंदोबस्त पदाधिकारी मनोज कुमार, वरीय कोषागार पदाधिकारी शंभू कुमार आर्य, कार्यपालक अभियंता (भवन निर्माण) रविंद्र कुमार रवि, वरीय पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# दरभंगा के 10 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 64 एनआर कटे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के तहत दरभंगा जिले के सभी दस विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया जारी है। उप निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में कुल 64 नाजीर रशीद काटे गए हैं जिनमें कुशेश्वरस्थानः 7, गौड़ाबौरामः 9, बेनीपुरः 6, अलीनगरः 4, दरभंगा ग्रामीण 7, दरभंगाः 6, हायाघाटः 6, बहादुरपुर 5,केवटीः 5, जाले में 9 शामिल है। उल्लेखनीय है कि 78-कुशेश्वरस्थान विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी से एक उम्मीदवार, 82- दरभंगा ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से आरजेडी से एक तथा एक निर्दलीय, हायाघाट विधानसभा क्षेत्र से एक निर्दलीय, केवटी विधानसभा क्षेत्र से जनसुराज पार्टी से एक उम्मीदवार, 79- गौड़ाबौराम विधानसभा क्षेत्र से मिथिलांचल मुक्ति मोर्चा के एक तथा एक निर्दलीय उम्मीदवार द्वारा तथा 85-बहादुरपुर विधानसभा क्षेत्र से एक निर्दलीय उम्मीदवार द्वारा नामांकन दाखिल किया गया है। कुल नॉमिनेशन की संख्या 8 जिला निर्वाचन कार्यालय नामांकन की प्रक्रिया की सतत निगरानी की जा रही है एवं सभी कार्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न कराए जा रहे हैं। सभी नामांकन स्थलों पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी दरभंगा के आदेश के आलोक में दंडाधिकारी, पुलिस अधिकारी के साथ-साथ काफी संख्या में पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

# तीन वारंटी गिरफ्तार

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भगवानपुर पुलिस ने तीन वारंटी को किया गिरफ्तार इस संबंध में थाना अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र की दामोदरपुर गांव के वार्ड नंबर 7 निवासी स्वर्गीय किशुन चौधरी के पुत्र सूचित चौधरी स्वर्गीय विजय चौधरी के पुत्र प्रेम चौधरी एवं स्वर्गीय सूकहित चौधरी के पुत्र गोकुल चौधरी को गिरफ्तार कर व्यवहार न्यायालय बेगूसराय भेज दिया गया।


**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : राष्ट्रीय जनता दल

***Name of the Election** : बिहार विधान सभा

**Name of State/UT** : बिहार

(1) Name of Constituency : 185, फतुहा

Name of the candidate : डॉ० रामानन्द यादव

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | **1.** विधि पूर्वक प्रख्यापित आदेश की अवज्ञा, **2.** आपदा प्रबंधन अधिनियम का उल्लंघन। |
| | b. | Case no. | (1) गाँधी मैदान थाना केस नं. 360/2020 दिनांक 15/12/2020 धारा 188, 143, 145, 269, 279 आई.पी.सी. (2) कोतवाली थाना केस नं० 390/2020, धारा - 188/353 भा०द०वि० एवं 51/ 57 आपदा प्रबंधन अधिनियम |
| | c. | Name of the Court | (1) ACJM-1, पटना सह विशेष न्यायधिष, एमपी/एमएलए कोर्ट पटना (2) ACJM-1, पटना सह विशेष न्यायधिष, एमपी/एमएलए कोर्ट पटना |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | (1) नहीं (2) नहीं |
| | e. | Date of conviction, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं |
| | g. | Any other information required to be given | लागू नहीं |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | राजनीतिक रूप से ये अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है। अपने क्षेत्र में गरीबों के शिक्षा के उत्थान के लिए निरंतर काम करते रहते हैं। शैक्षणिक योग्यता एमएससी तथा पीएच.डी है। |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | वर्तमान विधायक होने के कारण अन्य उम्मीदवारों के तुलना में इनके जितने की संभावना ज्यादा है। |

राष्ट्रीय जनता दल (बिहार प्रदेश) द्वारा प्रकाशित


# हत्याकांड का फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मुख्यालय पंचायत नावकोठी से पुलिस ने हत्याकांड के 11 वर्ष से फरारी नामजद को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने बताया कि गिरफ्तार वांछित नावकोठी के टुनटुन सिंह का पुत्र सुधीर सिंह उर्फ सुधवा है। वह थाना कांड संख्या 121/14 का प्राथमिक नामजद था। लंबे समय से पुलिस के गिरफ्त से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर गश्ती दल के पुलिस पदाधिकारी छापामारी कर इसे धर दबोचने में कामयाब रहा। इस गिरफ्तारी में एस आई बिपिन कुमार ओझा तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# सेंट पॉल जीनियस स्कूल में प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**तेघड़ा।** संत पॉल पब्लिक स्कूल तेघड़ा में दिव्यांशु वेलफेयर एंड एजुकेशनल ट्रस्ट के सौजन्य से एक नई शैक्षणिक और सामाजिक परंपरा की शुरूआत करते हुए विद्यालय के परीक्षा नियंत्रक त्रिपुरारी कुमार सिंह के नेतृत्व में सेंट पल जीनियस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रारंभिक अवस्था से ही प्रतियोगिता भावना, तार्किक चिंतन एवं बौद्धिक क्षमता का विकास करना है। ताकि वे भविष्य में किसी भी प्रतियोगी परीक्षा का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें।विद्यालय प्रशासन ने बताया कि नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के कुल 1501 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। मूल्यांकन के आधार पर विभिन्न वर्गों से 157 विद्यार्थियों का चयन प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के लिए किया गया। विद्यालय के प्रबंधक श्री सुनील कुमार सिंह एवं प्राचार्या तनु सौरभ ने विजेता छात्र-छात्राओं को अवार्ड, प्रमाणपत्र एवं शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दूसरे चरण में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के बीच फल एवं छाया देने वाले कुल 500 पौधों का वितरण किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में हरियाली संवर्धन, जल संरक्षण एवं पर्यावरणीय उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना रहा। इस आयोजन की सफलता में विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

# राजपुर से एनडीए प्रत्याशी बने संतोष निराला का बक्सर में हुआ भव्य स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बक्सर।** एनडीए ने राजपुर विधानसभा सीट से संतोष कुमार निराला को प्रत्याशी घोषित कर दिया है। सिंबल प्राप्त करते ही निराला ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और एनडीए नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वे जनता के भरोसे और संगठन की शक्ति के साथ विकास का नया इतिहास रचेंगे। सिंबल मिलने के बाद निराला सीधे बक्सर पहुंचे, जहाँ कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। नारों और जयघोष के बीच उन्होंने विभिन्न महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल रहा। मीडिया से बातचीत में निराला ने कहा कि राजपुर की जनता लंबे समय से चाह रही थी कि मुझे फिर से सेवा का अवसर मिले। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनता की भावना का सम्मान करते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने यह भी कहा कि यह चुनाव केवल जीत का नहीं बल्कि विकास को नई गति देने का अवसर है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे एनडीए को समर्थन देकर विकास की निरंतरता को बनाए रखें। निराला ने आगे कहा कि जनता का प्रेम और संगठन का विश्वास मेरी सबसे बड़ी ताकत है। मैं पूरी निष्ठा और समर्पण से काम करूंगा और राजपुर को विकास के पथ पर आगे ले जाऊंगा। इस अवसर पर मौजूद जदयू और एनडीए के वरिष्ठ नेताओं ने संतोष निराला को शुभकामनाएं देते हुए भरोसा जताया कि उनके नेतृत्व में राजपुर में विकास का नया अध्याय लिखा जाएगा।

# राजनीतिक दलों के साथ व्यय प्रेक्षकों की बैठक




**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** व्यय प्रेक्षकों अनिल कुमार (विधान सभा क्षेत्र-01 से 05), विनय कुमार कंथेटी (विधान सभा क्षेत्र-06 से 09) की उपस्थिति में आज सभागार में विभिन्न राजनितिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न की गई। बैठक में नगर आयुक्त, नगर निगम बेतिया, लक्ष्मण तिवारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, लालबहादुर राय, व्यय लेखा कोषांग के नोडल पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।इस बैठक में राजनितिक दलों के प्रतिनिधियों को विस्तार से निर्वाचन व्यय लेखा रखने की बाध्यता एवं चुनाव संबंधी सभी खर्चों का पृथक और सही लेखा का संधारण हेतु बताया गया। व्यय प्रेक्षकों द्वारा निर्वाचन में हुए खर्चों का निर्धारण रजिस्टर में संधारित करने हेतु विस्तृत जानकारी दी गयी। व्यय संधारण के लिए प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गयी। नगद खर्च करने सम्बंधी प्रावधान से अवगत कराया गया, बैंक खाता खोलने एवं बैंकिग चौनल से खर्चा करने के बारे जानकारी दी गयी। तीन बार लेखा जाँच के सम्बन्ध में भी बताया गया। रैली, गाड़ी आदि के खर्चे को रजिस्टर में प्रविष्टि के बारे में बताया गया। एजेन्ट के खर्चो को संधारित करने के बारे में भी बताया गया।वहीं व्यय प्रेक्षक अनिल कुमार (विधान सभा क्षेत्र-01 से 05), विनय कुमार कंथेटी (विधान सभा क्षेत्र-06 से 09) जिला पदाधिकारी पश्चिम चम्पारण, ए०डी०एम० लोक शिकायत की उपस्थित में विभिन्न कोषांगों की तैयारी की जानकारी ली गयी।इस बैठक में मीडिया कोषांग, जिला नियंत्रण कक्ष जिला कम्यूनिकेशन कोषांग, सुविधा, समाधान, व्यय लेखा कोषांग आदि के द्वारा अपने-अपने कोषांगों की तैयारी का विस्तृत जानकारी दी गयी।

## पूर्वी चम्पारण जिले के 12 विधानसभा क्षेत्रों में चार प्रेक्षक नियुक्त

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को राजेन्द्र सभागार, समाहरणालय मोतिहारी में निर्वाचन व्यय निगरानी से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण सह समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक निर्वाचन व्यय प्रेक्षकों - गुलजार अहमद वानी, विग्नेश शक्तिवेल, अलुरु वेंकट राव और उनावेकर किरण की अध्यक्षता में आयोजित हुई।जिले के 12 विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 4 व्यय प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं। प्रत्येक तीन विधानसभा क्षेत्रों के लिए एक-एक प्रेक्षक जिम्मेदार होंगे। बैठक प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक चली, जिसमें निर्वाचन व्यय निगरानी से जुड़ी सभी टीमों — वीएसटी, वीवीटी, एफएसटी, एसएसटी, एईओ एवं लेखा टीम के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।बैठक के दौरान निर्वाचन व्यय निगरानी के सभी पहलुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। प्रेक्षकों ने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी स्थिति में बिना समुचित जांच के कोई जब्ती नहीं की जाए।

# एचपीसीएल सुगौली में अग्नि पूजन के साथ पेराई सत्र 2025-26 की तैयारियां हुई शुरू





**मोतिहारी/सुगौली/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एचपीसीएल बॉयोफ्यूल्स लिमिटेड, इकाई-सुगौली चीनी मिल में बॉयलर पूजन कर अग्नि प्रदीपण कर दिया गया। वैदिक मंत्रों के साथ अग्नि प्रज्वलित का बायलर में डाला गया। इसी के साथ आगामी पेराई सत्र 2025-26 की तैयारियों शुरू हो गई है। इस माह के प्रथम सप्ताह में हुई भारी वर्षा की वजह से गन्ना पेराई का कार्य अब नवम्बर माह के प्रथम सप्ताह तक टल गया है। गन्ना खेतों में पानी भरा हुआ है तथा खेतों से गन्ना निकाल पाना इस माह में सम्भव नहीं दिख रहा है।इसलिए गन्ना पेराई कार्य नवम्बर से शुरू किया जाएगा। कारखाने के कार्यकारी महाप्रबंधक श्री रमेश शुक्ला ने बताया कि इस वर्ष 40 लाख क्वींटल गन्ना नवम्बर 2025 से मार्च 2026 के बीच पेराई कर हासील कर लिया जाएगा। सुगौली इकाई के आरक्षित क्षेत्र में 90 प्रतिशत से अधिक रकवे में अगेती प्रजाति के गन्नों की खेती हुई है जिसे अक्टुबर माह के अन्त से पेराई करने की तैयारियाँ थी परन्तु 4 अक्टुबर को हुई भारी वर्षा की वजह से नीचले इलाकों में बाढ़ आ गई है। साथ ही लगभग सभी खेतों में बारीस का पानी जमा हो गया है। ऐसे में पेराई कार्य नवम्बर माह के प्रथम सप्ताह से शुरू किया जाएगा। गन्ना उत्पादक किसानों के हीतों की रक्षा के लिए "सही तौल और समय पर दाम" देने की परम्परा इस वर्ष भी जारी रहेगी। महाप्रबंधक महोदय ने बताया कि मौसम के प्रतिकूल तेवर सभी के लिए चिन्ता का विषय है फिर भी गन्ना की फसल को धान और मक्का की अपेक्षा नुकसान कम होता है। इसलिए उन्होने किसानों से गन्ना की फसल का रकवा बढ़ाने की अपील की।

## रक्सौल से जन सुराज से भुवन पटेल व भाजपा से प्रमोद कुमार सिन्हा होंगे उमीदवार

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रक्सौल विधानसभा क्षेत्र से जन सुराज पार्टी के कपिल देव प्रसाद उर्फ भुवन पटेल को पार्टी नेतृत्व ने सिंबल दे दिया,उनके द्वारा किए गए क्षेत्र में प्रचार प्रसार एवं उनके व्यक्तित्व से प्रभावित जन सुराज के शिष्ट मंडल ने पटना बुलाकर प्रतिक चिन्ह उनके हाथों में सौंपा,जन सुराज पटना के कार्यालय में पहले से ही अधिकारी के रूप में सूत्रधार प्रशांत किशोर, राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह, प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने अपने हाथों से प्रतिक चिन्ह के साथ अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया, भुवन पटेल पहला प्रत्याशी हैं जिन्हें प्रतिक चिन्ह मिला है,और दलों में के कार्यकताओं में उत्सुकता बढ़ रही है की हमारे नेता को अब सिंबल आएगा।

# चुनाव नहीं मतदान करें, नए भारत का निर्माण करें

## हाथों में मेहंदी लगाकर छात्राओं ने दिया मतदान का संदेश



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन में सभी मतदाता अपने मतदान का प्रयोग करें इसके लिए विद्यालयों में विभिन्न प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में संत लौरेंस स्कूल चूहड़ी में छात्राओं के बीच मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रोनाल्ड कुँअर सिंह ने कहा कि पश्चिमी चम्पारण में अधिक से अधिक मतदाता मतदान में शामिल हो इसके लिए हमलोग विद्यालय स्तर पर पोषक क्षेत्र में लगातार मतदाता जागरूकता रैली, प्रभातफेरी, भाषण, निबंध प्रतियोगिता, अभिभावक गोष्ठी आदि का आयोजन कर जागरूकता अभियान चला रहे है। आज छात्राओं ने अपने हाथों में मेंहदी लगाकर मतदान की अपील करते हुए कहा दादी, दीदी, मां, चाची 11 नवंबर भूल ना जाना, मतदान करने जरूर जाना। हाथों पर मेंहदी और उंगली पर मतदान की स्याही का निशान लगाकर लोकतंत्र की मजबूती के मतदान करने जरूर बूथ पर जरूर जाइयेगा। मेहंदी प्रतियोगिता में जिला स्वीप कोषांग की सदस्या रानी कुमारी, उत्तम सिंह, विद्यालय की शिक्षिका जया कुमारी, रुखसाना, ज्योति कुमारी, प्रियंका कुमारी सहित अन्य उपस्थित हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### दस पियक्कड़ गिरफ्तार

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण) /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आचार संहिता लागू होने के बाद से सीमावर्ती क्षेत्र में शराब सेवन करने वाले पियक्कड़ो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है,इस दिशा में स्थानीय थाना प्रभारी पप्पू पासवान ने जगह जगह पुलिस कर्मियों के माध्यम से दस लोगों को हिरासत में लिया गया, जिसमें तुरकौलिया निवासी परितोष कुमार, अभिषेक कुमार, मुजफ्फर पुर कुढ़नी निवासी लटकी मांझी के पुत्र सकल मांझी,मुसयी मांझी के पुत्र प्रमोद मांझी, महेंद्र मांझी के पुत्र बलीद मांझी,गणेशी मांझी के पुत्र रंजित मांझी, बेलवा थाना हरपुर निवासी लगटू मियां के पुत्र आलम मियां, धबधबवा गांव निवासी मसुदी मियां के पुत्र अमेरिका मांझी,भुखल मांझी के पुत्र हरी मांझी, श्यामपुर बाजार निवासी राजू कुमार को न्यायिक हिरासत में आवश्यक कार्रवाई करते हुए भेज दिया गया।

### दो एसएसटी चेक पोस्ट बनाए गए

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव को देखते हुए जितना थाना क्षेत्र में दो एसएसटी चेक पोस्ट बनाए गए हैं।चुनाव को देखते हुए किसी भी तरह के अवांछित तत्व , आर्म्स , कैश सहित शराब तस्कर को पकड़ने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा एसएसटी चेक पोस्ट का निर्माण किया गया है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया है कि एक चेक पोस्ट जगीरहा चौक छठ घाट के पास बनाया गया है। वही दूसरा चेक पोस्ट झंझरा मे एसएसटी चेक पोस्ट का निर्माण किया गया है। इन चेक पोस्ट पर मजिस्ट्रेट के अलावे पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की गई है. जहां अर्ध सैनिक बल सहित जितना पुलिस के जवान भी ऑन ड्यूटी रहेंगे।

### स्कूल के छत का प्लास्टर गिरने से शिक्षक घायल

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के मनवा पारसी पंचायत के प्राथमिक विद्यालय परसी के छत का प्लास्टर गिरने से विद्यालय के प्रधान शिक्षक जख्मी हो गए।जख्मी एचएम की पहचान जयनारायण महतो के रूप में हुई है। बताया जाता है कि प्रार्थना के बाद एचएम अपने कार्यालय में बैठे ही थे। तब तक छत का प्लास्टर उनके सिर पर गिर गया। जिससे वह जख्मी हो गये। विद्यालय के अन्य शिक्षको द्वारा उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया।जहां उनका उपचार किया गया।चिकित्सक डॉ राजेश कुमार ने बताया कि शिक्षक के सिर में चोट आई है। हालांकि वह खतरे से बाहर है उपचार के बाद उन्हें घर जाने की इजाजत दे दी गयी है।वही एचएम ने बताया कि स्कूल भवन काफी जर्जर हो चुका है। अगर समय रहते जर्जर भवनो को दुरुस्त नही किया गया तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

### करंट लगने से दुकानदार की मौत

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के सतवरिया चौक पर एक किराना दुकान में बिजली करंट लगने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना मंगलवार की दोपहर की है। मृतक की वार्ड 11 सतवारिया गाव निवासी सहबोल मिया के रूप में हुई है। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि सहबोल मिया अपनी किराना दुकान की साफ सफाई कर रहा थे।इसी क्रम में वह दुकान में लगे बिजली तार की चपेट में आ गए।दुकान में गिरे देख परिजन उसे अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुचे। जहां चिकित्सक डॉ राजेश कुमार ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### नरकटियागंज के लिए दो एनआर कटा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव को लेकर नामांकन के दूसरे दिन भी नामांकन शून्य रहा। मंगलवार को भी 03 नरकटियागंज विधानसभा और 09 सिकटा विधानसभा के लिए एक भी अभ्यर्थियों का अपना नामांकन दाखिल नहीं किया है। हालांकि दोनों विधानसभाओं के लिए अब तक कुल करीब पांच एनआर कटाए गए हैं। 03 नरकटियागंज विधानसभा के आरओ सह एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता और सिकटा के आरओ सह डीसीएलआर चंद्रशेखर कुमारन ने संयुक्त रूप से बताया कि दूसरे दिन भी नामांकन शून्य रहा है। इधर नरकटियागंज के लिए अब तक दो एनआर तथा सिकटा के लिए कुल तीन एनआर कटाए गए हैं।


**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : राष्ट्रीय जनता दल
***Name of the Election** : बिहार विधान सभा
**Name of State/UT** : बिहार
**(1)** Name of Constituency : **174, इसलामपुर**
Name of the candidate : **राकेश कुमार रौशन**

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन |
| | b. | Case no. | इसलामपुर थाना कांड सं. 629/20, अनुमण्डल हिलसा, जिला - नालंदा, 188/269/270 भा.द.वि. 51 (B) Disaster Management Act 2005 |
| | c. | Name of the Court | प्रथम अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी सह विशेष न्यायालय एमपी/एमएलए नालंदा |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | नहीं |
| | e. | Date of conviction, if any | लागू नहीं |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | लागू नहीं |
| | g. | Any other information required to be given | लागू नहीं |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | राजनीतिक रूप से ये अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है। अपने क्षेत्र में गरीबों के शिक्षा के उत्थान के लिए निरंतर काम करते रहते हैं। शैक्षणिक योग्यता एमए तथा एलएलबी है। |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | वर्तमान विधायक होने के कारण अन्य उम्मीदवारों के तुलना में इनके जितने की संभावना ज्यादा है। |

राष्ट्रीय जनता दल (बिहार प्रदेश) द्वारा प्रकाशित



**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : राष्ट्रीय जनता दल
***Name of the Election** : बिहार विधान सभा
**Name of State/UT** : बिहार
**(1)** Name of Constituency : **90, मीनापुर**
Name of the candidate : **राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव**

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | **1.** धारा 144 का उलंघन, **2.** धारा 144 का उलंघन, **3.** धारा 144 का उलंघन, **4.** धारा 144 का उलंघन, **5.** धारा 144 का उलंघन। |
| | b. | Case no. | (1) नगर थाना मुज. प्राथमिकी सं. 352/19, धारा 188/143/34 भा.द.स. (2) नगर थाना मुज. प्राथमिकी सं. 351/19, धारा 188/143/34 भा.द.स. (3) मिणापुर थाना मुज. प्राथमिकी सं. 283/10, धारा 188 भा.द.स. (4) अहियापुर थाना मुज. प्राथमिकी सं. 609/24, धारा 188/171(G) भा.द.स. |
| | c. | Name of the Court | (1) ए.सी.जे.एम. 01 पूर्वी, GR No. 2131/19 (2) ए.सी.जे.एम. 01 पूर्वी, GR No. 2130/19 (3) न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी पूर्वी, GR No. 3679/2010 (4) सी.जे.एम. GR No. 609/24 |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | (1) नहीं (2) नहीं (3) नहीं (4) नहीं (5) नहीं |
| | e. | Date of conviction, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं (3) लागू नहीं (4) लागू नहीं (5) लागू नहीं |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं (3) लागू नहीं (4) लागू नहीं (5) लागू नहीं |
| | g. | Any other information required to be given | लागू नहीं |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | राजनीतिक रूप से ये अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है। अपने क्षेत्र में गरीबों के उत्थान के लिए निरंतर काम करते रहते हैं। शैक्षणिक योग्यता इंटरमिडिएट हैं। |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | वर्तमान विधायक होने के कारण अन्य उम्मीदवारों के तुलना में इनके जितने की संभावना ज्यादा है। |

राष्ट्रीय जनता दल (बिहार प्रदेश) द्वारा प्रकाशित



**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : राष्ट्रीय जनता दल
***Name of the Election** : बिहार विधान सभा
**Name of State/UT** : बिहार
**(1)** Name of Constituency : **97, पारू**
Name of the candidate : **शंकर प्रसाद**

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | **1.** शान्ति भंग, **2.** मारपिट |
| | b. | Case no. | (1) थाना - पारू 160/2008, धारा 323-504 भा.दि. (2) थाना - सरैया 216/2016, धारा 147, 341, 323, 504 IPC |
| | c. | Name of the Court | (1) कोर्ट नं. 3 न्यायक द. प्रथम श्रेणी मुज. GR No. 1753/08 (2) ACJM-5 West Muzf, GR No. 1505/16 |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | (1) नहीं (2) नहीं |
| | e. | Date of conviction, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं |
| | g. | Any other information required to be given | लागू नहीं |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | राजनीतिक रूप से ये अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है। अपने क्षेत्र में गरीबों के उत्थान के लिए निरंतर काम करते रहते हैं। शैक्षणिक योग्यता इंटरमिडिएट हैं। |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | अन्य उम्मीदवारों के तुलना में इनके जितने की संभावना ज्यादा है। |

राष्ट्रीय जनता दल (बिहार प्रदेश) द्वारा प्रकाशित

# राम लखन सिंह यादव कॉलेज की महिला कबड्डी टीम बनी चैंपियन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के तत्वावधान में आयोजित अंतर-महाविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता 2025-26 में राम लखन सिंह यादव कॉलेज, औरंगाबाद की महिला कबड्डी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने-अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में किशोरी सिन्हा महिला कॉलेज, औरंगाबाद की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया जबकि गया कॉलेज, गया की टीम तृतीय स्थान पर रही। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विजय रजक ने विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि राम लखन सिंह यादव कॉलेज की छात्राओं ने अपनी मेहनत, समर्पण और खेल भावना से यह सिद्ध कर दिया है कि यदि दृढ़ निश्चय हो तो सफलता निश्चित है। यह उपलब्धि पूरे कॉलेज परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने टीम का सफल नेतृत्व एवं प्रतिनिधित्व करने वाले रवि रंजन त्रिपाठी एवं आर्यन कुमार की भूमिका की भी सराहना की तथा दोनों को बधाई दी। कॉलेज के खेल प्रभारी डॉ. विवेक कुमार ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह जीत न केवल खिलाड़ियों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि यह कॉलेज के खेल संस्कृति, अनुशासन और सामूहिक प्रयासों का प्रतिबिंब भी है। इस सफलता से निश्चित रूप से अन्य छात्र-छात्राओं को भी खेलों के प्रति प्रेरणा मिलेगी।




टीम की कप्तान अन्नू कुमारी, उप कप्तान छोटी कुमारी, संध्या कुमारी, आरती कुमारी, शालिनी कुमारी, निशा कुमारी, सुमन कुमारी, सलोनी तथा अन्य खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में आत्मविश्वास, रणनीति और टीम समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

कॉलेज के नैक को ऑर्डिनेटर डॉ. तरुण माथुर, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अरविंद कुमार सिंह, डॉ. नरेश कुमार सिंह, डॉ. रमेश यादव, डॉ. मैतूर रहमान, डॉ. सुगन कुमार, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. चंदन कुमार, डॉ. संजय कुमार रमन, डॉ. दीपक कुमार, प्रधान सहायक कार्तिकेय तिवारी, लेखाकार विवेक कुमार, सहायक जितेन्द्र कुमार, रजाउद्दीन खान, सुमन कुमार, संतन कुमार, लक्ष्मी भूषण कुमार, डब्लू गिरी, एवं छात्र संजय हिमांशु, मनीष कुमार सहित समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों ने टीम की इस ऐतिहासिक जीत पर हर्ष व्यक्त किया और विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के समापन पर पूरे परिसर में उल्लासपूर्ण वातावरण रहा। खिलाड़ियों का स्वागत पुष्पगुच्छ और तालियों की गड़गड़ाहट के साथ किया गया। कॉलेज प्रशासन ने घोषणा की कि इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में टीम को सम्मानित किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना अंतर्गत पालनाघर की स्थापना

**जहानाबाद/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के अंतर्गत समाहरणालय परिसर, जहानाबाद में एक पालनाघर (क्रेच) की स्थापना की गई है। इस पालनाघर का उद्देश्य कार्यालय अवधि के दौरान कार्यरत महिला एवं पुरुष कर्मचारियों को अपने बच्चों की देखरेख हेतु सुरक्षित सुविधा प्रदान करना है।यह सुविधा 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए निः शुल्क उपलब्ध है। कार्यालय अवधि प्रातः 9:15 बजे से सायं 6:00 बजे तक पालनाघर संचालित रहता है। अभिभावकों को बच्चों के लिए भोजन एवं आवश्यक सामग्री घर से ही उपलब्ध करानी होती है। बच्चों की उचित देखभाल के लिए पालनाघर में एक क्रेच वर्कर एवं एक क्रेच हेल्पर कार्यरत हैं, जो बच्चों को खाना खिलाने, डायपर बदलने तथा स्वच्छता एवं सुरक्षा का ध्यान रखते हैं।प्री-स्कूल नामांकन से पूर्व बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु वातानुकूलित माहौल में खेल-खेल में अक्षर ज्ञान, सामाजिक व्यवहार तथा अन्य प्रारंभिक शिक्षण गतिविधियां कराई जाती हैं। वर्तमान में पालनाघर में 5 बच्चे नामांकित हैं, जो नियमित रूप से पालनाघर में आते है।


**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : राष्ट्रीय जनता दल
***Name of the Election** : बिहार विधान सभा
**Name of State/UT** : बिहार
(1) Name of Constituency : 180, बख्तियारपुर
Name of the candidate : अनिरूद्ध कुमार

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | **1.** छल पूर्वक ठगी करना, **2.** नजायज मजमा बनाकर गाली-गलोज चोरी करना भयादोहन के लिए भव में डालना, **3.** बिना अनुमति अवैध रूप से गाड़ी भाड़ा पर रखकर प्रचार कर अचार संहिता का उल्लघन, **4.** बना अनुमति अवैध रूप से गाड़ी भाड़ा पर रखकर प्रचार कर अचार संहिता का उल्लंघन, **5.** बना अनुमति अवैध रूप से गाड़ी भाड़ा पर रखकर प्रचार कर अचार संहिता का उल्लघन, **6.** लोक सेवक द्वारा विधि पूर्वक आदेश का उल्लंघन करना एवं बिना अनुमति लाउड स्पिकर का उपयोग, **7.** छल पूर्व ठगी करना एवं चेक बाउन्स होना, **8.** निषेधाज्ञा का उल्लंघन कर सरकारी कार्य में बाधा डालना, **9.** निषेधाज्ञा का उल्लंघन कर सरकारी कार्य में बाधा डालना, **10.** निषेधाज्ञा का उल्लंघन कर सरकारी कार्य में बाधा डालना, **11.** अवैध रूप से रोड जाम करना, **12.** बिना अनुमति अवैध रूप से गाड़ी भाड़ा पर रखकर प्रचार कर अचार संहिता का उल्लघन, **13.** बिना अनुमति अवैध रूप से गाड़ी भाड़ा पर रखकर प्रचार कर अचार संहिता का उल्लघन। |
| | b. | **Case no.:-** **(1)** बख्तियारपुर थाना कांड सं०-182/2008, जिला-पटना, राज्य-बिहार, धारा 467, 468, 420, 471, 34 भा.द.वि. **(2)** सालिमपुर थाना कांड सं०-125/2014, जिला-पटना, राज्य-बिहार, धारा 147, 148, 149, 323, 384, 386, 379, 504, 506 भा.द.वि. **(3)** बाढ़ (अथमलगोला) थाना कांड सं०-43/2005, जिला-पटना, राज्य-बिहार, धारा 171(एच), 34 भा.द.वि. 133, 136(जी) लो.प्र.अधि. **(4)** बख्तियारपुर थाना कांड सं०-45/2005, जिला-पटना, राज्य-बिहार, धारा 171(एच), भा.द.वि. एवं 3 लो.प्र. अधिनियम **(5)** बख्तियारपुर थाना कांड सं०-33/2005, जिला-पटना, राज्य-बिहार, धारा 171(एच), 34 भा.द.वि. 133, 136 लो.प्र. अधि. **(6)** बख्तियारपुर थाना कांड सं०-297/10, जिला-पटना, राज्य-बिहार, धारा 188 भा.द.वि. एवं 09 वि. ध्वनि वि. एवं वा.नि. अधिनियम 1955 **(7)** परिवाद पत्र सं. 428सी/2009 जिला नालन्दा राज्य बिहार, धारा 420, 406 भा.द.वि. एवं 138 एन. आई. एक्ट **(8)** खुसरूपुर थाना कांड सं०- 129/15, जिला-पटना, राज्य-बिहार, धारा 143, 188, 353 भा.द.वि. **(9)** सालिमपुर थाना कांड सं०- 80/2015, जिला-पटना, राज्य-बिहार, धारा 147, 341, 283, 353 भा.द.वि. **(10)** बख्तियारपुर थाना कांड सं०- 222/2020, जिला-पटना, राज्य-बिहार, धारा 147, 149, 341, 353, 332, 186, 188 भा.द.वि. धारा 51(b) 52/27 of National disaster Management Act 2005 **(11)** सालिमपुर थाना कांड सं०- 266/2019, जिला-पटना, राज्य-बिहार, धारा 147, 149, 341, 353 भा.द.वि. **(12)** सालिमपुर थाना कांड सं०- 124/2015, जिला-पटना, राज्य-बिहार, धारा 188, 171 (C), (H) भा.द.वि. & Section 3 of Bihar Prevention form Defacement of Property Act **(13)** बख्तियारपुर थाना कांड सं०- 57/2009, जिला-पटना, राज्य-बिहार, धारा 171 (H) भा.द.वि. RP Act & 3 of Bihar Prevention form Defacement of Property Act | |
| | c. | **Name of the Court:-** **(1)** अ. मु. न्या. दण्डा.-1 एमपी/एमएलए कोर्ट, पटना **(2)** अ. मु. न्या. दण्डा.-1 एमपी/एमएलए कोर्ट, पटना **(3)** अ. मु. न्या. दण्डा.-1 एमपी/एमएलए कोर्ट, पटना **(4)** अ. मु. न्या. दण्डा. बाढ़ **(5)** अ. मु. न्या. दण्डा. -1 एमपी/एमएलए कोर्ट, पटना **(6)** अ. मु. न्या. दण्डा.-1 एमपी/एमएलए कोर्ट, पटना **(7)** मु. न्या. दण्डा. बिहार शरीफ **(8)** अ. मु. न्या. दण्डा. पटना सिटी **(9)** अ. मु. न्या. दण्डा. बाढ़ **(10)** अ. मु. न्या. दण्डा.-1 एमपी/एमएलए कोर्ट, पटना **(11)** J.M. 1st Class, Barh **(12)** अ. मु. न्या. दण्डा.-1 एमपी/एमएलए कोर्ट, पटना **(13)** अ. मु. न्या. दण्डा. बाढ़। | |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | **(1)** नहीं **(2)** नहीं **(3)** नहीं **(4)** नहीं **(5)** नहीं **(6)** नहीं **(7)** नहीं **(8)** नहीं **(9)** नहीं **(10)** नहीं **(11)** नहीं **(12)** नहीं **(13)** नहीं |
| | e. | Date of conviction, if any | **(1)** लागू नहीं **(2)** लागू नहीं **(3)** लागू नहीं **(4)** लागू नहीं **(5)** लागू नहीं **(6)** लागू नहीं **(7)** लागू नहीं **(8)** लागू नहीं **(9)** लागू नहीं **(10)** लागू नहीं **(11)** लागू नहीं **(12)** लागू नहीं **(13)** लागू नहीं |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | **(1)** लागू नहीं **(2)** लागू नहीं **(3)** लागू नहीं **(4)** लागू नहीं **(5)** लागू नहीं **(6)** लागू नहीं **(7)** लागू नहीं **(8)** लागू नहीं **(9)** लागू नहीं **(10)** लागू नहीं **(11)** लागू नहीं **(12)** लागू नहीं **(13)** लागू नहीं |
| | g. | Any other information required to be given | लागू नहीं |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | राजनीतिक रूप से ये अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है। अपने क्षेत्र में गरीबों के उत्थान के लिए निरंतर काम करते रहते हैं। शैक्षणिक इंटरमिडिएट हैं। |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | वर्तमान विधायक होने के कारण अन्य उम्मीदवारों के तुलना में इनके जितने की संभावना ज्यादा है। |

राष्ट्रीय जनता दल (बिहार प्रदेश) द्वारा प्रकाशित


## छात्रों ने शैक्षणिक परिभ्रमण यात्रा में पटना तारामंडल का किया अवलोकन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** पीएम केंद्रीय विद्यालय जहानाबाद के छात्र-छात्राओं ने पटना स्थित तारामंडल का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान प्राचार्य रविंद्र राम ने शैक्षणिक परिभ्रमण यात्रा के लिए बस को हरी झंडी दिखाकर पटना के लिए रवाना किया। बताया गया कि इस शैक्षणिक भ्रमण में 100 छात्रों के अलावा विद्यालय के 10 शिक्षक भी साथ में शैक्षणिक भ्रमण पर गए हैं। इस दौरान प्राचार्य रविंद्र राम ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण को तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण के पहले चरण की शुरुआत मंगलवार को हुई है आगे और भी छात्र इस शैक्षणिक भ्रमण यात्रा का लाभ उठा पाएंगे। बताया गया कि पटना तारामंडल पहुंचने के बाद छात्रों ने खगोलीय घटनाओं के बारे में गहनता से अवलोकन किया साथ ही उन्होंने 3 डी फिल्म के माध्यम से ब्रह्मांड की उत्पत्ति एवं सौर्यमंडल के स्वरूप को विस्तृत रूप में देखा। इस दौरान छात्रों ने अंतरिक्ष और खगोल विज्ञान से संबंधित प्रदर्शनीयां भी देखी। शैक्षणिक भ्रमण का नेतृत्व अनुभवी शिक्षक अमित कुमार ने किया। भ्रमण के दौरान वरिष्ठ शिक्षिका प्रज्ञा कुमारी, अखिलेश कुमार गुप्ता, विज्ञान शिक्षिका निकहत मोईन, सामाजिक विज्ञान शिक्षक जितेंद्र कुमार, संस्कृत शिक्षक विजय बिहारी मिश्रा, पुस्तकालयाध्यक्ष वेद प्रकाश आर्य एवं प्राथमिक शिक्षिका सुवी सक्सेना उपस्थित रहे।




पूरे शैक्षणिक परिभ्रमण के दौरान छात्र काफी उत्साहित दिखे। तारामंडल को देखने के बाद छात्रों ने खगोलीय विज्ञान में गहरी रूचि दिखाते हुए भविष्य में खगोलीय वैज्ञानिक बनने का संकल्प भी लिया। इस दौरान सभी छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण का प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया। प्राचार्य रविंद्र राम ने छात्रों के लिए इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का उपयोगी बताते हुए इसके कई लाभ बताये, उन्होंने बताया कि बच्चों का मानसिक एवं बौद्धिक विकास के लिए यह काफी महत्वपूर्ण है।


## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जहानाबाद जिला काको नगर इकाई का पुनर्गठन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जहानाबाद काको नगर इकाई का पुनर्गठन मंगलवार को संपन्न हुआ। नगर के प्रमुख कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में आयोजित बैठक में नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई।नई इकाई में रवि कुमार को नगर अध्यक्ष और अंशुमान कुमार को नगर मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। वहीं उत्तम गुप्ता, अबरार सैयद और अंशु कुमार को नगर सह मंत्री बनाया गया है।इसके अलावा अभयानंद को कला मंच संयोजक, अजय कुमार को नगर एस.एफ.एस संयोजक तथा अर्जुन कुमार को एस.एफ.डी संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है।

बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक सुरजीत कुमार ने की। उन्होंने पुरानी कार्यकारिणी को भंग करते हुए नई टीम की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से शिक्षा परिसरों में सकारात्मक वातावरण तैयार करने और छात्र हितों की रक्षा के लिए लगातार कार्य करते आ रहा है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केवल एक छात्र संगठन नहीं, बल्कि यह राष्ट्रीय विचारधारा का एक आंदोलन है जो युवाओं को राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने नवगठित टीम को बधाई दी और संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की आशा व्यक्त की। विभाग संयोजक गोपाल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि एबीवीपी व्यक्ति निर्माण का कार्य करने वाला संगठन है, जिसका उद्देश्य चरित्रवान, राष्ट्रनिष्ठ और समाज के प्रति समर्पित विद्यार्थी तैयार करना है। उन्होंने कहा कि परिषद के कार्यकर्ता सदैव छात्रों की समस्याओं के समाधान और शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्ता व पारदर्शिता स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## 16 अक्टूबर से सोन नद से शुरू होगा बालू खनन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** लगभग तीन महीने की रोक के बाद सोन नदी से 16 अक्टूबर से एक बार फिर बालू खनन शुरू किया जाएगा। बालू का खनन शुरू होने से पहले अवैध खनन, ढुलाई और बिक्री पर नजर रखने के लिए विभाग ने सख्त निगरानी की विशेष व्यवस्था की है। इसकी निगरानी के लिए सीसीटीवी और ड्रोन की सहायता ली जाएगी। खान भू-तत्व विभाग के अनुसार 15 जून को नदियों से बालू खनन बंद होने से पहले तक बालू खनन किया जा रहा था। जानकारी के अनुसार मानसून अवधि में बालू का खनन बंद रहने के दौरान खान एवं भूतत्व विभाग के निर्देश पर बचे हुए बालू घाटों की नीलामी सहित पर्यावरणीय मंजूरी लेने संबंधी प्रक्रिया जारी थी। इधर बालू घाटों से खनन शुरू होने पर राज्य सरकार के राजस्व में वृद्धि होगी। इसके अलावा आम लोगों को निर्माण कार्यों के लिए पहले से अधिक आसानी से उचित कीमत पर बालू उपलब्ध हो सकेगा। बता दें कि विभाग ने वापस खनन की तमाम प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली है। वर्तमान में मानसून अवधि में 15 जून

## पूर्व सांसद डॉ. अरुण कुमार और उनके पुत्र के जदयू में शामिल होने के बाद जोरदार स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद के पूर्व सांसद डॉ. अरुण कुमार और उनके पुत्र ऋतुराज के जदयू की सदस्या ग्रहण करने के बाद मंगलवार को जहानाबाद में उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान जहानाबाद स्थित जदयू कार्यालय में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने पूर्व सांसद और उनके पुत्र का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूलमालाएं और अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। समारोह के दौरान एनडीए समर्थक नारों से कार्यालय गूंज उठा। पूर्व सांसद अरुण कुमार ने कहा कि वे कभी जदयू पार्टी से अलग नहीं हुए थे, बस कुछ नाराजगी के चलते दूर हो गए थे। उन्होंने कहा की जदयू पार्टी को बनाने में हमारी भी भूमिका रही है। नाराजगी थी, इसलिए थोड़े समय के लिए अलग राह पर चले गए थे, लेकिन अब हम घर वापसी कर चुके हैं। विपक्ष में रहकर भी हमने कभी नीतीश कुमार




जी के खिलाफ कुछ गलत नहीं कहा। वे एक अच्छे छवि के ईमानदार और जनप्रिय नेता हैं। उन्होंने आगे कहा कि बिहार ने शिक्षा के क्षेत्र में काफी प्रगति की है। पहले यहां शिक्षा और रोजगार की भारी कमी थी, जिसके चलते युवाओं को बाहर जाना पड़ता था, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। डॉ अरुण कुमार ने कहा कि आज बिहार के युवा समझदार हैं, वे अब राज्य में ही शिक्षा और रोजगार की मांग कर रहे हैं। यह बिहार के लिए एक शुभ संकेत है।इस अवसर पर बड़ी संख्या में एनडीए कार्यकर्ता, स्थानीय नेता और समर्थक मौजूद रहे। समारोह का माहौलउत्साहपूर्ण रहा।

## दो वारंटी गिरफ्तार

**नविबहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** कोर्ट के निर्देश पर खुदवां थाना की पुलिस द्वारा दो वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए वारंटियों की पहचान थाना क्षेत्र के मोख़्तारपुर गांव निवासी मंटू सिंह एवं परिहारा गांव निवासी रौशन कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर विभिन्न अपराधों में फरार अपराध कर्मियों की धर पकड़ की जा रही है। इसी क्रम में कोर्ट के निर्देश पर दो वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है।

## श्रीमद भागवत कथा चार दिवसीय ज्ञान यज्ञ शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** ऊब गांव में चार दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन शुरू हो गया है। कथा स्थल पर गीत-संगीत और भक्ति भाव के बीच भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। तीसरे दिन सोमवार को अयोध्या से पधारी देवी अनुराधा सरस्वती ने भागवत कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भागवत कथा का श्रवण करने से व्यक्ति को पापों से मुक्ति मिलती है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा आती है। देवी अनुराधा सरस्वती ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा के श्रवण से परिवार और स्वयं के जीवन से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। कथा में छिपे रहस्यों से अभिमान खत्म होता है, भक्तों का भाग्य खुलता है और घर में सुख-शांति का वातावरण बनता है। उन्होंने यह भी बताया कि जहाँ भागवत कथा का आयोजन होता है, वहां भूत-प्रेत की नकारात्मक शक्तियों का वास नहीं रहता और पूरे क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा फैलती है। कार्यक्रम के आयोजक एवं प्रबंध निदेशक कपिलदेव संगीत



महाविद्यालय के दिनेश पाण्डेय हैं। प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु इस ज्ञान यज्ञ में भाग लेकर लाभ उठा रहे हैं। देवी अनुराधा सरस्वती के भक्ति गीत और संगीत से उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए। इस अवसर पर पूर्व मुखिया अभिमन्यु शर्मा, राजीव पाण्डेय, दामोदर उपाध्याय, सुशील कुमार पाण्डेय, कौशल किशोर पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, ऋचा कुमारी, बबन शर्मा, कौशल्या कुमारी, ममता देवी, कुंती देवी, और रामजी शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। भक्तों का मानना है कि भागवत कथा का श्रवण करने से न केवल व्यक्तिगत जीवन सुधरता है, बल्कि आस-पास के लोग भी इसका लाभ प्राप्त करते हैं।

## स्कूल से कंप्यूटर चोरी के आरोप में एक युवक सहित दो नाबालिग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जिले के विसुनगंज थाना क्षेत्र के धरौत गांव के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कुछ दिन पूर्व कंप्यूटर सहित अन्य सामानों की अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई थी। इस मामले में विसुनगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसी मामले में विसुनगंज थाने की पुलिस ने एक चोर सहित दो नाबालिक को गिरफ्तार किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि कुछ दिन पूर्व धरौत हाई स्कूल में अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। जिसमें धरौत गांव के ही रविकांत कुमार पिता गणेश दास के साथ दो अन्य नाबालिक युवकों को भी मामले में गिरफ्तार किया गया है। साथ में उन लोगों के पास से चोरी का सामान भी बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सभी लोगों को न्यायिक प्रक्रिया हेतु न्यायालय भेजा गया है।

## हमले में महिला का कटा हाथ, दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** तलवार से हमला मामले में दो अभियुक्तों को कुटुंबा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। इस घटना में महिला की दाएं हाथ की तलाई कट गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान थाना क्षेत्र के छकनबार निवासी जुगेश्वर राजवंशी के पुत्र रंजन कुमार एवं स्व. सुरेश चंद्रवंशी के पुत्र रंधीर कुमार के रूप में की गई है। दरअसल, मामले में उस गांव निवासी सरोज पासवान की पत्नी लक्ष्मी देवी (26) ने सोमवार को प्राथमिकी दर्ज करवाई जिसमें बताया कि आपसी विवाद को लेकर सात लोग मेरे घर में घुस गए और अचानक तलवार से हमला कर दिया जिसमें तलवार रोकने के दौरान दाएं हाथ की तलाई कट गई। घटना के बाद परिजनों द्वारा इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज किया



गया। थानाध्यक्ष मो. इमरान आलम ने बताया कि कांड की गंभीरता के आधार पर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही अन्य अभियुक्तों की तलाश की जा रही है। इनके पास से घटना में प्रयुक्त तलवार बरामद किया गया है। आवश्यक पूछताछ के बाद दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर अपराधों पर अंकुश लगाए जाने को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे। उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# मतदान को लेकर मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** रोहतास जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों में मतदान शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत मंगलवार से प्रखंड एवं जिला स्तर तक मतदान शपथ कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मतदान शपथ को ध्यान रखते हुए सभी मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है और बताया जा रहा है कि शपथ का अनुपालन ईमानदारी पूर्वक करें क्योंकि आपकी ईमानदारी देश और बिहार का भविष्य तय करेगी। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारी समेत रोहतास जिला निवासी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के तहत कई स्लोगन को लोगों के बीच सुनने को मिल रहे हैं जैसे 'पहले जलपान, फिर मतदान' 'आपका वोट, आपका भविष्य'। यह कार्यक्रम ब्लॉक स्तर पर भी आयोजित कराया जा रहा है जिसमें बीडीओ, बीपीआरओ, बीसीओ एवं अन्य के द्वारा मतदान जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान में महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया है। महिलाएं जो कल तक घर में ही सीमित थी। वह आज घर से बाहर निकल कर सभी के साथ कदम से कदम मिला रहीं हैं जो कल तक इन सब चीजों से दूर थी। अभियान के तहत उन्हें बहुत कुछ समझने और जानने का मौका मिल रहा है। महिलाओं के उत्थान के प्रति जीविका अपनी बहुत ही बेहतर भूमिका निभा रहा है। इस भूमिका को आगे बढ़ाते हुए जीविका एवं जीविका की महिलाओं ने इस अभियान को और भी बड़े स्तर पर मजबूत बनाने की ओर अग्रसर है। विशेष कर महिलाओं को मतदान के दिन उनके प्रति सुविधाओं से भी अवगत कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि जो महिला आने में सक्षम नहीं है। उन्हें वहां महिलाओं के लिए अलग से कतार, गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष कमरा इत्यादि की सुविधा दी जाएगी। महिलाओं ने इसके प्रति अपनी खुशी जाहिर की। इस प्रकार देखा जा सकता है कि जिला पदाधिकारी के निदेशानुसार रोहतास जिला में युद्धस्तर पर मतदान जागरूकता कार्यक्रम को चलाया जा रहा है और यह कार्यक्रम अपने अंतिम पड़ाव तक इसी तरह से चलता रहेगा। पदाधिकारी गण ने लोगों से यह अपील और आग्रह कर रहे हैं कि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान में अपनी भागीदारी को सुनिश्चित करें और बढ़-चढ़कर मतदाता अपने वोट का प्रयोग करें।

## सातों विधानसभा क्षेत्रों के लिए आज एक भी नामांकन नहीं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के द्वितीय चरण के तहत 13 अक्टूबर 2025 के अधिसूचना जारी होने के उपरांत रोहतास जिला अन्तर्गत 207 - चेनारी (अ0जा0), 208 - सासाराम, 209 - करगहर, 218 - दिनारा, 212 - डिहरी, 213 - काराकाट में नामांकन की प्रक्रिया शुरू है। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्र दाखिल करने का समय प्रातः 11:00 बजे से शाम 3:00 बजे अपराह्न तक निर्धारित है। निर्धारित समय अवधि के भीतर आज 14.10.2025 को किसी भी अभ्यर्थी द्वारा नामांकन नहीं किया गया है। वहीं 14.10.2025 को कुल 26 एनआर काटा गया। 207- चेनारी (अ0जा0) से पांच, 208- सासाराम से दो, 209- करगहर से पांच, 210- दिनारा से सात, 211- नोखा से दो, 212- डिहरी से एक एवं 213- काराकाट से चार अभ्यर्थियों ने एनआर कटवाया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी उदिता सिंह के निदेशानुसार नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता एवं निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशो के अनुरूप संपन्न कराई जा रही है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम के लिए चलाया गया अभियान




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** स्वच्छता पखवाड़ा के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डीडीयू मंडल ने आज 'सिंगल यूज प्लास्टिक निषेध दिवस' मनाया। इस अवसर पर मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर प्लास्टिक अपशिष्ट के उपयोग और प्रबंधन से संबंधित गतिविधियां संचालित की गईं। विक्रेताओं को सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग के रोकथाम की जानकारी दी गई और स्टॉलों पर विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। प्लास्टिक अपशिष्ट पर नियंत्रण के लिए यात्रियों को जागरूक करने के लिए पोस्टर, घोषणाएं और संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंडल ने पर्यावरणीय जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के लिए यात्रियों, विक्रेताओं और कर्मचारियों को पुनः उपयोग योग्य विकल्पों की ओर प्रेरित किया। इन गतिविधियों का उद्देश्य रेलवे परिसरों को प्लास्टिक मुक्त बनाना और अपशिष्ट प्रबंधन को सुदृढ़ करना रहा। इसी क्रम में डीडीयू मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर आज भी 'अमृत संवाद' कार्यक्रम सक्रिय रूप से जारी रहा। यात्रियों से प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से उनके यात्रा अनुभव, स्टेशन परिसर की स्वच्छता, प्लास्टिक उपयोग पर उनकी राय और सेवा अपेक्षाओं को समझा गया। यात्रियों ने पर्यावरणीय सुधारों और स्वच्छता से जुड़े अपने विचार साझा किए। डीडीयू मंडल द्वारा आज का आयोजन स्वच्छता, पर्यावरणीय जागरूकता और जन सहभागिता को सशक्त करने की दिशा में एक ठोस पहल रहा।

# रोहतास में जदयू को बड़ा झटका

## डॉ. निर्मल कुशवाहा सैकड़ों समर्थकों के साथ जनसुराज में शामिल



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले की राजनीति में आज बड़ा बदलाव देखने को मिला जब जदयू के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी डॉ. निर्मल कुशवाहा ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ जदयू को अलविदा कहकर जनसुराज पार्टी का दामन थाम लिया। जिला कार्यालय सासाराम में आयोजित पत्रकार वार्ता में जनसुराज पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री सुभाष कुशवाहा, जिला प्रभारी कमलेश सिंह एवं जिला पदाधिकारियों की उपस्थिति में डॉ. कुशवाहा ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि बिहार की राजनीति को अब नई दिशा और नए विचार की जरूरत है। प्रशांत किशोर के नेतृत्व में जनसुराज बिहार को ईमानदार राजनीति और विकास की राह पर ले जाने का सामर्थ्य रखती है। पार्टी ने जिस तरह से मुझ पर अपना भरोसा जताया है उसे सासाराम की जनता का भरोसा जीतकर मैं जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर के विश्वास पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूंगा। कुशवाहा जदयू में सासाराम विधानसभा से एक प्रबल दावेदार थे, लेकिन यह सीट एनडीए घटक के रालोमो में चला गया जहां से रालोमो सुप्रीमो उपेन्द्र कुशवाहा की पत्नी चुनाव लड़ेंगी। निर्मल कुशवाहा ने प्रेस वार्ता में सम्बोधित करते हुए कहा कि मैं नीतीश कुमार की कार्यशैली का आज भी प्रशंसक हूं, लेकिन उनके आसपास कुछ घूमने वाले नेताओं ने टिकट बंटवारे में उनके साथ छल किया। उसी छल-प्रपंच का परिणाम है कि मैं अपने को किनारे कर जनसुराज से नाता जोड़ लिया। उन्होंने कहा कि जनसुराज पार्टी की अच्छी सोच, उत्तम विचार और उसके उद्देश्यों से प्रभावित होकर मैं पार्टी में अपना योगदान दिया हूं। यदि पार्टी मुझे सासाराम से अपना प्रत्याशी बनाती है तो मुझे खुशी होगी और यह सीट मैं जीतकर पार्टी-प्रणेता प्रशांत किशोर की झोली में डाल दूंगा। जनसुराज का उद्देश्य है बिहार बदलाव का और बिहार में 14 नवंबर के बाद बदलाव दिखेगा भी। उन्होंने कहा कि सासाराम विधानसभा का जितना विकास होना चाहिए था, नहीं हो सका है। यहां युवाओं के लिए न तो ग्रामीण क्षेत्रों में कोई खेल का मैदान है और न ही रोजगार के लिए कोई ठोस व्यवस्था। इसके अलावे गांवों में अनेक समस्याएं हैं। यदि मुझे मौका मिला तो सासाराम विधानसभा की तस्वीर पूरी तरह से बदली-बदली-सी नजर आयेगी। उन्होंने कहा कि जनसुराज की पहली प्राथमिकता बिहार से पलायन रोकना और बिहार में ही रोजगार का सृजन करना है। निर्मल कुशवाहा ने सासाराम विधानसभा सहित बिहार की जनता का आह्वान किया कि इस बार वोट अपने बच्चे का भविष्य देखकर करें, निश्चित रूप से प्रशांत जी के नेतृत्व में बिहार में बदलाव देखने को मिलेगा। इसके पूर्व डॉ. निर्मल कुशवाहा जदयू के औरंगाबाद लोकसभा प्रभारी समेत संगठन के अनेकों पदों पर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। लंबे राजनीतिक अनुभव, सामाजिक कार्यों और जनसंपर्क के कारण वे क्षेत्र में एक सम्मानित और प्रभावशाली नेता माने जाते हैं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हीरालाल कुशवाहा, जिला प्रभारी कमलेश सिंह, मुख्य प्रवक्ता विनोद तिवारी, जिला महासचिव अतेंद्र सिंह तथा पार्टी के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान श्रीकांत तिवारी, प्रियंका सिंह, कंचन कुमारी, विनय सिंह, रोहित पाण्डेय, अशोक भारती समेत जदयू से आए अनेकों नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। जनसुराज परिवार ने डॉ. कुशवाहा और उनके समर्थकों का स्वागत करते हुए कहा कि इस जुड़ाव से पार्टी को रोहतास जिले में और मजबूती मिलेगी।

## देसी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** दरिहट पुलिस ने सोमवार की रात गुप्त सूचना पर दरिहट सोन नद तट के समीप से तीस लीटर देसी महुआ शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी ने बताया कि बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बना रहे इसके लिए निरंतर छापेमारी व कार्रवाई की जा रही है जहां अवैध कारोबारियों में खौफ पैदा हो सके। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि दरिहट सोन नद तट से एक व्यक्ति शराब लेकर जा रहा है। वहीं सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करते हुए उक्त स्थल पर छापामारी किया गया जहां तीस लीटर देसी महुआ शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया जिसमें दरिहट गांव निवासी रामदास चौधरी के 31 वर्षीय पुत्र रविंद्र चौधरी व भूसहूला गांव के रहने वाले स्वर्गीय रामप्रवेश यादव के 36 वर्षीय पुत्र मोतीलाल यादव है। वहीं मंगलवार को मद्य निषेध उत्पाद अधिनियम 2018 के तहत प्राथमिकी 68/25 दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## दरिहट पुलिस ने भड़कुड़िया में आरोपित के घर चिपकाए इश्तेहार

### आरोपी जल्द करें आत्मसमर्पण नहीं तो होगी कुर्की जब्ती : रवि रंजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** पुलिस ने कोर्ट से निर्गत आदेश पर की कार्रवाई की। दरिहट थाना क्षेत्र के भड़कुडिया गांव में दहेज प्रथा के पुराने मामले में फरार चल रहे शिवनाथ शर्मा के घर पर एसआई कुंदन कुमार ने न्यायालय से निर्गत आदेश पर इश्तेहार को आरोपी के घर पहुंच कर दरवाजे पर इश्तेहार चिपकाया। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी ने बताया कि न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी के विरुद्ध थाना में पूर्व से ही मामला दर्ज किया गया था जिसमें गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है, लेकिन आरोपी पकड़ में नहीं आ रहा है। न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तेहार को आरोपी के घर पर चिपकाया गया है। यदि कुछ दिनों में थाना या न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करता है तो कोर्ट के आदेश पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि दो महिला सहित पांच लोग फरार है जिसमें शिवनाथ शर्मा, रीना देवी, मंडोल शर्मा, प्रदीप शर्मा व आरती देवी शामिल है।

## वर्षों से फरार तीन वारंटी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** आयरकोठा व दरिहट थाना की पुलिस ने सोमवार की रात छापेमारी कर तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायालय में प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी ने बताया कि भड़कुड़िया गांव निवासी मेराज अंसारी का 25 वर्षीय पुत्र रूसतम अंसारी तथा दूसरा चेक बाउंस मामले में वारंटी धरहरा गांव निवासी लालबिहारी सिंह के 32 वर्षीय पुत्र आजाद भारती कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय को सौंप दिया गया है। वहीं दूसरी ओर आयरकोठा पुलिस ने गनुआ गांव से कन्हैया तिवारी के 41 वर्षीय पुत्र राजू तिवारी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया गया।

## समाजसेवी डॉ. जागेश्वर ने बच्चियों को फुटबॉल एवं खेल सामग्री देकर किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड क्षेत्र के रामपुर स्टेडियम में मंगलवार को फुटबॉल खेल में रुचि रखने वाली बच्चों एवं बच्चियों के बीच समाजसेवी डॉक्टर जागेश्वर सिंह ने दीपावली के शुभ अवसर पर फुटबॉल एवं मिठाइयां देकर के महिला फुटबॉल टीम के कप्तान को सम्मानित किया। समाजसेवी डॉक्टर ने बताया कि खेल एक कला है खेल को खेल के भावना से खेलना चाहिए। इसमें हर जीत होती है पर हरने वाले भी सीखते है उन्होंने बच्चियों से कहा कि खेल के साथ पढ़ाई लिखाई भी करें और देश एवं समाज की सेवा में योगदान दे। अनुशासन एवं टीमवर्क का भी टिप्स दिए। ग्रामीण युवाओं को खेल में सक्रिय भागीदारी का अवसर प्रदान करने के लिए बच्चों एवं बच्चियों सहयोग करने की बात कही। मौके पर मुन्ना साह, संतोष पासवान काजू कुमार, भरत राम इत्यादि लोग मौजूद रहे।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

डीडीयू डिविजन के डीडीयू में डबल स्टैक ड्वार्फ कंटेनर के संचालन हेतु सुरक्षा के सम्बन्ध में लाईन संरचना पर कम क्लीयरेंस के तहत इन्सुलेशन शीट लगाने का कार्य।

**खुली ई–निविदा सूचना सं०–टीआरडी–ओ०टी०–06–आईएनएस–शीट–25–26**

नीचे दिये कार्य के लिए प्रमाणित अनुभवी ओईएम/ओईएम का प्राधिकृत प्रतिनिधि रखने वाले और वैध दस्तावेज द्वारा समर्थित सुदृढ़ वित्तीय क्षमता एवं वैध विद्युत लाईसेंस रखने वाले ख्यातिलब्ध ठेकेदार से ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है:

**कार्य का नाम और स्थान:** डीडीयू डिविजन के डीडीयू में डबल स्टैक ड्वार्फ कंटेनर के संचालन हेतु सुरक्षा के सम्बन्ध में लाईन संरचना पर कम क्लीयरेंस के तहत इन्सुलेशन शीट लगाने का कार्य। **अनुमानित रकम :** रू० 1,11,90,625.36, **बयाना राशि :** रू० 206000.00, **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय:** दिनांक 04/11/2025 को 15:00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण जहां ई–निविदा की पूर्ण जानकारी उपलब्ध है:** www.ireps.gov.in

**वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/क०वि०**
**पूर्व मध्य रेल, डीडीयू**

**पीआर/1153/डी०डी०यू०/टीआरडी/टी/25–26/36**

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा निम्न वर्णित पार्किंग स्टैंडो के संचालन हेतु ई–नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है:– **(1) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि – AA/1 :** सासाराम रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या :** Parking-MIX-25, **ई–नीलामी लॉट संख्या :** PARKING-DDU-SSM-FW-14-25-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 24.10.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी। **(2) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि – AB/1 :** अंकोरहा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित तीन पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या :** Parking-MIX-25, **ई–नीलामी लॉट संख्या :** PARKING-DDU-ANH-RW-36-22-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 24.10.2025 को 12:30 बजे शुरू होगी और 12:40 बजे बंद होगी। **(3) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि – AB/2 :** गया रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित तीन पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या :** Parking-MIX-25, **ई–नीलामी लॉट संख्या :** PARKING-DDU-Gaya-RW-18-25-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 24.10.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:50 बजे बंद होगी। **(2) वेबसाईट का पता जहाँ ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है: www.ireps.gov.in (E-auction Leasing)**

**मण्डल रेल प्रबन्धक, (वाणिज्य), डी०डी०यू०**

**पीआर/1152/डी०डी०यू०/सीओएमएमएल/ईएएन/25–26/48**


## यूपी से बिहार आ रहा शराब लदा कंटेनर जब्त, चालक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दुर्गावती।** जीटी रोड पर दहीयाव गांव के समीप एक बन्द पड़े पेट्रोल के समीप मंगलवार को पुलिस ने एक कंटेनर से 3105 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है व चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस को यह कामयाबी गुप्त सूचना के आधार पर मिली। शराब की भारी खेप को उत्तर प्रदेश से जीटी रोड के रास्ते बिहार लाया जा रहा था। एसपी हरिमोहन शुक्ला ने प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि शराब की बड़ी खेप बिहार में लाया जा रहा है। इसके बाद एसडीपीओ प्रदीप कुमार के नेतृत्व में एक जांच टीम गठित की गई। जांच टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जीटी रोड पर उत्तर प्रदेश से आने वाले वाहनों की सघन जांच शुरू कर दी। जैसे ही वाराणसी से मोहनियां के लिए एक कंटेनर आगे बढ़ी पुलिस ने फिल्मी स्टाइल में कंटेनर को ओवरटेक कर रोक लिया।


**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : **Rashtriya Janata Dal**
***Name of the Election** : **Bihar Vidhan Sabha**
**Name of State/UT** : **Bihar**
**(1)** Name of Constituency : **171, Asthawan**
Name of the candidate : **Ravi Ranjan Kumar**

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | **(1) Violation of Code of Conduct** |
| | b. | Case no. | **(1)** FIR No. 503/21 P.S.- Giriyak Katrisarai, Dist-Nalanda U/s- 188, 269, 270 2PC, 141 I.P.C. |
| | c. | Name of the Court | **(1)** A.C.J.M.-1 Biharsharif, Dist-Nalanda |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | **(1)** No **(2)** No |
| | e. | Date of conviction, if any | **(1)** Not Applicable **(2)** Not Applicable |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | **(1)** Not Applicable **(2)** Not Applicable |
| | g. | Any other information required to be given | Not Applicable |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications. achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | He is very popular in his area and is very active for the development and Welfare of his area. His Educational Qualification is B.Sc. No other candidate in Party is as good as him. |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | His probability of winning is hire than other candidates. |

**Published by Rashtriya Janta Dal (Bihar Pradesh)**



**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : राष्ट्रीय जनता दल
***Name of the Election** : बिहार विधान सभा
**Name of State/UT** : बिहार
**(1)** Name of Constituency : 122, सोनपुर
Name of the candidate : डॉ० रामानुज प्रसाद

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | 1. निषेधाज्ञा आदेश का उल्लंघन करना तथा जान बुझकर गंभीर बीमारी को फैलाना, 2.नजायज मजमा बनाकर निषेधाज्ञा आदेश का उल्लंघन करते हुए मारमीट करना |
| | b. | **Case no. :** | (1) सचिवालय थाना कांड सं०-64/2020, धारा- 188, 269, 270 भा०द०वि० एवं 3/4 Epidemic Diseasea Act 51 & Disaster Management Act. (2) सोनपुर थाना कांड सं०-913/2018, धारा- 188, 143, 283, 353, 341 भा०द०वि० |
| | c. | **Name of the Court :** | (1) विशेष न्यायिक दण्डाधिकारी एम०पी०/एम०एल०ए०, पटना (2) विशेष न्यायिक दण्डाधिकारी एम०पी०/एम०एल०ए०, पटना |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | (1) नहीं (2) नहीं (3) नहीं (4) नहीं |
| | e. | Date of conviction, if any | (1)लागू नहीं (2) लागू नहीं (3) लागू नहीं (4) लागू नहीं |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | (1)लागू नहीं (2) लागू नहीं (3) लागू नहीं (4) लागू नहीं |
| | g. | Any other information required to be given | लागू नहीं |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications. achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | राजनीतिक रूप से ये अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है, इनकी शैक्षणिक योग्यता एम०ए० एवं पी०एच०डी० है। |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | वर्तमान में विधायक होने के कारण अन्य उम्मीदवारों के तुलना में इनके जितने की संभावना ज्यादा है। |

राष्ट्रीय जनता दल (बिहार प्रदेश) द्वारा प्रकाशित

# भाजपा ने जारी की प्रत्याशियों की सूची

## सदर से तारकिशोर प्रसाद, प्राणपुर से निशा सिंह और कोढ़ा से कविता देवी को मिला टिकट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी प्रत्याशियों की बहुप्रतीक्षित सूची जारी कर दी है। इस सूची में कटिहार जिले की तीन महत्वपूर्ण सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया गया है। भाजपा ने जहां कटिहार सदर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद पर एक बार फिर भरोसा जताया है। वहीं प्राणपुर सीट से निशा सिंह और कोढ़ा विधानसभा सीट से कविता देवी को अपना उम्मीदवार बनाया है। जैसे ही पार्टी की तरफ से इन नामों की आधिकारिक घोषणा हुई। कार्यकताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। लंबे समय से चल रही अटकलों पर विराम लगने के साथ ही इन प्रत्याशियों के क्षेत्रों में जश्न का माहौल देखने को मिल रहा है। ? सदर विधानसभा से तारकिशोर प्रसाद का नाम घोषित होते ही उनके निवास और कार्यालय पर बधाई देने वालों का तांता लग गया।?वहीं प्राणपुर से निशा सिंह को टिकट मिलने पर भी उनके समर्थकों मे जोरदार उत्साह है।?कोढ़ा विधानसभा क्षेत्र से कविता देवी के नाम की घोषणा से भी कार्यकताओं में उत्साह देखा गया।







## कटिहार सदर सीट से एक उम्मीदवार ने किया नामांकन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार नगर।** विधानसभा चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया जारी है। ऐसे में दूसरे चरण में होने वाले चुनाव क्षेत्र में मंगलवार को नामांकन प्रक्रिया का दूसरा दिन है। कटिहार जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र में दूसरे चरण में मतदान होना है। ऐसे में सभी विधानसभा में नामांकन प्रक्रिया जारी है। लेकिन नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन सदर विधानसभा सीट से अशोक कुमार भगत ने निर्दलीय अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया है। मंगलवार को किया गया नामांकन कटिहार जिला का पहला नामांकन है।



# तीन सौ पचास वर्ष पुराना मां काली मंदिर बना आस्था का केंद्र, दूर-दूर से पहुंच रहे श्रद्धालु

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अमौर।** प्रखंड क्षेत्र के विष्णुपुर पंचायत में स्थित प्राचीन विष्णुपुर काली मंदिर आज भी आस्था और विश्वास का जीवंत प्रतीक बना हुआ है। करीब 350 वर्ष पुराने इस मंदिर में हर वर्ष की तरह इस बार भी भव्य सजावट के साथ मां काली की प्रतिमा स्थापित की गई है। सुदूर राज्यों से श्रद्धालु मन्नतें मांगने और मन्नत पूरी होने पर चढ़ावा चढ़ाने के लिए यहां पहुंच रहे हैं। पूरे परिसर में भक्तिभाव और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।

**इतिहास से जुड़ी अद्भुत किवदंती**

ग्रामीणों के अनुसार, इस मंदिर का इतिहास लगभग तीन शताब्दी पुराना है। कहा जाता है कि तीन सौ वर्ष पूर्व रानीगंज हांसा से एक नवविवाहिता दुल्हन विष्णुपुर गांव के स्व. मुकुंद झा के घर आई थी। मैथिल परंपरा के अनुसार वह अपने आंचल में खोइछा लेकर आई थी, जिसे घर की कुलदेवी को अर्पित किया जाना था। परंतु लाख प्रयासों के बावजूद खोइछा की गांठ नहीं खुल सकी। अगले ही दिन गांव की एक वृद्ध धार्मिक महिला ने बताया कि उन्हें रात में मां काली का स्वप्न आया, जिसमें देवी ने स्वयं को पहुंसरा ड्योड़ी की भगवती बताते हुए कहा कि वे दुल्हन के खोइछा में आई हैं और घर के सामने स्थित बरगद के पेड़ के नीचे अपना स्थान चाहती हैं। दुल्हन का खोइछा उसी बरगद के नीचे खोल कर मां की स्थापना करने को कहा गया।

ग्रामीणों ने स्नान-ध्यान कर नए वस्त्रों में बरगद के नीचे मिट्टी का चबूतरा बनाया, पंडित को बुलाया गया और विधिवत पूजा आरंभ की गई। पूजा के दौरान खोइछा स्वतः खुल गया, जिसे चमत्कार माना गया। खोइछा की सामग्री को मां काली का स्वरूप मानकर वहीं स्थापित किया गया। यही स्थान आज का प्रसिद्ध विष्णुपुर काली मंदिर है।

**बरगद का पेड़ आज भी गवाही देता है चमत्कार का**

वह बरगद का पेड़ आज भी मंदिर परिसर में जीवंत आस्था का प्रतीक बनकर खड़ा है। श्रद्धालु प्रतिदिन उसकी जड़ में दीपक जलाकर मां काली से आशीर्वाद की प्रार्थना करते हैं। प्रारंभिक काल में यहां घास-फूस से बने मंदिर में कार्तिक मास में मिट्टी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जाती थी। बाद में टीन की छत का मंदिर बना, और अब इसके स्थान पर भव्य संगमरमर मंदिर का निर्माण हो चुका है।

**पूजा व्यवस्था और परंपरा**

पूर्व में मंदिर की पूजा-अनुष्ठान व्यवस्था गांव के जमींदार मित्रनाथ झा के देखरेख में होती थी। वर्तमान में उसी परिवार की अगली पीढ़ी के सदस्य देवेशनाथ झा के नेतृत्व में मां काली की पूजा-अर्चना सम्पन्न की जाती है। इस कार्य में स्थानीय ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी बनी रहती है।

**मंदिर की विशेषता और मेला आकर्षण**

मां काली मंदिर की सजावट प्रतिवर्ष कच्चे फूलों से की जाती है, जो इसकी पारंपरिक खूबसूरती को और निखार देती है। काली पूजा के अवसर पर यहां भव्य मेला का आयोजन होता है, जिसमें तरह-तरह के खेल-तमाशे, झूले और मनिहारा की दुकानें सजती हैं। यह आयोजन न केवल धार्मिक उत्सव बन गया है, बल्कि स्थानीय सामाजिक एकता और परंपरा का पर्व भी प्रतीत होता है।

## मखाना उठाने नदी में उतरे व्यक्ति की डूबने से मौत

नवबिहार टाइम्सि संवाददाता

**मनिहारी/कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के कुमारीपुर वार्ड संख्या 05 बैरवाटोला निवासी बैजनाथ मंडल(50) के मछलहट्टा नदी में डूबने से मौत का मामला प्रकाश में आया है। मृतक के भाई बैरवाटोला निवासी युवराज मंडल पिता स्वर्गीय परमानंद ऊरांव ने मनिहारी थानाध्यक्ष को दिये लिखित आवेदन में जानकारी दी है कि उसका भाई बैजनाथ मंडल सोमवार शाम मछलहट्टा धार में मखाना उठाने गया था। जहां गहरे पानी में डूबने से मौत हो गयी। मंगलवार अहले सुबह ग्रामीणों ने शव को नदी में तैरता देखा। पुलिस को सूचित कर शव नदी से बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया है।परिजनों से मिली शिकायत के आलोक मे पुलिस मामला दर्जकर तहकीकात मे जूट गयी है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। कुमारीपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, उप मुखिया गणेश पासवाध, सरपंच अर्जुन मंडल ने बैजनाथ मंडल के डूबने से हुई मौत की जानकारी देते हुए जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

# गोली लगने के बाद भी नहीं झुका हौसला, ट्रैक्टर चालक पहुंचा थाने तक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केनगर/चम्पानगर/पूर्णिया।** सोमवार की देर रात चम्पानगर थाना क्षेत्र के कुम्हरु कामत से बाबा अघोरनाथ शिव मंदिर, प्रसादपुर मार्ग पर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब कचहरी बलुआ से केनगर की ओर जा रहे पाट लोडेड आयशर ट्रैक्टर पर सवार चालक पर घात लगाए तीन अज्ञात अपराधियों ने गोलीबारी कर दी।

गोली लगने के बावजूद घायल ट्रैक्टर चालक ने हिम्मत नहीं हारी और लहूलुहान अवस्था में ट्रैक्टर चलाते हुए लडखड़ाते हुए केनगर चौक पहुंचा। वहां उसने किसी तरह पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही चम्पानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र केनगर में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देखते हुए उसे जीएमसीएच पूर्णिया रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी टू राजेश कुमार स्वयं चम्पानगर थाना पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच चम्पानगर से लेकर सरसी थाना क्षेत्र के मसुरिया गाँव तक की, लेकिन कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग सका। थानाध्यक्ष अनुपम राज ने बताया कि घायल चालक रंजीत कुमार साह (उम्र 31 वर्ष), पिता सुरेश साह, निवासी बांध टोला कचहरी बलुआ, वार्ड संख्या-16 (सरसी थाना क्षेत्र) ने अपने फर्द बयान में बताया कि वह पाट व्यवसायी व ट्रैक्टर मालिक विन्देश्वरी साह के साथ कचहरी बलुआ से गुलाबबाग पटुआ बेचने जा रहे थे। तभी मसुरिया गाँव के पास हीरो बाइक शोरूम से एक ग्लेमर बाइक पर सवार तीन अज्ञात अपराधी उनका पीछा करने लगे। कुम्हरु कामत और प्रसादपुर के बीच अपराधियों ने ओवरटेक करते हुए चार राउंड फायरिंग की, जिसमें एक गोली चालक के बाएं घुटने में लगी जबकि तीन गोली अचूक रही। पुलिस ने ऑपरेशन के दौरान घुटने में फंसी गोली बरामद कर ली है। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला आपसी रंजिश का प्रतीत हो रहा है। इस गोलीकांड से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि रात में नियमित गश्ती होती, तो शायद ऐसी घटना टल सकती थी। लोगों ने यह भी कहा कि चुनावी आचार संहिता लागू होने के बावजूद अपराधियों का मनोबल बढ़ना चिंता का विषय है। उन्होंने जिला पुलिस प्रशासन से इलाके में गहन पुलिस गश्ती बढ़ाने की मांग की है ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

## फुलहारा मुखिया बबलू सोरेन को मनिहारी से बनाया गया जन सुराज पार्टी का प्रत्याशी

**मनसाही/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।।** प्रखंड क्षेत्र के फुलहारा पंचायत से लगातार दो बार से मुखिया का प्रतिनिधित्व कर रहे बबलू सोरेन को जन सुराज पार्टी से मनिहारी सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाए जाने से मनसाही के पंचायत जन प्रतिनिधियों एवं आम लोगों में काफी उत्साह देखा गया। प्रखण्ड प्रमुख प्रतिनिधि गौतम कुमार सिंह,उप प्रमुख संतोष कुमार यादव जिला परिषद प्रतिनिधि खुर्शीद आजाद,मुखिया सह संघ के अध्यक्ष शंकर कुमार यादव आदि ने बताया कि मनसाही - मनिहारी विधानसभा का अंग रहने के बावजूद किसी भी पार्टी का प्रत्याशी मनसाही से नहीं बनाया गया था । मगर पहली बार बबलू सोरेन को मनिहारी विधानसभा से टिकट मिलने से लोगों में काफी खुशी देखी जा रही हैं और यह मनसाही के लिये सम्मान की भी बात हैं ।

# आचार संहिता लागू होते ही पुलिस सक्रिय, सघन वाहन जांच अभियान जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केनगर/पूर्णिया।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू होते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से केनगर पुलिस ने सघन वाहन जांच अभियान तेज कर दिया है।




थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार पटेल ने बताया कि पुलिस कप्तान स्वीटी सहरावत के निर्देश पर बीते कई दिनों से दिन और रात दोनों समय वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। थाना क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहों और मार्गों पर पुलिस पदाधिकारियों की टीम लगातार निगरानी में जुटी है। इसी क्रम में मंगलवार की शाम पुलिस पदाधिकारी रुपाली कुमारी के नेतृत्व में सशस्त्र पुलिस बलों ने व्यापक वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान चार पहिया और दो पहिया वाहनों की डिक्की खोलकर तलाशी ली गई। साथ ही वाहन चालकों से जरूरी कागजातों की भी जांच की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि या चुनावी आचार संहिता उल्लंघन पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत प्रशासन ने जिले में निगरानी व्यवस्था को सशक्त किया है। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष गश्त और निगरानी दल तैनात किए जा रहे हैं, ताकि चुनावी माहौल पूरी तरह निष्पक्ष और भयमुक्त बना रहे।

## नौ किलो गांजा के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**कुरसेला /कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कुसेर्ला थाना पुलिस ने मादक पदार्थो के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए 09 किलोग्राम गांजा के साथ चार तस्कर को गिरफ्तार किया है । जानकारी के अनुसार कुसेर्ला थानाध्यक्ष गुप्त सूचना मिला की एक सवारी बस से चार व्यक्ति गांजा के खेप लेकर कुसेर्ला चैक के तरफ आ रहा हैं। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष अपने पुलिस बल के साथ कुसेर्ला चैक पहुचकर वाहन जाँच किया गया तो वाहन जाँच के क्रम में चार व्यक्ति बस से उतरकर भागनें लगा। जिसको पुलिस बल के सहयोग से चारे व्यक्ति को पकड़ लिया गया एवं पकड़े गये अभियुक्त का नाम-पता पुछने पर आकाश कुमार मंडल ( 20) पिता विकास मंडल विष्णपुर डुमरिया थाना मनशही कटिहार, संजय कुमार मंडल (30) पिता उचित मंडल सिमरा वार्ड न0-03 टिकापट्टी जिला पुर्णिया राजु मंडल ( 28) पिता उचित मंडल सिमरा वार्ड न0-03 टिकापट्टी जिला पुर्णिया एवं लालु मंडल (45) पिता सौदागर मंडल नवाबगंज मिल्की वार्ड न0-12 थाना कुसेर्ला जिला कटिहार बताया ।जिनके पास से 09 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। उसे विधिवत गिरफ्तार किया गया। कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाइ की जा रही है।

## गोदरेज एंटरप्राइजेज समूह बिहार के सुरक्षा बाजार में कर रहा है अपनी पकड़ और मजबूत

■ त्योहारों के मौसम में 25 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य, बिहार के होम लॉकर खंड में 80 प्रतिशत से अधिक बाजार हिस्सेदारी पर कब्जा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** गोदरेज एंटरप्राइजेज समूह के सुरक्षा समाधान व्यवसाय ने आज उन्नत, बेहतरीन डिजाइन वाली तिजोरियों (सेफ) और संस्थागत सुरक्षा से जुड़े उत्पादों की अपनी विस्तृत श्रृंखला के साथ बिहार में अपनी बाजार अग्रणी स्थिति को और मजबूत बनाने की घोषणा की। राज्य के होम लॉकर श्रेणी में 80 प्रतिशत और जौहरी खंड में 60 प्रतिशत की प्रमुख बाजार हिस्सेदारी के साथ, इस व्यवसाय ने त्योहारी मौसम के दौरान होम लॉकर श्रेणी में 25 प्रतिशत बिक्री वृद्धि हासिल करने का लक्ष्य रखा है।

गोदरेज एंटरप्राइजेज समूह के सुरक्षा समाधान व्यवसाय के प्रमुख, श्री पुष्कर गोखले ने इस अवसर पर अपनी टिप्पणी में कहा, बिहार हमारे सबसे मजबूत बाजारों में से एक है, जो सुरक्षा और डिजाइन-आधारित जीवनशैली के प्रति बढ़ती जागरूकता को दशार्ता है। ज्यादा से ज्यादा लोग अपने घरों और संस्थानों के लिए प्रमाणित, खूबसूरत और टेक्नोलॉजी आधारित सेफ लेना चाहते हैं, ऐसे में हम सभी वर्गों के लिए विश्वस्तरीय सुरक्षा सुलभ बनाना चाहते हैं। हम उपभोक्ताओं को प्रमाणित और अनुपालन योग्य सेफ चुनने में मदद करने के लिए चौनल विस्तार, स्थानीय सेवा नेटवर्क और जागरूकता कार्यक्रमों में निवेश कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि इस त्योहारी मौसम में, घरों की ओर से आ रही मांग के बीच बिहार में 25 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि दर्ज होगी।

बिहार में तेजी से बढ़ते शहरीकरण और बढ़ती समृद्धि के मद्देनजर, यह राज्य इस ब्रांड के लिए प्रमुख बाजार के रूप में उभरा है। बैंकिंग और वित्तीय संस्थानों की बढ़ती तादाद, मंहगे आवासों का विकास और प्रमाणित सेफ के बारे में उपभोक्ताओं के बीच बढ़ती जागरूकता विश्वसनीय और आधुनिक सुरक्षा समाधानों की मांग को और बढ़ा रही है। गोदरेज एंटरप्राइजेज समूह का सुरक्षा समाधान व्यवसाय भारतीय उपभोक्ताओं की बदलती आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अपने पोर्टफोलियो का लगातार विकास कर रहा है। इसकी एनएक्स प्रो लक्स, एनएक्स प्रो स्लाइड, एनएक्स सील और राइनो रीगल सीरीज आधुनिक घरों में सुरक्षा के एकीकरण को नए सिरे से परिभाषित करती हैं, जो बायोमेट्रिक एक्सेस, इंटेलिजेंट अलार्म सिस्टम और समकालीन सजावट के अनुरूप डिजाइन किए गए इंटीरियर प्रदान करती हैं।

कंपनी, संस्थागत और आभूषण विक्रेता वर्गों के लिए, शानदार डिजाइन में बेहतर सुरक्षा के लिए तैयार भारत का पहला बीआईएस -प्रमाणित क्लास ई सेफ-डिफेंडर ऑरम प्रो रॉयल की पेशकश करती है। साथ ही एक्यूगोल्ड आईईडीएक्स गोल्ड टेस्टिंग मशीन भी प्रदान करती है, जो सटीक शुद्धता परीक्षण प्रदान करता है। ये उत्पाद जौहरियों, हॉलमार्किंग केंद्रों और बैंकों को विश्वसनीय और अनुपालन समाधान प्रदान करते हैं। सभी सेफ 120 से अधिक वर्षों के विनिर्माण उत्कृष्टता के साथ बनाए जाते हैं और ये उद्योग-अग्रणी नवोन्मेष पर आधारित होते है। यह व्यवसाय बीआईएस और क्यूसीओ अनुपालन जागरूकता को बढ़ावा देने, प्रदर्शनियों, डिजिटल अभियानों और बीआईएस अधिकारियों के साथ सहयोग के जरिये ग्राहकों और जौहरियों को शिक्षित करने में सबसे आगे रहा है। इसके उत्पाद ग्रीनको और ग्रीनप्रो-प्रमाणित इकाइयों में निर्मित होते हैं, जो वहनीय और जिम्मेदार विनिर्माण के लिए दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं।

गोदरेज एंटरप्राइजेज समूह, आने वाले दिनों में, सुरक्षा समाधान व्यवसाय बिहार और पूर्वी भारत में अपने खुदरा और सेवा क्षेत्र का विस्तार करने, स्थानीय रोजगार के अवसर पैदा करने और बिक्री के बाद की सेवा को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहता है। कंपनी ऐसे भविष्य की कल्पना करती है जहां घरेलू सुरक्षा पूरी तरह से कनेक्टेड, स्मार्ट टेक्नोलॉजी, जैसे वाई-फाई कैमरे और इंटेलीजेंट वीडियो डोर सिस्टम, के साथ जुड़ी हो, जिससे हर घर को सुविधा और मन की शांति मिले।

## ऑटो से 51 लीटर विदेशी शराब बरामद, चालक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार नगर।** उत्पाद विभाग ने एक सीएनजी ऑटो से विदेशी शराब की बड़ी खेप को बरामद करने तथा तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इस बाबत उत्पाद अधीक्षक सुभाष सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सीएनजी ऑटो से अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप बंगाल के रास्ते कटिहार लाया जा रहा है। सूचना मिलते ही मद्य निषेध टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रोशना बाजार के पास घेराबंदी कर दी।?सघन जांच के दौरान, संदिग्ध सीएनजी ऑटो को रोका गया।

ऑटो की सामान्य तलाशी में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। लेकिन टीम को गुप्त तहखाने में शराब छिपाए जाने का संदेह हुआ। ऑटो की गहनता से जांच की गई तो उसमें बने एक गुप्त तहखाने का पदार्फाश हुआ।?इस तहखाने को बेहद शातिर तरीके से छिपाया गया था। ताकि किसी को शक न हो। तहखाने से जब शराब की बोतलें बाहर निकाली गईं तो टीम के सदस्य भी हैरान रह गए। विभिन्न ब्रांड की कुल 51.840 लीटर विदेशी शराब पाई गई। यह इतनी बड़ी खेप थी कि तस्कर ने इसे छिपाने के लिए ऑटो में विशेष मॉडिफिकेशन करा रखा था। ?मौके से ही ऑटो चालक मोहम्मद रहमत पिता मो. रहुल आलम साकिन अड़गड़ा चौक जिला कटिहार को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होने बताया कि गिरफ्तार चालक के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही ऑटो को भी जब्त कर लिया गया है।

## शांतिपूर्ण चुनाव कराने को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही/कटिहार।** विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं भय मुक्त माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से मनसाही प्रशासन ने देर शाम सेना के जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च मरंगी चौक से शुरू हो कर विभिन्न मोहल्ले में गुजरते हुए कजरा चौक के पास संपन्न हुई। इस फ्लैग मार्च के माध्यम से प्रशासन ने चुनाव में गड़बड़ी फैलाने वाले लोगों को जहां कड़ा संदेश दिया। वहीं आम लोगों के बीच बिना किसी भय के चुनाव में भाग लेने एवं अपने पसंदीदा उम्मीदवार को वोट देने के लिए प्रेरित किया। फ्लैग मार्च को लेकर लोगों में काफी कोतुहल रहा और चौक चौराहा पर इसकी चर्चा भी हुई। इस फ्लैग मार्च का नेतृत्व अंचलाधिकारी मो. इस्माइल एवं एएसआई ओमप्रकाश महतो कर रहे थे।

# नामांकन को ले समाहरणालय किले में तब्दील सुरक्षा के कड़े इंतजाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल तैनात**

**कटिहार नगर।** विधानसभा चुनाव-2025 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही जिला प्रशासन ने समाहरणालय परिसर और उसके आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। नामांकन स्थल पर शांतिपूर्ण और निष्पक्ष प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए सभी रास्तों पर बैरिकेडिंग की गई है और जगह-जगह दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई है।

नामांकन स्थल पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था और भीड़-भाड़ को रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद दिख रही है। समाहरणालय के सभी प्रमुख प्रवेश मार्गों पर बांस-बल्ले के सहारे बैरिकेडिंग की गई है। जिससे अनधिकृत वाहनों और लोगों का प्रवेश रोका जा सके। साथ ही एक बैनर भी लगाया गया है। जिसपर स्पष्ट तौर पर लिखा है: "बिहार विधान सभा आम निर्वाचन-2025: यहाँ से अंदर वाहन ले जाना मना है। अधिकार प्रवेश वर्जित"। साथ ही ? चप्पे-चप्पे पर दंडाधिकारी और पुलिस ?सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाने के लिए मौजूद है। ये दंडाधिकारी पुलिस बल के साथ मिलकर नियम-कानून का पालन करवा रहे हैं और हर आने-जाने वाले पर पैनी नजर रख रहे हैं। नामांकन स्थल के आसपास की गतिविधि पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो। पहले दिन तो एक भी नामांकन नहीं हुआ । लेकिन नाजीर रसीद कटा । दुसरे दिन भी एक निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अशोक भगत के नामांकन होने की सुचना है। लेकिन पर्ची कटना जारी है ।?कटिहार मुख्यालय में कोढ़ा एससी, प्राणपुर, बरारी और कटिहार सदर विधानसभा का नामांकन होना तय है जो अपर समाहर्ता, उपविकास आयुक्त, डीसीएलआर सदर और अनुमंडल पदाधिकारी सदर के कार्यालय कक्ष में नामांकन निर्धारित है। प्रमुख पार्टियों के उम्मीदवार के नामों की सूची जारी होने पर नामांकन प्रक्रिया में तेजी आने की उम्मीद है । हालांकि भाजपा ने 71 उम्मीदवार की सूची जारी किया है। जिसमें कटिहार जिले के तीन निवर्तमान विधायक का नाम शामिल है ।

# सप्तशक्ति संगम सम्पन्न- नारी जागरण और संस्कृति संरक्षण का हुआ संगम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** विद्या भारती की इकाई मां दुर्गा सरस्वती शिशु मंदिर वासुदेवपुर, बड़हरा कोठी के प्रांगण में मंगलवार को आयोजित सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम नारी शक्ति, भारतीय संस्कृति और सभ्यता के संरक्षण का सशक्त उदाहरण बन गया। मातृशक्ति के उत्साह, श्रद्धा और सांस्कृतिक समर्पण से पूरा परिसर भावविभोर रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांत स्तरीय सप्तशक्ति संगम सह संयोजिका सरोज कुमारी, जिला सह संयोजिका माधवी कुमारी, थाना चौक पूर्णिया के सरस्वती शिशु मंदिर की प्रधानाचार्य मेनका जी, सुखसेना पंचायत की मुखिया सरिता देवी एवं समाजसेविका खुशबू कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन आचार्या रजनीगंधा ने किया, जबकि अतिथियों का



परिचय एवं सम्मान सुश्री प्रियांशी सिन्हा ने किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना मोनिका शैलेश द्वारा रखी गई।

मुख्य वक्ता माधवी कुमारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्या भारती के सभी विद्यालयों में मातृशक्ति जागरण अभियान समाज में संस्कार, आत्मबल और स्वाभिमान को सशक्त बनाने का माध्यम है।

वहीं प्रांत सह संयोजिका श्रीमती सरोज कुमारी ने श्रीमद्भगवद्गीता का उल्लेख करते हुए कहा — 'नारी में श्री, वाक्य, कृति, स्मृति, मेधा, धृति और क्षमा — ये सात शक्तियां निहित हैं।' उन्होंने माताओं से बच्चों को तुलसी पूजन, पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता से जोड़ने तथा मोबाइल के दुरुपयोग से दूर रखने की अपील की। अध्यक्षता कर रहीं मुखिया सरिता देवी ने कहा कि नारी सशक्तिकरण ही सामाजिक उत्थान का आधार है।

कार्यक्रम में इतिहास की प्रेरक नारियों— महारानी लक्ष्मीबाई और सावित्रीबाई फुले के जीवन प्रसंगों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका संचालन आचार्या शताक्षी प्रीतम ने किया। आचार्या प्रियंवदा कुमारी द्वारा प्रस्तुत संस्कृत वंदना ने वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया, जबकि आचार्या बबीता कुमारी ने आभार ज्ञापन किया। इस अवसर पर पूर्णिया विभाग के विभाग निरीक्षक गणेश प्रसाद मौर्य, कोसी विभाग निरीक्षक कृष्ण कुमार प्रसाद, पूर्णिया विभाग संयोजक वीरेंद्र मेहता, पूर्णिया संकुल संयोजक विंदेश्वरी महतो, प्रबंधकारिणी समिति अध्यक्ष अवधेश जायसवाल, उपाध्यक्ष अरुण कुमार झा, प्रधानाचार्य संजय कुमार झा, प्रभारी प्रधानाचार्य कमलेश कुमार, सहित आचार्यगण अरविंद कुमार वर्मा, संजीव कुमार सिंह, रामदेनी यादव, दीपक कुमार, रितेश पांडे, गोविंद कुमार, किशन कुमार, मनीष कुमार, अखिलेश कुमार झा एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। लगभग तीन सौ मातृशक्ति की उपस्थिति ने यह साबित कर दिया कि समाज की दिशा और दशा दोनों के परिवर्तन की शक्ति नारी के हाथों में निहित है। कार्यक्रम का समापन भावनाओं, संस्कृति और चेतना के अद्भुत संगम के साथ हुआ।

# संभावित बाहरी प्रत्याशी के खिलाफ नवीनगर से पटना तक विरोध प्रदर्शन

## पटना से लेकर नवीनगर तक विरोध की तीखी लहर, वीरेंद्र कुमार सिंह को ही उम्मीदवार बनाए जाने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**पटना/औरंगाबाद।** नवीनगर विधानसभा क्षेत्र से जनता दल यूनाइटेड के टिकट पर किसी बाहरी उम्मीदवार के आने की संभावना के खिलाफ जदयू कार्यकर्ताओं का पटना से लेकर नवीनगर तक विरोध प्रदर्शन जारी है। उल्लेखनीय है कि नबीनगर सीट से आनंद मोहन के बड़े सुपुत्र विधायक चेतन आनंद के चुनाव लड़ने की चर्चा पिछले कुछ दिनों से चल रही है। इससे नाराज स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं ने बगावत का बिगुल फूंक दिया है। बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ता मंगलवार को पटना में पार्टी मुख्यालय तथा मुख्यमंत्री के आवास पर पहुंचे तथा वहां उन्होंने नारेबाजी और प्रदर्शन किया। नवीनगर प्रखंड मुख्यालय में भी लगातार विरोध प्रदर्शन जारी है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि चेतन आनंद का कभी कोई संबंध नवीनगर से नहीं रहा और वह कभी भी किसी भी दुख या सुख की घड़ी में नबीनगर के साथ नहीं रहे। यहां तक कि वह नवीनगर से कभी भी जुड़े नहीं रहे और नवीनगर के लोगों के लिए अजनबी हैं। ऐसे में अगर उन्हें उम्मीदवार बनाया जाता है तो पार्टी के साथ-साथ आम जनता भी नाराज हो जाएगी और इससे पार्टी की संभावनाओं का समापन हो जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि नवीनगर में बाहरी उम्मीदवारी की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि पहले से ही जनता दल यूनाइटेड के पास वीरेंद्र कुमार सिंह जैसा सशक्त उम्मीदवार है जो पहले लोकसभा सदस्य रह चुका है और नवीनगर विधानसभा सीट से कई बार जीत हासिल की है। वह नवीनगर के सुख-दुख में हमेशा शामिल रहे हैं तथा स्थानीय निवासी हैं उनका व्यापक जन आधार है और पार्टी कार्यकर्ताओं में भी उनके प्रति बड़ा सम्मान का भाव है। पार्टी के कार्यकर्ताओं के बाहर आम लोगों में भी उनके काफी स्वीकार्यता है ऐसे में उन्हें टिकट न देकर बाहरी उम्मीदवार को टिकट देना अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा होगा। अभी जबकि नबीनगर क्षेत्र में जनता दल यूनाइटेड का काफी प्रभाव विस्तार हुआ है और यह जनता दल यूनाइटेड का गढ़ माना जाता है ऐसे में इस तरह के बेतुके प्रयोग पार्टी की संभावनाओं को खत्म कर सकते हैं।

## चार बच्चों के साथ महिला लापता

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** फ़ेसर थाना क्षेत्र के गोसया गांव से अपने चार बच्चों के साथ एक महिला पिछले 16 दिनों से लापता है। महिला के लापता होने के बाद परिजन परेशान व हताश है साथ ही अनिष्ट की आशंका से दहशत में है। इस संबंध में महिला के पति गणेश ने फ़ेसर थाने में आवेदन देकर अपनी पत्नी तथा चार बच्चों की सकुशल व बरामदगी की गुहार लगाई है। गणेश ने बताया है कि वह अपने घर से किसी काम से दूसरे जगह गया हुआ था। इसी दौरान उनकी पत्नी रीना देवी, अंशु कुमार, लक्ष्मी कुमारी, सुष्मित कुमारी एवं प्रिंशु कुमारी के साथ 28 सितंबर की दोपहर 2 बजे अपनी सास को यह कहकर बाहर निकली कि वह बच्चों के साथ हजारीबाग जा रही है। जब मैं घर पहुंचा तो मां ने इसकी जानकारी दी। थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने बताया कि महिला एवं बच्चे के लापता होने का आवेदन प्राप्त हुआ है। प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## जन सुराज से अर्चना चन्द्र समेत तीन उम्मीदवारों ने भरा पर्चा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विधान सभा चुनाव को लेकर जिले की छह सीटों के लिए चल रहे नामांकन प्रक्रिया के बीच मंगलवार को तीन लोगों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया जिसमें जन सुराज पार्टी व निर्दलीय उम्मीदवार शामिल हैं। नबीनगर विधानसभा क्षेत्र से जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार प्रत्याशी अर्चना चंद्र ने नामांकन पत्र दाखिल किया है जबकि गोह से निर्दलीय प्रत्याशी अमित कुमार एवं औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र से भी एक निर्दलीय प्रत्याशी विनोद प्रसाद चौधरी ने पर्चा भरा है। इस दौरान समाहरणालय परिसर औरंगाबाद एवं दाउदनगर अनुमंडल में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नामांकन कराया गया। ड्रॉप गेट लगाकर हर आने-जाने वालों की जांच की जा रही थी। जांच के बाद नामांकन परिसर के अंदर एंट्री दी जा रही थी। नामांकन स्थलों पर अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु हेल्प डेस्क सेंटर बनाया गया है जहां अभ्यर्थियों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।

## हाइवा की ठोकर से मजदूर की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अंबा थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-139 पर स्टेट बैंक के समीप सड़क पार कर रहे एक मजदूर को तेज रफ्तार हाईवा ने कुचल दिया जिसमें उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के ढिबरा चिल्हियावां गांव निवासी रघुनी चौहान के 45 वर्षीय पुत्र विजय चौहान के रूप में की गई है। सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराने पहुंचे परिजनों ने बताया कि विजय प्रतिदिन की तरह अपने गांव से मजदूरी के लिए निकले थे और स्टेट बैंक के समीप एक भवन के ढलाई के कार्य में लगे हुए थे। इस दौरान ढलाई मशीन कुछ देर के लिए बंद हो गई तो ये सड़क के दूसरी तरफ किसी काम से जा रहे थे तभी तेज रफ्तार हाईवा ने कुचल दिया। स्थानीय लोग उसे इलाज के लिए जा रहे थे। रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। हालांकि इसके वावजूद सदर अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने नब्ज टटोलते उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने जरूरी कार्रवाई के उपरांत शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों ने बताया कि विजय के दो बेटे रंजीत (18 वर्ष), मंजीत (14 वर्ष) और एक बेटी ममता है। बताया जाता है कि विजय के पिता की मौत 15 वर्ष पहले ही हो गई थी। तबसे परिवार की जिम्मेदारी विजय पर था। इस घटना परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और उनका हाल रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से उचित मुआवजा की मांग की है।

# औरंगाबाद के सभी विधानसभा क्षेत्रों में हर क्षण बदल रहा राजनीतिक समीकरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

- **खुलने लगी राजनीति की बिसात, अब सामने आने लगे दावेदारों के चेहरे**
- **औरंगाबाद में जनसुराज ने तीन, भाजपा ने एक और हम ने एक सीट पर खोले पत्ते**
- **अब सबकी निगाहें इंडी अलायन्स, जदयू, लोजपा और रालोसपा की सूची पर**

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और अब राजनीति की बिसात पर एक-एक कर सभी दल अपने पत्ते खोलने लगे हैं। नामांकन प्रक्रिया के साथ ही अब प्रत्याशियों के नाम सामने आने लगे हैं। औरंगाबाद जिला की राजनीति इन दिनों खासा गरमाई हुई है-एक ओर जहां जनसुराज ने तीन विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर सियासी हलकों में हलचल मचा दी है, वहीं भारतीय जनता पार्टी ने औरंगाबाद सदर से अपने प्रत्याशी का नाम घोषित कर सबको चौंका दिया है। हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) ने भी कुटुंबा सीट से पुराने नेता पर भरोसा जताया है। सबसे पहले जनसुराज पार्टी ने औरंगाबाद जिले की तीन सीटों-ओबरा, गोह और नवीनगर से अपने उम्मीदवारों की घोषणा की। ओबरा से सुधीर शर्मा, गोह से सीताराम दुखारी और नवीनगर से अर्चना चंद्र मैदान में होंगी। सुधीर शर्मा लंबे समय से सक्रिय राजनीति में हैं और जनसुराज में आने से पहले वे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश स्तर पर कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। वहीं अर्चना चंद्र एक प्रभावशाली राजनीतिक परिवार से आती हैं, वे बरुण प्रखंड प्रमुख रह चुकी हैं और लोकसभा चुनाव भी लड़ चुकी हैं। क्षेत्र में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है। सीताराम दुखारी पुराने समाजवादी विचारधारा के नेता हैं और जमीनी स्तर पर उनकी सक्रियता व पहचान उन्हें जनसुराज का सशक्त उम्मीदवार बनाती है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि यह तीनों उम्मीदवार त्रिकोणीय मुकाबले में अप्रत्याशित परिणाम दे सकते हैं। दूसरी ओर, भारतीय जनता पार्टी ने औरंगाबाद सदर विधानसभा क्षेत्र से त्रिविक्रम नारायण सिंह को अपना उम्मीदवार बनाकर सियासी समीकरणों को नई दिशा दी है। त्रिविक्रम नारायण सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद गोपाल नारायण सिंह के पुत्र हैं। वे अब तक संगठन में सक्रिय रहे हैं और औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र के प्रभारी के रूप में कार्य कर चुके हैं। माना जा रहा है कि पार्टी ने स्थानीय खींचतान को समाप्त करने और नई ऊर्जा के साथ चुनाव मैदान में उतरने के उद्देश्य से उन्हें प्रत्याशी बनाया है। यह त्रिविक्रम नारायण सिंह का पहला विधानसभा चुनाव होगा। भाजपा पिछले दो विधानसभा चुनावों में यहां हार का सामना कर चुकी है, ऐसे में पार्टी को उम्मीद है कि युवा नेतृत्व और संगठनात्मक अनुभव के मेल से त्रिविक्रम सिंह नया इतिहास रच सकते हैं। इधर, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) ने कुटुंबा विधानसभा सीट से पूर्व विधायक ललन राम पर भरोसा जताया है। ललन राम पहले जदयू के टिकट पर विधायक रह चुके हैं और जिला परिषद सदस्य भी रह चुके हैं। पिछला चुनाव उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लड़ा था। इस बार हम सेक्युलर ने उन्हें पुनः मौका देकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम को सीधी चुनौती दी है। अब जिले की सियासी फ़िज़ा में अगली हलचल का इंतजार है क्योंकि एनडीए में जनता दल यूनाइटेड, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) और राष्ट्रीय लोक समता पार्टी (रालोसपा) की सूचियां अभी जारी नहीं हुई हैं। वैसे माना जा रहा है कि पूर्व विधायक डॉ. रणविजय सिंह गोह से भाजपा के टिकट पर एनडीए के उम्मीदवार होंगे वहीं लोजपा छोड़ जदयू में शामिल हुए प्रमोद कुमार सिंह का रफीगंज से जदयू का उम्मीदवार होना प्रायः तय माना जा रहा है. नबीनगर में एनडीए के उम्मीदवार पर अभी पेंच फंसा हुआ है। जदयू से वीरेंद्र कुमार सिंह का लगभग तय था लेकिन शिवहर से विधायक रहे चेतन आनंद ने भी नबीनगर के लिए दावेदारी की है।अटकलों का बाजार गर्म है, लेकिन औपचारिक घोषणा का इंतजार अब भी बाकी है। इंडी अलायन्स ने भी अपने पत्ते नहीं खोले हैं. राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उम्मीदवारों की ये घोषणाएं न केवल सीटवार समीकरणों को प्रभावित करेंगी, बल्कि जिले के पूरे चुनावी परिदृश्य की दिशा तय करेंगी। आने वाले दिनों में यह स्पष्ट होगा कि कौन-सा दल जनता की नब्ज़ को भांपने में सफल रहता है।

## पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने वर्चुअल किया जजेज कॉलोनी और लॉयर्स हॉल का उद्घाटन

# न्यायिक व्यवस्था में होगा अपेक्षित सुधार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद शहर के रमेश चौक के समीप मंगलवार को नवनिर्मित जजेज कॉलोनी और लॉयर्स हॉल का उद्घाटन वर्चुअल रूप से पटना उच्च न्यायालय के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति पवनकुमार भीमप्पा बजंथरी ने किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण औरंगाबाद में किया गया जहां प्रधान जिला जज राजकुमार वन, फैमिली जज अरुण कुमार, एडीजे वन विश्व विभूति गुप्ता, जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष विजय पांडेय एवं सचिव जगनारायण सिंह ने सामूहिक रूप से दीप जलाकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति पवनकुमार भीमप्पा बजंथरी ने औरंगाबाद के सभी जजों और अधिवक्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दोनों भवनों के उद्घाटन होने के बाद काफी सुविधा होगी और न्यायिक व्यवस्था में अपेक्षित सुधार होगा। प्रधान जिला जज राजकुमार वन ने कहा कि सभी अधिवक्ताओं के वर्षों का इंतजार पूरा हुआ। अब लॉयर्स हाल के माध्यम से उन्हें आधुनिक सुसज्जित वाचनालय, डिजिटल संसाधनयुक्त बैठक हॉल, शौचालय आदि की सुविधा मिलेगी। वहीं जजेज कॉलोनी के माध्यम से अब व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में आने वाले न्यायिक पदाधिकारियों के लिए आवास की समस्या खत्म हो जाएगी। इसमें 10 नया चार बीएचके फ्लैट बना है जो हर तरह की आधुनिक सुविधाओं से लैस है। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल ने किया। समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। मौके पर डीएम श्रीकांत शास्त्री, एसपी अम्बरीष राहुल समेत अन्य जज और अधिवक्ता मौजूद रहे।

## रोगी कल्याण समिति की बैठक

**हसपुरा(नबिटा संवाददाता)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सीएचसी अस्पताल के सभाकक्ष में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग सरकार द्वारा गठित रोगी कल्याण समिति (शासी निकाय) की बैठक हुई। अध्यक्षता समिति के सचिव प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. कुणाल कामख्या नारायण ने की। बैठक में शामिल अस्पताल प्रबंधक मनीष कुमार सहित सदस्यों में गुड्डू पासवान, अरूण सिंह, द्वारिका पासवान, प्रतिनिधि वीरेन्द्र कुमार, मुन्ना सिंह ने अस्पताल में सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे मुलभूत सुविधाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। ऐसे में विशेष रूप से मीटिंग हाल को सभी सुविधा से लैश, इमरजेंसी रूम में रैक, फ़ेमली प्लानिंग डाटा आंपरेटर बैठने की जगह, बेड मरम्मत, अस्पताल के खिड़की-दरवाजा में पर्दा की व्यवस्था करने आदि प्रस्ताव लिया गया।

# 24 घंटे चालू रखें सभी पेट्रोल पंप : श्रीकांत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** आम निर्वाचन-2025 के दृष्टिगत जिले के सभी पेट्रोल पम्प मालिकों एवं संचालकों के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्रीकांात शास्त्री की अध्यक्षता में एक समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित की गयी। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा यह निर्देश दिया गया कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मतदान दलों, सुरक्षा बलों, पर्यवेक्षकों, एवं निर्वाचन से संबंधित सभी वाहनों को निर्बाध रूप से ईंधन की आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि निर्वाचन अवधि के दौरान ईंधन की कमी से किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो, इसके लिए सभी पेट्रोल पम्प मालिक पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल एवं डीजल का सुरक्षित भंडारण करें तथा आवश्यकता पड़ने पर वाहन कोषांग के माध्यम से अतिरिक्त आपूर्ति हेतु समन्वय स्थापित करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक पेट्रोल पम्प को 24 घंटे खुला रखा जाए तथा सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत कूपन के आधार पर ईंधन आपूर्ति की जाए। बैठक में उपस्थित सभी पेट्रोल पम्प संचालकों ने जिला प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी, जिला वाहन कोषांग सुनंदा कुमारी, संबंधित पदाधिकारी एवं संबंधित पेट्रोल पंप के मालिक उपस्थित रहे।

# डिस्पैच सेंटर का डीएम ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** आम निर्वाचन-2025 के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के द्वारा रफीगंज एवं औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र हेतु चिहिनत स्थल सिन्हा कॉलेज में डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा स्ट्रांग रूम परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश, वाहन पार्किंग, संचार प्रणाली, विद्युत आपूर्ति, बैरिकेडिंग, डिस्पैच एवं रिसेप्शन स्थल की तैयारी की गहन समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्वाचन कार्य से संबंधित सभी व्यवस्थाएँ समय से पूर्ण कर ली जाएं। ताकि मतदान कर्मियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने विशेष रूप से यह निर्देश दिया कि स्ट्रांग रूम क्षेत्र में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए तथा सीसीटीवी कैमरा, नियंत्रण कक्ष और प्रवेश-निकास व्यवस्था का निरंतर पर्यवेक्षण किया जाए। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त-सह-निर्वाची पदाधिकारी, रफीगंज विधानसभा क्षेत्र अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद गजाली, वरीय कोषागार पदाधिकारी महंत स्वरूप सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# निर्वाचन में पारदर्शिता व निष्पक्षता बनाए रखने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आम निर्वाचन-2025 के सफल, पारदर्शी एवं निष्पक्ष संचालन के उद्देश्य से मंगलवार को नगर भवन में निर्वाचन व्यय अनुश्रवण से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता खड़कोगर निर्वाचन व्यय प्रेक्षक सुधाकर शुक्ला एवं इशाक रीमान द्वारा की गई। बैठक में व्यय लेखा कोषांग से जुड़े सभी निर्वाची पदाधिकारी सभी नोडल अधिकारी, सहायक व्यय प्रेक्षक, व्यय अनुश्रवण टीमों के प्रभारी, वीडियो निगरानी टीम, स्थैतिक निगरानी दल, उड़नदस्ता दल, मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति के प्रतिनिधि, लेखा सहायक दल, पुलिस विभाग के पदाधिकारी तथा अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान व्यय प्रेक्षक ने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान पारदर्शिता, शुचिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रत्येक व्यय संबंधित कार्यवाही का संधारण, अनुश्रवण एवं सत्यापन किया जाना अनिवार्य है। व्यय प्रेक्षक ने यह भी कहा कि चुनावी व्यय पर निगरानी केवल औपचारिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह निर्वाचन की निष्पक्षता का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। बैठक में व्यय लेखा कोषांग के नोडल पदाधिकारी द्वारा निर्वाचन व्यय की निगरानी से संबंधित विस्तृत प्रस्तुति दी गई। इसमें प्रत्याशियों के व्यय रजिस्टर संधारण, दैनिक व्यय रिपोर्ट संकलन, वीडियो निगरानी टीम के माध्यम से प्रचार सामग्री की रिकॉर्डिंग, मीडिया के माध्यम से प्रसारित विज्ञापनों के अभिलेखों का संधारण तथा व्यय सीमाओं के अनुपालन की विधियों पर विस्तृत चर्चा की गई। व्यय अनुश्रवण टीमों को यह भी निर्देश दिया गया कि वे किसी भी प्रकार की शिकायत या अनियमितता की स्थिति में तुरंत रिपोर्ट प्रस्तुत करें और अपने क्षेत्र में नियमित रूप से निरीक्षण करें। व्यय प्रेक्षक ने उपस्थित अधिकारियों को यह भी बताया कि व्यय अनुश्रवण दलों को राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों, अभियान वाहनों, पोस्टर, बैनर, होर्डिंग, जनसभाओं एवं प्रचार सामग्री पर निगरानी रखनी है ताकि किसी भी प्रकार की अघोषित व्यय या नियम उल्लंघन की संभावना समाप्त की जा सके। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी टीमों के बीच बेहतर समन्वय और संवाद बनाए रखना आवश्यक है जिससे रिपोर्टिंग में किसी प्रकार की देरी या त्रुटि न हो।व्यय प्रेक्षक के द्वारा बताया गया कि निर्वाचन कार्यों में लगे प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मी की जिम्मेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन व्यय निगरानी का उद्देश्य केवल व्यय नियंत्रण नहीं बल्कि मतदाताओं में निष्पक्षता एवं विश्वास की भावना को सुदृढ़ करना है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी अनुश्रवण दल अपने-अपने दायित्वों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ निभाएं तथा समय पर अपनी रिपोर्ट समर्पित करें। बैठक में व्यय प्रेक्षक एवं निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी दलों को यह भी अवगत कराया गया कि निर्वाचन आचार संहिता के किसी भी उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक के अंत में व्यय प्रेक्षक ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराना हम सभी का साझा दायित्व है। इसके लिए प्रत्येक स्तर पर सतर्कता, अनुशासन एवं समर्पण आवश्यक है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने कार्यों का दस्तावेजीकरण साक्ष्य सहित करें ताकि निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित हो सके।

# व्यय अनुश्रवण कोषांग में तैनात कर्मियों की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सुचारू पारदर्शी एवं निष्पक्ष संचालन हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देशन में निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग के अंतर्गत प्रतिनियुक्ति सभी कार्यों एवं दायित्वों का संपादन करने का काम प्रारंभ कर चुके हैं। निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग के सहायक नोडल पदाधिकारी अनामिका सिह की अध्यक्षता में कोषांग में प्रतिनियुक्त वीडियो व्यूइंग टीम की एक बैठक आहूत की गई जिसमें टीम के सभी सदस्यों को उनके दायित्वों एवं कर्तव्यों से अवगत कराया गया। बैठक में वीडियो व्यूइंग टीम के साथ-साथ व्यय लेखा कोषांग के अन्य संबंधित पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। बैठक में सभी सदस्यों को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित व्यय अनुश्रवण संबंधी मानकों, दिशा-निर्देशों एवं प्रोटोकॉल की विस्तृत जानकारी दी गई। वीडियो व्यूइंग टीम के सदस्यों को यह बताया गया कि वे विभिन्न प्रचार माध्यमों जनसभा, जुलूस, वाहन प्रचार, दीवार लेखन, बैनर, पोस्टर एवं सोशल मीडिया गतिविधियों पर सतत निगरानी रखेंगे और इनसे संबंधित वीडियो फुटेज का विश्लेषण कर रिपोर्ट तैयार करेंगे ताकि उम्मीदवारों द्वारा किए जा रहे व्यय का यथोचित और सटीक लेखा निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुरूप रखा जा सके। नोडल पदाधिकारी अनामिका सिह ने सभी प्रतिनियुक्ति कर्मियों को निर्देशित किया कि वे अपने कार्य में पूर्ण निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं तत्परता बरतें और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल रिपोर्ट दर्ज करें। कहा कि निर्वाचन व्यय अनुश्रवण की प्रक्रिया लोकतांत्रिक व्यवस्था की निष्पक्षता सुनिश्चित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सभी कर्मियों से अपेक्षा की गई कि वे निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इस मौके पर कनीय अभियंता विभा कुमारी, काजल कुमारी, रजनीश शेखर, राजेश कुमार, चौधरी पांडेय, निवेदिता गीता कुमारी, खुशबू कुमारी, इलायची कुमारी, मीनाक्षी कुमारी, दुर्गावती कुमारी, परमिता कुमारी सहित मौजूद रहे।